सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
28.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 283



12 नेपोटिज्म से इंडस्ट्री में आगे नहीं जा सकते : आलिया



# बोर्ड-निगम को लेकर प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से हस्तक्षेप की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस संगठन के अंदर बोर्ड निगम को लेकर गुटबाजी फिर चरम पर पहुंच गयी है। प्रदेश कांग्रेस के अंदर पहले से ही प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ आलोक दुबे गुट सक्रिय है। वहीं अब बोर्ड निगम की संभावित सूची को लेकर नया विवाद शुरू हो गया है। कल मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा के नेतृत्व में पार्टी संगठन के फैसले से नाराज नेताओं ने प्रेस वार्ता कर प्रदेश संगठन द्वारा बोर्ड निगम को लेकर भेजी गयी संभावित सूची पर नराजगी जतायी। नेताओं ने कहा कि बोर्ड-निगम के लिए जिन नेताओं की अनुशंसा की गई हैं, उसमें ज्यादा वैसे लोग हैं जो कांग्रेस में कुछ सल पहले ही शामिल हुए थे। कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं और नेताओं को नजरअंदाज किया गया है।




### दूसरे दल से आये लोगों को दी गयी है प्राथमिकता

बोर्ड निगम की संभावित सूची से नाराज प्रदेश कांग्रेस सचिव सुनील सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति आजसू से कांग्रेस में आया उसे विधायक दल के नेता ने 15 सूत्री में जगह दे दी। उन्होंने कहा कि भाजपा और जेवीएम से कांग्रेस में आये में राजीव रंजन प्रसाद, राजद से कांग्रेस में शामिल हुए शमशेर आलम, बंधु तिर्की की पार्टी जनाधिकार मंच में रहीं रमा खलखो का नाम बोर्ड निगम के लिए आ रहा है, यह ठीक नहीं है। कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता ऐसे में खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं और चाटुकारिता करने वाले लोग को इनाम दिया जा रहा है, जिसका पुरजोर विरोध होगा।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष करें हस्तक्षेप : मानस सिन्हा

मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेता मानस सिन्हा ने कहा कि इसके खिलाफ सभी समर्पित कांग्रेसी के हस्ताक्षर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र भेजा जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री को बोर्ड निगम के लिए कांग्रेस की ओर से भेजी गई सूची को वापस लेने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही यह आग्रह किया जाएगा कि वैसे लोग जो कम से कम 15 वर्षों तक कांग्रेस में योगदान दिया है उन्हें ही बोर्ड निगम में जगह दी जाए। मानस सिन्हा ने कहा कि इसके साथ साथ समाज के हर वर्ग को बोर्ड निगम में प्रतिनिधित्व दिया जाए। राज्य के सभी पांच प्रमंडलों से बोर्ड निगम में प्रतिनिधित्व हो ताकि कांग्रेस का जनाधार राज्य भर में बढ़े।

### सूची में उदयपुर चिंतन शिविर के फैसले की अवहेलना

पार्टी नेता भीम कुमार ने कहा कि पार्टी में अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को 50 प्रतिशत जगह देने और 50 प्रतिशत जगह युवाओं को देने के उदयपुर चिंतन शिविर के फैसले की भी अवहेलना की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रभारी अविनाश पांडे, अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने मिलकर यह फैसला लिया है, जिसका विरोध हर स्तर पर किया जाएगा। इस पत्र की कॉपी राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रियंका गांधी, के राजू, राजेश ठाकुर और आलमगीर आलम को भी भेजा जाएगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव शमशेर आलम, पूर्व राष्ट्रीय सचिव, युवा कांग्रेस नेता ज्योतिश यादव, प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश सचिव अरविंद कुमार तूफानी सहित कई नेता मौजूद थे।

# कांग्रेस में बोर्ड-निगम बंटवारे को लेकर विवाद, बाहरी-भीतरी शुरू

**राजेश सिंह**

> राहुल गांधी ने कांग्रेसियों से कहा था- डरो मत लड़ो और कांग्रेसी आपस में ही लड़ने लगे

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस में बोर्ड-निगम बंटवारे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। जब से पार्टी की ओर से बोर्ड-निगम में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नामों की सूची मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपी गयी है, तब से विरोध के स्वर फूटने शुरु हो गये हैं। अलग-अलग नेता और कार्यकर्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजी गयी सूची पर तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। बात अब तो बाहरी-भीतरी तक पहुंच गयी है। कई नेता-कार्यकर्ता इसके विरोध में खुलकर सामने आने लगे हैं। उनका कहना है कि बोर्ड-निगम में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को ही जगह मिले। यदि वैसे लोगों को बोर्ड-निगम में जगह मिलती है, जो दूसरे दलों से कांग्रेस में शामिल हुए हैं, तो उनका विरोध होगा और इसका खामियाजा पार्टी को आगामी चुनाव में भुगतना होगा।

जब से बोर्ड-निगम गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है, तब से पार्टी के अंदर मांग उठनी शुरु हुई कि इसमें पार्टी के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं को जगह मिले, लेकिन प्रदेश कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री को सौंपी गयी सूची में वैसे नेताओं के नाम सामने आये, जो दूसरे दलों से कांग्रेस में शामिल हुए हैं, तो पार्टी के पुराने कार्यकर्ता भड़क गये। एक ओर पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी पूरे देश में घूम-घूमकर पार्टी कार्यकर्ताओं को यह सीख दे रहे हैं कि डरो मत, लड़ो, लेकिन यहां तो आपस में ही भिड़ंत शुरू हो गयी है। हालांकि डरो मत लड़ो का यह स्लोगन राहुल गांधी ने तथाकथित रूप से केंद्र की भाजपा सरकार के संदर्भ में पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने के लिए कहा था, लेकिन यहां तो कांग्रेसी मामूली बोर्ड-निगम को लेकर आपस में ही झकझूमर करने लगे हैं और पार्टी के अपने ही नेताओं के खिलाफ उनको बाहरी बताकर आपस में लड़ने लगे हैं। यहां तक की इस मामले में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय को भी इन्होंने निशाने पर ले लिया है, जो परिस्थितियां फिलवक्त नजर आ रही है, उसमें यदि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजी गयी सूची जारी हो जाती है, तो पार्टी के अंदर भू-चाल आने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

**कोर्ट ने कहा- संज्ञेय अपराध होने पर 7 दिन के भीतर संबंधित थाना में दर्ज करें एफआइआर**

# हाइकोर्ट ने प्रार्थी को अवैध खनन मामले में फर्द बयान दर्ज कराने का दिया आदेश

> पंकज मिश्रा, दाहू यादव समेत अन्य के खिलाफ सीबीआई जांच कराने का किया गया है आग्रह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज में अवैध माइनिंग में पंकज मिश्रा, दाहू यादव समेत अन्य की संलिप्तता की सीबीआई जांच कराने का आग्रह करने वाली तीर्थ नाथ आकाश की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार को कहा कि वह साहिबगंज में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर लोकल पुलिस स्टेशन में जाकर फर्द बयान दर्ज कराएं. अगर आरोप बनता है तो संबंधित थाना इंचार्ज हाईकोर्ट के आदेश के जारी होने की तिथि के 7 दिनों के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराएं।

प्रार्थी की ओर से सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि साहिबगंज में 1000 करोड़ से अधिक का माइनिंग घोटाला हुआ है। इस अवैध माइनिंग के धंधे में सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, उनके सहयोगी दाहू यादव के अलावे अन्य लोगों की संलिप्तता है। इसकी सीबीआई से जांच कराई जाए। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थी से कहा है कि पहले इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए, तभी यह मामला सीबीआई को दिया जा सकता है। इसलिए पहले प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि पहले प्रार्थी लोकल पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करने के लिए फर्द बयान दर्ज कराएं। अगर संबंधित थाना को यह संज्ञेय अपराध दिखता है तो हाई कोर्ट के आदेश के 7 दिनों के भीतर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएं।

# अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप गठित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोलकाता कैश कांड से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी वकील राजीव कुमार एवं कारोबारी अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप तय कर दिया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरूवार को आरोप गठन के दौरान दोनों उपस्थित हुये। आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों के उपर लगे आरोपों के बारे में पूछा। दोनों आरोपियों ने कहा मामले में कहा कि निर्दोष हैं। आगे ट्रायल फेस करेंगे। इसके बाद अदालत ने दोनों के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट के तहत आरोप गठित किया। साथ ही, मामले में अभियोजन पक्ष को गवाह प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अदालत ने इसके लिए 31 मई की तारीख निर्धारित की है। बता दें कि दोनों की डिस्चार्ज अर्जी पिछले दिनों ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी थी। साथ ही, कहा था कि आरोप गठन के दिन दोनों को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहना है।

मालूम हो कि अमित अग्रवाल की शिकायत पर कोलकाता पुलिस ने राजीव कुमार को 50 लाख नकदी के साथ 31 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। यह नकदी अमित अग्रवाल की ओर से दी जा रही थी। 10 अगस्त को इस केस में रांची में ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का केस दर्ज किया था। बाद में ईडी ने अमित अग्रवाल को भी आरोपी बनाते हुये गिरफ्तार किया था।

**पीएम पर दिये आपत्तिजनक बयान पर दी प्रतिक्रिया**

# खड़गे जी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं, ईलाज करायें : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने गुरूवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर दिये गये आपत्तिजनक बयान की कड़ी भर्त्सना की है। श्री प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मानसिक स्थिति खराब हो चुकी है इसलिये एक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपनी मर्यादा भी भूल जा रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने से भी नहीं चूक रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में केवल परिवार की वंदना है। सत्ता के बाहर कांग्रेस मानसिक दिवालियापन की शिकार हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि केवल कर्नाटक ही नहीं बल्कि आनेवाले सभी चुनावों में कांग्रेस को अपनी पराजय साफ-साफ दिखाई पड़ रही है। जब-जब कांग्रेस को अपनी हार दिखाई पड़ती है, उसके नेता अमर्यादित टिप्पणी, आचरण करने लगते हैं। अच्छा होता कि कांग्रेस पार्टी अपनी हार को सहजता से स्वीकार कर लेती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को चाहिये कि मानसिक असंतुलन के शिकार अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का इलाज कांके में करायें। उन्होंने कहा कि मोदी जी पर जितना कीचड़ उछालोगे, कमल उतना ज्यादा खिलेगा।

# आंबेडकर आवास योजना में तय लक्ष्य से पीछे है झारखंड

### राज्य के विभिन्न जिलों में 7725 निर्माण अब भी लंबित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका है। राज्य में 2016-23 तक सभी जिलों में कुल 47855 लाभुकों को लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध केवल 83.86 फीसदी आवास ही पूर्ण करवाया जा सका है। राज्य के विभिन्न जिलों में 7725 आवास का निर्माण कार्य आज भी लंबित है।

**7725 आवास का निर्माण पूरी तरह से लंबित** : योजना के अंतर्गत अभी भी 7725 आवास का निर्माण कार्य पूरी तरह से लंबित हैं। इसमें गढ़वा में 489, पलामू में 609, गिरिडीह में 703, गुमला में 362, लोहरदगा में 173, लातेहार में 265, साहबगंज में 530, चतरा में 280, बोकारो में 360, रामगढ़ में 229,धनबाद में 366, हजारीबाग में 375, सरायकेला में 252, रांची में 381, कोडरमा में 171, देवघर में 256, जमशेदपुर में 343, जामताड़ा में 222 , गोड्डा में 318, सिमडेगा में 153, दुमका में 364 ,चाईबासा में 203, खूंटी में 143 और पाकुड़ में 178 आवास का निर्माण तय समय पर पूरा नहीं हो सका है।



**अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही है बड़ा कारण** : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा उन परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई है, जिनके घर तूफान और ओलावृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हो गये थे। ऐसा होने से सभी जरूरतमंद परिवार बिना किसी आर्थिक परेशानी के अपना घर बनवाकर फिर से सामान्य जीवन जी सकेंगे। लेकिन झारखंड में प्रखंड और पंचायत स्तर के आवास कर्मचारियों के कार्य में उदासीनता और लापरवाही की वजह से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का काम तय समय पर पूरा नहीं हो सका है।

**विधायक प्रदीप यादव का मामला**

# दुमका की निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर हाईकोर्ट की रोक जारी



**रांची।** महिला के साथ यौन शोषण मामले में आरोपी पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव की क्रिमिनल रिव्यू की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी/एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर रोक जारी रखी है। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी सूचक (पीड़िता) अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में उपस्थित हुई। कोर्ट ने उन्हें 10 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 20 जुलाई निर्धारित की। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने सूचक (पीड़िता) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह एवं ललित यादव ने पैरवी की। शिक्षा की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू और गौतम कुमार ने पैरवी की। प्रदीप यादव ने मामले में स्पेशल जज, दुमका द्वारा 2 अप्रैल 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। पीड़िता ने प्रदीप यादव के खिलाफ यौन शोषण मामले में 20 अप्रैल 2019 को देवघर महिला थाना में कांड संख्या 13/ 2019 दर्ज कराई थी। इस मामले में 28 सितंबर 2019 को प्रदीप यादव को झारखंड हाई कोर्ट से बेल मिली है।

## खबर एक नजर में

### पंकज यादव की याचिका खारिज, 5 हजार जुर्माना

**रांची।** झारखंड स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉपोरेशन के अध्यक्ष की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने इस मामले की सुनवाई के बाद याचिका खारिज कर दी। साथ ही जनहित याचिका दाखिल करने वाले प्रार्थी पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने कहा कि यह जनहित याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है। इस संबंध में पंकज यादव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी।

### दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षक नियुक्ति पर हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग से मांगा जवाब

**रांची।** दिव्यांग बच्चों को सभी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत नामांकन लेने और विशेष शिक्षक की नियुक्ति की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिक्षा विभाग की तरफ से शपथ पत्र दायर करने के लिए समय की मांग की गई। जिसके बाद अदालत ने विभाग को एक सप्ताह का समय देते हुए शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 मई तय की गई है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट के आदेश के रूप में जवाब तो तैयार कर लिया गया, लेकिन समय अभाव के कारण वह समय पर दायर नहीं किया जा सका, जिसके लिए समय की मांग की गयी।

### ईडी के पूर्व उप निदेशक की गवाही दर्ज

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े 3500 करोड़ रुपये से अधिक की मनी लाउंड्रिंग मामले में कल ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में लगातार तीसरे दिन ईडी के तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर सह रांची के प्रधान आयकर आयुक्त डॉ प्रभाकांत की गवाही दर्ज की गई। हालांकि गवाही पूरी नहीं हो सकी है। अदालत ने अगली तारीख 17 मई निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान मामले के आरोपी मुध कोड़ा, विनोद कुमार सिन्हा, भाई विकास कुमार सिन्हा और विजय जोशी मौजूद थे। वहीं, मनोज पुनमिया, अरविंद व्यास एवं अनिल बस्तावड़े ने कोर्ट में उपस्थित रहने की छूट की अनुमति ले रखी है।

### आरोपी अरविंद व्यास ने याचिका वापस ली

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अरविंद व्यास, मनोज कुमार और बाबूलाल पुनमिया की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान अरविंद व्यास की ओर से दाखिल याचिका वापस ले ली गयी। अब मामले में केवल मनोज कुमार और बाबूलाल पुनमिया की याचिका की सुनवाई होगी। हाइकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की है। बता दें कि अरविंद व्यास और मनोज पुनमिया दोनों की ओर से ईडी की विशेष अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने को हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी है।

### पंकज मिश्रा के खिलाफ ईडी कोर्ट में गवाही शुरू



**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की मनी लाउंड्रिंग का आरोपी पंकज मिश्रा से जुड़े मामले में ईडी की ओर से गवाही शुरू कर दी गई है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में कल पहले गवाह के रूप में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के परियोजना पदाधिकारी कमलकांत पाठक की गवाही दर्ज की गई। साहिबगंज में अवैध खनन मामले की जांच को लेकर गठित टीम में कमलाकांत पाठक सहयोगी के रूप में शामिल थे। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अतीश कुमार ने गवाही दर्ज कराई। गवाह ने अवैध खनन की जांच में मिले सबूत को अदालत में रखा। अभियोजन गवाही पूरी होने के बाद अब बचाव पक्ष की ओर से गवाह का जिरह किया जायेगा। इसके लिये अदालत ने 3 मई की तारीख निर्धारित की है। साथ ही, मामले में ट्रायल फेस कर रहा पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश एवं बच्चू यादव की वीसी से पेशी की गई। तीनों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। मामले में पंकज मिश्रा व बच्चू यादव पर 27 जनवरी को एवं प्रेम प्रकाश पर तीन मार्च को आरोप तय किया गया था।

### महेंद्र रजक हत्याकांड : डीएसपी और बरही के तत्कालीन थाना प्रभारी की याचिका खारिज

**रांची।** हाईकोर्ट ने डीएसपी सरयू पासवान और बरही थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी जितेंद्र दुबे की याचिका को खारिज कर दी है। सरयू पासवान और जितेंद्र दुबे ने बरही की निचली अदालत द्वारा लिये गये संज्ञान को चुनौती दी थी लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। इस संबंध में मृतक महेंद्र रजक की मां ज्ञानी रजक ने बरही सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज कराया है। ज्ञानी रजक का आरोप है कि डीएसपी सरयू पासवान और तत्कालीन थाना प्रभारी जितेंद्र दुबे ने उनके बेटे को गिरफ्तार किया था और कोर्ट ले जाने से पहले हाजत में ही उसकी मौत हो गयी थी।

### याचिका खारिज, प्रार्थी पर 10 हजार का जुर्माना

**रांची।** हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुखदेव दुबे की जनहित याचिका को खारिज करते हुए 10 हजार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि प्रार्थी ने अपने क्रेडेंशियल के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। दरअसल, प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा था कि 11वीं एवं 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत मल्टी डेवलपमेंट स्कीम प्रोग्राम में जामताड़ा के ऐसे ब्लॉक को सुविधा दी गई है जहां एसटी/ एससी वर्ग की संख्या कम है। इस ब्लॉक के बदले दूसरे वैसे ब्लॉक जहां एसटी/एससी वर्ग के लोगों की संख्या ज्यादा है, वहां मल्टी डेवलपमेंट स्कीम को लागू करने का आग्रह किया गया था। मामले की जांच डीसी, जामताड़ा से कराने का आग्रह भी कोर्ट से किया गया था। सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की।

**स्वास्थ्य मंत्री के अश्लील वायरल वीडियो पर सियासत तेज, निर्दलीय सरयू राय के बाद सीपी सिंह ने पूछे छह सवाल**

# अब भाजपा के सीपी सिंह ने बन्ना पर फोड़ा सवालों का 'बम'

**उदय चौहान**

**रांची।** अब भाजपा के सीपी सिंह ने भी स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ सवालों का 'बम' फोड़ा है। श्री सिंह ने बन्ना गुप्ता के अश्लील वायरल वीडियो पर सवाल दाग कर राज्य की राजनीति को नये तरीके से गर्म कर दिया है। इसके पहले निर्दलीय सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री के अश्लीली वीडियो को लेकर गंभीर आरोप चस्पा किया था। श्री सिंह के इस वायरल वीडियो प्रकरण में कूद पड़ने से बन्ना गुप्ता की मुश्किलें बढ़ गयी है। स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ अब एक साथ कई मोर्चे खुल गये हैं। इससे श्री गुप्ता को श्री राय के अलावा श्री सिंह के सवालों का सटीक जवाब देने का दबाव बढ़ गया है। पिछले चार दिनों में बन्ना प्रकरण झारखंड की राजनीति का सबसे हॉट मैटर बन गया है। इसे लेकर राजनीतिक गलियारे में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

वैसे, बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री श्री गुप्ता ने निर्दलीय विधायक सरयू राय और भाजपा विधायक सीपी सिंह पर एक साथ हमला बोला है। इसके बाद सीपी सिंह स्वास्थ्य मंत्री पर हमलावर हो गये हैं।

दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा था झारखंड में हनी ट्रैप और फनी ट्रैप का माजरा है। श्री सिंह ने अपने पुराने अंदाज में कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री ने बीते बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दरम्यान जिस तरह से पानी की घूंट पी- पीकर उनके( सीपी सिंह) का नाम का जिक्र किया, उससे लगने लगा है कि लोग शराफत को कमजोरी समझने की अक्सर भूल





कर बैठते हैं और यही भूल बन्ना गुप्ता ने भी की है। उन्होंने कहा कि इस कीचड़ में कूदना तो बिल्कुल भी नहीं चाहता था लेकिन बन्ना गुप्ता ने मजबूर कर दिया। दरअसल, बन्ना गुप्ता अपने अश्लील वायरल वीडियो प्रकरण की लीपापोती करना चाहते हैं इसलिये उनका सवाल है कि 24 अप्रैल की रात को उनके फोन नंबर पर रात 1.15 बजे आये कॉल, कॉल उठाने से लेकर काटने तक जो भी 15 से 20 सेकेंड लगा होगा, उसकी पूरी जानकारी मोबाइल नंबर के साथ ही सभी को दे दी है, तो अब किंतु-परंतु कहां है। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल पैसे कमाने का एक बेहद ही घटिया और बेहूदा तरीका शातिर अपराधियों ने इजाद किया है। इसमें जो फंसा वो या तो पैसे देकर पीछा छुड़ा रहा है, कुछ घर छोड़कर भाग गये या तो कुछ ने अपराध बोध में जान ही दे दी। लोगों के बीच इसे लेकर जागरूकता फैलाना जरूरी है। यह भी कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं की बन्ना गुप्ता के मामले को दबाने या छिपाने के लिए उनके या उनके सहयोगियों के ही द्वारा कुछ ऐसा षड्यंत्र किया गया है। एहतियातन तौर पर मैने उत्तर प्रदेश के डीजीपी को भी एक पत्र लिखूंगा (चूंकि नंबर पूर्वी यूपी का बताया जा रहा है) कि जरा वे भी अपने स्तर से पता लगायें कि इन सबके पीछे कौन है? अब क्या बन्ना गुप्ता भी मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर सीबीआई जांच की मांग करने की हिम्मत रखते हैं?

इधर, बन्ना गुप्ता अश्लील वायरल वीडियो को लेकर जितनी मुंह उतनी बातें हो रही हैं। लेनिक, स्वयं श्री गुप्ता ने हनी ट्रैप व फनी ट्रैप का जुमला चला दिया है। इसे लेकर झारखंड में राजनीति की दो धड़े खड़े हो गये हैं। एक पक्ष बन्ना गुप्ता के साथ है तो दूसरा पक्ष उनके खिलाफ। यह पूछा जाने लगा है कि अश्लील वीडियो मामले में कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ? स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और भाजपा विधायक सह पूर्व मंत्री सीपी सिंह के अलावा सरयू राय ऐसे नेता हैं जिनकी चर्चा इन दिनों हर गली, चौक-चौराहे पर हो रही है।

खैर! इस अश्लील वायरल वीडियो के बाद झारखंड में सवालों के झंझावात शुरू हो गये हैं। जल, जंगल और जमीन की बुनियाद पर खड़ा झारखंड में अश्लील राजनीतिक वातावरण हावी हो रहा है। यहां पर कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो अब गौन हो गये हैं और बन्ना प्रकरण पर सियासी तपिश तेज हो गयी है।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
28.04.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, अष्टमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 283



12 नेपोटिज्म से इंडस्ट्री में आगे नहीं जा सकते : आलिया

## न्यूज डायरी

### उच्च न्यायालयों में 13 न्यायाधीश नियुक्त

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 11 न्यायिक अधिकारियों और दो अधिवक्ताओं को विभिन्न उच्च न्यायालयों का अतिरिक्त न्यायाधीश और न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति की है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू गुरुवार को ट्वीट कर ये जानकारी दी।

### जेजेएमपी के एरिया कमांडर ने किया सरेंडर

**लातेहार।** नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के एरिया कमांडर सत्येंद्र उरांव ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के इरगु गांव का रहने वाला है।

### हिमाचल प्रदेश में बेचे गये झारखंड के नौ बच्चे मुक्त

**लातेहार।** मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटीयू) थाना लातेहार ने गारू थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हिमाचल प्रदेश में बेचे गये छह नाबालिग समेत नौ बच्चों को मानव तस्करों से मुक्त कराया है।

### फंदे से लटकता मिला भाजपा नेता का शव

**मेदिनीनगर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मनातू मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह का शव गुरुवार को एक पेड़ पर फंदे से लटका मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका गिरफ्तारी की मांग की।

### गोड्डा में आज एफएम की शुरुआत करेंगे मोदी

**गोड्डा।** पीएम मोदी शुक्रवार को गोड्डा आकाशवाणी में एफएम रेडियो का उद्घाटन ऑनलाइन करेंगे। इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने दी है। गोड्डा में प्रसार भारती का पहले से ही रिले सेंटर का कार्यालय है। उसी में अब 103.6 मीटर फ्रीक्वेंसी पर दिल्ली से प्रसारित कार्यक्रम गोड्डा जिला मुख्यालय से 20 किमी की दूरी तक सुनाई देगा। लोग विविध भारती और संगीत के अलावा समाचार भी सुन पायेंगे। इसके लिए रांची की टीम ने गोड्डा कार्यालय का दौरा भी किया।

### लालपुर में दिनदहाड़े छह लाख रुपये की लूट

**रांची।** लालपुर में गुरुवार को बेखौफ अपराधियों ने बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे बिल्डर के कर्मचारी से पिस्टल के बल पर दिनदहाड़े छह लाख रूपए लूट लिये। पीड़ित व्यक्ति रंजीत लालपुर स्थित आईसीआईसीआई बैंक से रुपये निकालकर लौट रहा था थे, तभी डिस्टलरी पुल के पास पहले से घात लगाकर बैठे दो अपराधियों ने रंजीत को रोक लिया। इसके बाद हथियार के बल पर अपराधियों ने रंजीत से पैसे लूट लिये, जब रंजीत ने उनका विरोध किया तो अपराधियों ने रंजीत की जमकर पिटाई कर दी और पैसे लेकर वहां से फरार हो गये। अपराधियों के हमले में रंजीत बुरी तरह से जख्मी हो गये। इस मामले में सिटी डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि लालपुर इलाके में एक लूट की सूचना मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

**बिल्डर का कर्मचारी है रंजीत :** मिली जानकारी के अनुसार प्रज्ञा तिवारी नाम की एक महिला बरियातू इलाके में कोई प्रॉपर्टी खरीद रही है। उसी के एवज में छह लाख रुपये का चेक महिला ने बिल्डर के कर्मचारी रंजीत को दिया था। बिल्डर के द्वारा भेजे जाने के बाद रंजीत लालपुर स्थित आईसीआईसीआई बैंक गया था और वहां से पैसे निकाल कर वापस बिल्डर के दफ्तर जा रहा था तभी अज्ञात अपराधियों के द्वारा उससे पैसे लूट लिये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

## कैबिनेट से उत्पाद नीति में संशोधन समेत 26 प्रस्तावों को मंजूरी, संविदाकर्मियों के मानदेय तय

# राज्यकर्मियों को अब 42 % डीए मिलेगा

- सहायक अध्यापकों का मानदेय बढ़ा एसटी-एससी जाति प्रमाण पत्र के नये फॉर्मेट की स्वीकृति
- नगर निकाय चुनाव होने तक 34 प्रशासकों की होगी नियुक्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को 26 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। यह बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित कैबिनेट कक्ष में हुई थी। बाद में कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि सीएम की मौजूदगी में 26 प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। कैबिनेट ने सातवें वेतनमान प्राप्त राज्य कर्मियों का 4 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ाने पर स्वीकृति दी है। अब, 42 फीसदी महंगाई भत्ता का लाभ 1 जनवरी 2023 की तिथि से सभी कर्मियों को मिलेगा। बढ़े महंगाई भत्ता का लाभ पेंशनभोगी या पारिवारिक पेंशन भोगियों को भी मिलेगा। वहीं, अपुनरीक्षित वेतनमान वाले कर्मियों का डीए 212 प्रतिशत से बढ़ा कर 221 प्रतिशत किया गया है। अपुनरीक्षित पेंशन भोगियों का डीए 221 प्रतिशत किया गया।

**कैबिनेट ने उत्पाद नीति में संशोधन :** कैबिनेट की बैठक में उत्पाद नीति में संशोधन को मंजूरी दी गयी। शराब नीति में संशोधन के तहत जी एसबीसीएल को अगले 4 महीने तक खुदरा दुकान चलाने की अनुमति दी गयी। 1 मई 2023 से या व्यवस्था लागू होगी। यह वैसे जिलों में लागू हुआ जहां अभी तक प्लेसमेंट एजेंसी का चयन नहीं हुआ है। इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी।

- अपुनरीक्षित वेतन वाले कर्मियों का डीए 212% से बढ़ कर 221% हुआ
- 42% महंगाई भत्ता का लाभ 1 जनवरी 2023 से सभी को मिलेगा
- 18 ग्रेड पे के तहत 25600 और अन्य शहरों में 24400 वेतनमान तय
- सहायक अध्यापकों को 57,700 और 56,100 रुपये मिलेंगे

### सातवें वेतनमान के अनुरूप निर्धारण

कैबिनेट की बैठक में राज्य के संविदा कर्मियों की संविदा राशि का निर्धारण किया गया। इनका वेतन निर्धारण सातवें वेतनमान के अनुरूप किया गया। 1 से 15 अलग-अलग लेबल है। रांची, धनबाद बोकारो और जमशेदपुर में 18 ग्रेड पे के तहत 25600 रुपये और अन्य शहरों में 24400 वेतनमान तय हुआ। उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित अभियंत्रण महाविद्यालय राजकीय पॉलीटेक्निक कार्यो के सुचारू रूप से संचालन के लिए स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक व्याख्याता के मानदेय बढ़ोतरी तथा गेस्ट फैकल्टी की सेवा देने की स्वीकृति दी। सहायक अध्यापकों को 57,700 और 56,100 रुपये मिलेंगे। इसी तरह रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों एवं उच्च महाविद्यालय में शिक्षण कार्य का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक अध्यापकों का 57100ए रुपये मानदेय किया गया। जेपीएससी के द्वारा सहायक अध्यापक के पद पर नियमित बैकलॉग नियुक्ति तथा पैनल का अवधि विस्तार किया गया तथा गेस्ट फैकल्टी की सेवा प्रदान करने की मंजूरी दी गयी। राजकीय मेडिकल कॉलेज में इंटर्न्स की वृतिका का पुनरीक्षण एवं झारखंड चिकित्सा सेवा नियुक्ति प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गयीण निजी मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण शुल्क तय किया गया।




### मोटरयान संवर्ग नियमावली को मंजूरी

कैबिनेट ने एसटी- एससी के जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए नये फॉर्मेट की स्वीकृति दी गयी। भारत सरकार के अनुरूप प्रपत्र पांच सभी स्तरों में लागू होगा। इसके तहत केंद्रीय संस्थानों इत्यादि में नामांकन या नियुक्ति के लिए या लागू था। वहीं,अब झारखंड में भी यह पपत्र पांच ही लागू होगा। पहले झारखंड में फॉर्मेट 4 से प्रमाण पत्र बनता था। उन्होंने बताया कि राज्य औषधि नियंत्रण सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी दी गयी है। झारखंड अवैध खनन अभियंत्रण सेवा शर्त संशोधन नियमावली की मंजूरी दी गयी। दोनों ही मामले में झारखंड से मैट्रिक इंटर पास करने के बाध्यता को शीथिल किया गया। प्रवासी मजदूरों के मृत होने पर उनके शरीर को उनके पैतृक आवास में लाने के लिए पहले 25,000 की राशि सरकार देती थी उसे बढ़ा कर 50 हजार किया गया। झारखंड मोटरयान संवर्ग नियमावली 2023 की मंजूरी दी गयी। राज्य में क्रिमिनल ट्रैकिंग सिस्टम डेवलप करने के लिये योजना लायी गयी है। राज्य में नगर निकाय चुनाव होने तक 34 नगर निकायों में प्रशासक की नियुक्ति होगी। यह प्रशासक निकाय कहीं कार्यालय प्रधान नगर आयुक्त इत्यादि होंगे।

## ठेकेदार से दिल्ली व दो से रांची में पूछताछ

# अब इडी जांचेगी सीओ, सीआइ समेत हल्काकर्मियों की संपत्ति!

### आर्मी लैंड स्कैम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड में जमीन घोटाले में मनी लांड्रिंग के तहत प्रवर्तन निदेशालय (इडी) जांच कर रही है। इडी की टीम ने जमीन घोटाले से संबंधित भू-माफिया के द्वारा जमीन गड़बड़ी के मामले में पूर्व में ही सात आरोपियों को जेल भेज दिया है। चेशायर होम वाली जमीन के बंदरबांट के मामले में शेखर कुशवाहा व प्रियरंजन सहाय से इडी के अधिकारी रांची में पूछताछ कर रहे हैं। वहीं, ठेकेदार विपिन सिंह ने दिल्ली इडी कार्यालय में बुधवार की देर शाम सरेंडर कर दिया है। वहीं उससे पूछताछ हो रही है। इधर, इडी ने कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। इडी सूत्रों के मुताबिक, अब रांची अंचल में कार्यरत सीओ, सीआई व हल्का कर्मचारियों की संपत्ति की भी जांच की जायेगी। इडी सैन्य जमीन की खरीद बिक्री और चेशायर होम के पास से चार एकड़ 83 डिसमिल जमीन की जांच कर रही है। जमीन के घोटाले से संबंधित लोगों के यहां छापेमारी करने के क्रम में इडी को बहुत कुछ पता चला है। वहीं, दूसरी ओर आर्मी लैंड स्कैम में पूछताछ के क्रम में शहर के कई इलाके से लगभग 22 लोगों ने फर्जी तरीके से जमीन बेचे जाने की लिखित शिकायत इडी से की थी। तब इडी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच की, इसी क्रम में बुधवार की सुबह से ईडी ने कार्रवाई की। इडी से जमीन घोटाले के मामले में जहां एक ओर मोरहाबादी में बिल्डर विपिन सिंह के फ्लैट को सील किया है।

(शेष पेज 11 पर)

# डीएम हत्याकांड में आनंद मोहन रिहा

**पटना।** गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी कृष्णैया हत्याकांड में सजायाफ्ता पूर्व सांसद आनंद मोहन रिहा हो गये हैं। गुरुवार की सुबह वह सहरसा मंडल कारा से बाहर निकले। उधर, दिवंगत डीएम के परिवार ने उनकी रिहाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार से फैसले को वापस लेने की मांग की है। जेल अधीक्षक अमित कुमार ने उनकी रिहाई की पुष्टि की है।



- जी कृष्णैया की बेटी बोलीं- सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं

नीतीश सरकार ने हाल में ही बिहार कारा हस्तक 2012 के नियम में संशोधन कर आनंद मोहन की रिहाई में आ रही कानूनी अड़चन को समाप्त कर दिया था। आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद ने रिहाई पर खुशी जाहिर की है। वहीं दिवंगत डीएम के परिवार ने आनंद मोहन की रिहाई का विरोध किया। बेटी जी पद्मा ने कहा कि फैसला वापस नहीं लिया गया तो वह राष्ट्रपति और पीएम से अपील करेंगी। जरूरत पड़ेगी तो सुप्रीम कोर्ट भी जायेंगी।

# नगर निकायों का कार्यकाल खत्म अब अधिकारी ही संभालेंगे कमान

## नगर आयुक्त में समाहित हो जायेंगी नगर प्रशासक की शक्तियां

- गुरुवार की रात 12 बजे खत्म हो गया सभी जन प्रतिनिधियों का कार्यकाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची समेत राज्य के सभी 48 नगर निकायों का कार्यकाल गुरुवार देर रात समाप्त हो गया। अब सभी नगर निकाय प्रशासक के हवाले होंगे। प्रशासक की शक्तियां नगर आयुक्त और कार्यपाल पदाधिकारी में समाहित हो जायेंगी। इसके बाद नगर निकायों के सभी काम अधिकारियों और कर्मियों के हाथ होगी। नगर निकायों में मेयर, डिप्टी मेयर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षद के पद भी खाली हो जायेंगे। गुरुवार के बाद से उनके पास कोई काम नहीं होगा। इसी मुद्दे को लेकर रांची की मेयर और डिप्टी मेयर ने सरकार और राज्यपाल से मिलकर जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल को विस्तार देने की मांग की है, ताकि जनता की समस्याओं का वह बिना रूके समाधान कर सकें। गुरुवार को जनप्रतिनिधियों के लिए कार्यालय में आखिरी दिन था। डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि वह रहें न रहें। हमेशा जनता के बीच और जनता के लिए रहेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड में निकाय चुनाव पर लटकी है तलवार

झारखंड में निकायों के चुनाव कब होंगे, यह फिलहाल तय नहीं हुआ है। हालांकि राज्य सरकार ने फैसला किया है कि नगर निकायों के चुनाव अब ओबीसी रिजर्वेशन के आधार पर कराए जायेंगे। सरकार सभी स्थानों पर रिजर्वेशन का प्रतिशत तय करने के लिए ट्रिपल टेस्ट सर्वे करायेगी। इसके बाद ही चुनाव कराने का शेड्यूल तय किया जायेगा। इस प्रक्रिया में काफी समय लग सकता है। बताते चलें कि राज्य के 15 नगर निकायों का कार्यकाल पहले ही खत्म हो चुका है। पहले कोविड और बाद में कुछ अन्य वजहों का हवाला देकर इनके चुनाव वर्ष 2020 के बाद से ही टाले जाते रहे हैं। शेष 34 निकायों का कार्यकाल भी गुरुवार की आधी रात को खत्म हो गया।




### ओबीसी रिजर्वेशन को लेकर लटका चुनाव

नगर विकास विभाग ने वर्ष 2023 में बिना ओबीसी आरक्षण के राज्य के 48 नगर निकायों में चुनाव कराने का प्रस्ताव तैयार किया था। नगरपालिका अधिनियम 2011 में संशोधन करने के बाद आरक्षण रोस्टर में भी बदलाव किया गया था। इसका काफी विरोध भी हुआ। मामला हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। वहीं, बीते 16 मार्च को राज्य सरकार के कैबिनेट की बैठक में नगर विकास विभाग की अधिसूचना को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में ट्रिपल टेस्ट के बाद निकाय चुनाव कराने का निर्णय लिया गया।

# आज एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के इतिहास में पहली बार 28 को राज्य की जनता के लिए सीएम हेमंत सोरेन एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे। सरकार गठन के बाद से ही सीएम गंभीर रूप से बीमार राज्यवासियों के प्रति संवदेनशील रहे हैं। यही वजह है कि गंभीर रूप से बीमार लोगों को सरकार ने बेहतर इलाज के लिए दिल्ली, मुम्बई या किसी अन्य जगह भेजने के लिए एयर एंबुलेंस तक की सुविधा प्रदान की है। इसमें आम लोगों के साथ खास लोग भी शामिल रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम लोगों के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**ओड़िशा में आज हेमंत 40 हजार आदिवासी बच्चों से मिलेंगे : रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ओड़िशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के समारोह में शुक्रवार को शामिल होंगे। वे केआइआइटी यूनिवर्सिटी के आमंत्रण पर 40 हजार बच्चों से मिलकर कर उन्हें संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस पूरे विश्व में सबसे बड़ा आदिवासी संस्थान है, जिसे 1992-93 में डॉ अच्युत सामंता द्वारा शुरू किया गया था। इस संस्थान में देशभर के वंचित आदिवासी वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के साथ रोजगारपरक बनाया जाता है। वर्तमान में यहां करीब 40 हजार आदिवासी बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा निःशुल्क दी जा रही है, जिसमें अधिकतर बालिकाएं हैं।

## निर्मल हृदय से बच्चों की बिक्री गंभीर मामला : हाइकोर्ट

# स्टेटस रिपोर्ट दे सरकार 18 को अगली सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मदर टेरेसा की संस्था मिशनरीज ऑफ चैरिटी के 'निर्मल हृदय' द्वारा बच्चों की बिक्री मामले में दाखिल अनुरंजन अशोक की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक कहा कि बच्चा बिक्री का मामला गंभीर अपराध है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 मई को निर्धारित की है।

बता दें कि अनुरंजन अशोक की ओर से दाखिल याचिका में पूरे मामले की सीबीआइ से जांच की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि इन संस्थाओं को सेवा के लिए विदेश से राशि मिलती है, लेकिन इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। इसकी जांच ईडी से होनी चाहिए। याचिका में मीडिया रिपोर्ट का भी हवाला दिया गया है, जिसमें उनको अब तक मिले फंड की जानकारी दी गयी है। पुलिस की विशेष शाखा द्वारा 2015 की रिपोर्ट के बारे में जिक्र करते हुए कहा गया है कि उस वक्त भी सरकार को इनके कार्यों के बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन सरकार ने कुछ नहीं किया।

## जमीन कारोबारियों को टीएसपीसी की चेतावनी

# गरीब रैयतों को सताने वालों को नहीं छोड़ेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उग्रवादी संगठन (टीएसपीसी) ने पत्र के माध्यम से जमीन दलालों, भू- माफिया को धमकी दी। पत्र में कहा गया है कि जमीन कारोबारी को गरीब रैयतों से दूर रहें। उन्हें सताना छोड़ दें। पत्र में चेतावी दी गयी है कि अगर गरीबों को सताना नहीं छोड़ा तो परिणाम बुरे होंगे।आदिवासी जमीनों को अंचल, थाना और भू माफियाओं के द्वारा जबरन या फिर जाली कागजात बनाकर कब्जा किया जा रहा है। ऐसे लोगों को कठोर सजा दी जायेगी।

**क्या है पत्र में :** जारी पत्र टीएसपीसी के मध्य सब जोनल कमेटी के अरविंद जी ने जारी किया है। पत्र में लिखा है कि संगठन के पास लगातार गरीब रैयत यह शिकायत लेकर आ रहे हैं कि उनके जमीनों पर अंचल, थाना और भू-माफियाओं के द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। जमीन नहीं देने पर उनके जाली कागजात बनवाकर दबंगों के द्वारा उस पर कब्जा कर लिया जा रहा है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि रांची के बुढ़मू, ठाकुरगांव, रातू, कांके, पिठोरिया, ओरमांझी और चंदवे के आस पास काम कर रहे भू-माफियाओं को यह कड़ी चेतावनी दी जाती है कि संगठन उन्हें चिह्नित कर उनके विरूद्व कठोर कार्रवाई करेगा। संगठन ने सरकारी कर्मचारियों को भी धमकी दी है कि अगर वह मूल रैयतों के जमीन के लूट में भू-माफियाओं का साथ दे रहे हैं तो उन्हें भी संगठन चिह्नित कर सजा देगी।

> यह बात सही है कि टीएसपीसी संगठन के द्वारा कई जगहों पर पोस्टर चस्पा किया गया है, कई लोगों को फोन के माध्यम से धमकी दी गयी है। रांची पुलिस एक टीम बनाकर पूरे मामले की जांच कर रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जायेगा। - **मो नौशाद आलम, एसपी, ग्रामीण**

# खड़गे बोले- जहरीले सांप की तरह हैं मोदी

## विवाद बढ़ा तो मांगी माफी भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर लगायी फटकार

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा- मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। आप इसे जहर समझें या न समझें, लेकिन अगर आप इसे चखेंगे तो मर जायेंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस प्रमुख पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने खड़गे को पार्टी अध्यक्ष बनाया, लेकिन कोई भी उन्हें ऐसा नहीं मानता। इसलिए उन्होंने ऐसा बयान देने के बारे में सोचा, जो सोनिया गांधी की ओर से दिये गये बयान से भी बदतर हो। श्री खड़गे के इस आपत्तिजनक बयान पर जब विवाद बढ़ता गया तो खरगे ने ट्विटर के जरिये स्पष्टीकरण दिया और माफी भी मांगी। भाजपा आइटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कहा कि उनके इस बयान से कांग्रेस की हताशा दिख रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### जहर कांग्रेस ने बोया

वहीं गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने ट्वीट किया- कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने प्रधानमंत्री जी के लिए जहरीला सांप जैसे आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। खड़गे जी, जहर तो कांग्रेस ने बोया। समाज में विभाजन का जहर, देश के बंटवारे का जहर, भ्रष्टाचार का जहर, राजनीति में वंशवाद का जहर सब कांग्रेस के बोये जहर हैं।



### क्या सोनिया-राहुल से डरते हो : खड़गे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने पिछले हफ्ते कांग्रेस में परिवारवाद के आरोप पर भाजपा पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि भाजपा तो खुद परिवारवाद कर रही है और दूसरों को बोल रही है। उन्होंने भाजपा पर टिप्पणी करते हुए कहा- उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। उन्होंने कहा था कि भाजपा के 36 लोग ऐसे हैं जिनके रिश्तेदार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां राहुल गांधी का परिवारवाद क्या है? क्या सोनिया गांधी इस देश की प्रधानमंत्री हैं? क्या वो कभी प्रधानमंत्री बनीं थी, क्या राहुल मिनिस्टर बने, डिप्टी प्राइम मिनिस्टर बने, क्या वे पीएम बने? क्यों उनका नाम बार-बार लेते हो। क्यों उनके नाम से डरते हो? क्यों उनके लिए बार-बार परिवारवाद की बात करते हो?

# भोलानाथ सिंह बने जूरी ऑफ अपील के चेयरमैन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

महिला जूनियर एशिया कप हॉकी



**रांची।** एशिया हॉकी महासंघ के तत्वावधान में दो से 11 जून तक जापान के ककमीगहरा में आयोजित महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष और एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष भोलानाथ सिंह को जूरी ऑफ अपील का चेयरमैन बनाया गया है। एशिया हॉकी महासंघ ने अध्यक्ष फुमियो ओगुरा ने पत्र भेज भोलानाथ को इसकी सूचना दी। झारखंड के खेल इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी खेल प्रशासक को विदेश में आयोजित प्रतियोगिता में चेयरमैन जूरी ऑफ अपील बनाया गया है। झारखंडियों के लिए यह गौरव की बात है।

**पिछले माह एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष बने थे :** बता दें कि भोलानाथ सिंह पिछले माह ही एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे।

(शेष पेज 11 पर)

# मिलेट्स उत्पादन में भी सरप्लस स्टेट बन सकता है झारखंड : डॉ ओंकार नाथ सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश में प्राचीन काल से परंपरागत तरीके से मोटे अनाज यानि मिलेट्स की खेती होती आ रही है। स्थानीय परिवेश में इसके खाद्य उत्पादों का सेवन प्रचलित रहा है। 60 के दशक के बाद गेहूं एवं धान को बढ़ावा देने से लोगों की थाली से मिलेट्स उत्पाद दूर हुआ। आज मिलेट्स को पोषणयुक्त आहार का पॉवर हाउस और सुपर फूड कहा जा रहा है। उक्त बातें खूंटी में आयोजित झारखंड मिलेट्स मेला एवं सम्मेलन में मुख्य नोट्स प्रस्तुत करते हुए बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में मिलेट्स को पोषण गुणों के आधार पर वैश्विक स्तर पर पहचान मिली। आज वर्ष 2023 को पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मना रहा है। वैश्विक, राष्ट्रीय एवं स्थानीय बाजार में मिलेट्स उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है और किसानों को मिलेट्स से अच्छी आय की संभावना बढ़ी है। इस दो दिवसीय झारखंड मिलेट्स मेला एवं सम्मेलन का आयोजन केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्कृत एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली एवं पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में उपायुक्त, खूंटी के सहयोग किया गया है।

उन्होंने कहा कि बीएयू ने अधिक उपजशील मिलेट्स के अनेकों उन्नत किस्मों को विकसित किया है। बीएयू के सामुदायिक विज्ञान विभाग में मिलेट्स के प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धित उत्पादों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दी जाती है। प्रदेश की वर्षा आश्रित खेती स्वतः मिलेट्स फसल की खेती के लिये उपयुक्त है। प्रदेश की ऊंची (अपलैंड) भूमि में धान की जगह मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देकर सब्जी फसल की तरह झारखंड को मिलेट्स मामले में सरप्लस स्टेट बनाया जा सकता है। बीएयू मिलेट्स के उन्नत किस्मों की बीज की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है। कहा कि बढ़िया मूल्य एवं पोषण गुण की वजह से मिलेट्स प्रदेश में आजीविका एवं पोषण सुरक्षा का बेहतर विकल्प बन सकता है। बीएयू के हॉस्टल, मेस एवं कैंटीन में मिलेट्स उत्पादों को शामिल करने का निर्देश दिया गया है। विद्यालयों के मिड डे मिल में शामिल कर जागरूकता और बढ़ावा दी जा सकती है।

**खूंटी में मिलेट्स मेला एवं सम्मेलन का आयोजन**



**तकनीकी पैनल चर्चा में बीएयू के वैज्ञानिक ने भाग लिया :** सम्मेलन में डॉ आरपी सिंह रतन, डीन एग्रीकल्चर, राय यूनिवर्सिटी की अध्यक्षता में आयोजित तकनीकी पैनल चर्चा में बीएयू मिलेट्स वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार ने किसानों को विभिन्न मिलेट्स फसल, उनका महत्व, उन्नत किस्म एवं वैज्ञानिक खेती तकनीक, पोषक गुण आदि की जानकारी दी। इस चर्चा में किसानों ने मिलेट्स की उत्पादन एवं उत्पादकता में कमी की समस्या बताई। डॉ अरुण कुमार ने स्थानीय उपयुक्त अनुशंसित उन्नत किस्मों का चयन, ऊंची (अपलैंड) भूमि में मिलेट्स की खेती, खेतों में जल-जमाव को दूर करने और खर-पतवार नियंत्रण को मिलेट्स की सफल खेती का मूल मंत्र बताया।

**बीएयू एवं केवीके सिमडेगा ने तकनीक प्रदर्शित की :** बिरसा कॉलेज, खूंटी में लगे मिलेट्स मेला में बीएयू के अनुवांशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग तथा बीएयू द्वारा संचालित केवीके सिमडेगा ने मिलेट्स फसलों से सबंधित तकनीकी, उत्पादों, बीज आदि के प्रदर्श प्रदर्शित किया। इस स्टॉल में केवीके सिमडेगा प्रधान डॉ एसके सिंह तथा बीएयू वैज्ञानिक (मिलेट्स) डॉ सबिता एक्का ने किसानों एवं लोगों को मिलेट्स की महत्ता, उन्नत खेती तकनीकी, मिलेट्स उत्पादों का उत्पादन आदि की जानकारी दी। स्थानीय किसानों की खेती सबंधी समस्यायों का निदान किया। स्टाल में किसानों को मिलेट्स की उन्नत खेती से सबंधित तकनीकी फोल्डर मुफ्त उपलब्ध कराया गया। केवीके सिमडेगा प्रधान डॉ एसके सिंह से स्टॉल में अनेकों स्टार्टअप कंपनी एवं एनजीओ के प्रतिनिधियों ने मिलेट्स बीज की उपलब्धता के बारे जानकारी मांगी। डॉ सिंह ने बताया कि सिमडेगा जिले के करीब 25 हजार हेक्टेयर में मिलेट्स फसलों में रागी, गुन्दली, सांवा (सोसो) एवं ज्वार की खेती की जाती है। यह जानकारी विवि के मीडिया प्रभारी अजय कुमार ने दी।

# नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर हो : शशि रंजन

## मानसून की तैयारी : नगर आयुक्त ने की स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों के साथ बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आगामी मॉनसून को देखते हुए रांची नगर निगम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर आयुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में स्वच्छता शाखा के पदाधिकारियों, सभी जोनल सुपरवाइजर एवं वार्ड सुपरवाइजर्स की बैठक हुई।

नगर आयुक्त ने बैठक में निर्देश दिया कि निगम के क्षेत्र में आने वाली सभी बड़ी एवं छोटी नालियों की सफाई अभी से ही युद्ध स्तर पर की जाये। उन्होंने कहा कि एक विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्रों के लिए अलग-अलग टीम का गठन कर कार्य निष्पादित किये जायें। इसके अलावा, बरसात के पूर्व सभी नालियों को नियमित रूप से साफ करने के साथ-साथ एंटी लार्वा दवा एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जाये।

नगर आयुक्त ने कहा कि यदि सफाई के क्रम में नालियों के ऊपर से स्लैब हटाया जाये, तो सफाई के बाद स्लैब पुनः अपने स्थान पर व्यवस्थित करना सुनिश्चित किया जाये। कहा कि स्थल भ्रमण के दौरान यदि किसी वार्ड में नालियों के ऊपर स्लैब नहीं मिले, तो संबंधित सुपरवाइजर पर कार्रवाई की जायेगी।

रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम का सर्वप्रथम दायित्व शहर को स्वच्छ रखना है। इसके साथ ही उन्होंने सभी सुपरवाइजर को यह निर्देश दिया कि दैनिक सफाई कार्यों के लिए आवश्यकतानुसार सभी संसाधनों को कार्यालय से उपलब्ध करना तथा इसका उपयोग करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा, डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण के दौरान कूड़ा के पृथक्करण को ध्यान में रखा जाये। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग डस्टबीन में डालने के लिए जागरूक किया जाये।

नगर आयुक्त ने सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि मुख्य मार्गों के अलाव सभी गली-मोहल्ले में नियमित रूप से कूड़े का उठाव, झाड़ू, ग्रास कटिंग, फॉगिंग एवं अन्य सफाई के कार्य प्रतिदिन होना सुनिश्चित करें। कहा कि यदि स्थल भ्रमण में किसी वार्ड में सफाई कार्य ढीली दिखती है, तो संबंधित सुपरवाजर पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में उपस्थित लोगों में उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार, सहायक नगर आयुक्त शीतल कुमारी, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्यकर्मी उपस्थित थे।

# कोचिंग संस्थानों की धोखाधड़ी के खिलाफ जल्द नियमावली बनाये सरकार : पासवा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य भर में चल रहे कोचिंग संस्थानों पर अंकुश लगाने के लिए पासवा ने राज्य सरकार से नियमावली बनाने की मांग की है। वहीं, एक कोचिंग संस्थान द्वारा फर्जी रूप से छात्रों को सम्मानित किए जाने पर नाराजगी जताते हुए आंदोलन छेड़ने की धमकी दी है।

गुरुवार को मोरहाबादी स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने कोचिंग संस्थानों पर फजीर्वाड़े का आरोप लगाते हुए कहा कि कोचिंग सेंटर्स के द्वारा फर्जी तरीके से छात्रों की तस्वीर लगाकर ब्रांडिंग कर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है, इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। राजधानी के एक कोचिंग संस्थान का नाम लेते हुए आलोक दुबे ने कहा कि इस कोचिंग संस्थान द्वारा स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और सांसद महुआ माजी के हाथों फर्जी रुप से एक छात्र को सम्मानित कराया गया। इसके बाद बड़े बड़े होर्डिंग लगाकर प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इन कोचिंग संस्थानों के दफ्तर पर पासवा द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कोचिंग इंस्टीट्यूट को फर्जी रुप से सम्मानित छात्रों से संबंधित तस्वीर लगी होर्डिंग को 24 घंटे के अंदर हटाने को कहा। ऐसा नहीं होने पर जिन थाना क्षेत्र में ऐसे होर्डिंग लगे मिलेंगे, पासवा उन थाना में कांड दर्ज कराएगी।

कोचिंग संस्थानों के द्वारा इस तरह से जारी गोरखधंधा पर लगाम लगाने के लिए पासवा जल्द ही सीएम से मुलाकात करेगा। पासवा के प्रदेश महामंत्री राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि राजधानी में जिस तरह से बेधड़क कोचिंग खोलकर अभिभावक और छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है, उसमें बड़े-बड़े लोगों का हाथ है। पासवा के किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि इसके खिलाफ प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन चुप नहीं बैठेगी और अभिभावकों के साथ हो रहे इस अत्याचार को लेकर आने वाले समय में आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को इस संबंध में जल्द से जल्द नियमावली बनाना चाहिए। पासवा का शिष्टमंडल इसे लेकर राज्यपाल और सीएम का ध्यान आकृष्ट कराएगा।

# साईं नाथ के विद्यार्थियों ने गवरमेंट टूल रूम का किया शैक्षणिक भ्रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग कोर्स में अध्ययरत विद्यार्थियों ने गुरुवार को झारखंड गवरमेंट टूल रूम का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने टूल रूम की बारीकियों का विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। साथ ही, झारखंड गवरमेंट टूल रूम के प्राचार्य एवं ट्रेनिंग इंचार्ज ने सोलर पैनल इंस्टॉलेशन तकनीशियन की ट्रेनिंग कर रहे छात्रों को उपलब्धि प्रमाण पत्र प्रदान किया।

शैक्षणिक भ्रमण में गये शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को सहयोग करते हुए झारखंड टूल रूम के पूरे क्षेत्र का भ्रमण करवाया गया और वहां की बारीकियों से अवगत कराया गया। बता दें कि साईं नाथ विश्वविद्यालय के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के दूसरे दल के लिए कंप्यूटर नॉमरिकल कंट्रोल ट्रेनिंग 24 अप्रैल 2023 से झारखंड गवरमेंट टूल रूम द्वारा शुरू किया गया है। इस शैक्षणिक भ्रमण में विश्वविद्यालय के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग कोर्स के विभागाध्यक्ष प्रो एनुल हक एवं अंकित वर्मा का सराहनीय योगदान रहा। शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर डॉ वीरेंद्र गोस्वामी एवं सहायक कुलसचिव सुबोध कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शैक्षणिक भ्रमण से आये एवं उपलब्धि प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में काफी प्रसन्नता दिखी। साथ ही, उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में लौटकर अन्य विद्यार्थियों से शैक्षणिक भ्रमण की बातें साझा की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से ना केवल विद्यार्थियों को नयी जानकारी मिलती है, बल्कि प्रायोगिक तौर पर एक अनुभव भी मिलता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ प्रैक्टिकल एजुकेशन, लेटेस्ट टेक्नालॉजी और मशीनों की जानकारी कराने के साथ ही उनके संचालन के तौर-तरीके से भी अवगत कराना है, ताकि विद्यार्थी भावी जीवन में सफल होने के साथ आत्मनिर्भर बन सकें।

## मां जानकी जन्म महोत्सव कल

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से 29 अप्रैल को सुबह 10 बजे कचहरी चौक स्थित विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में मां जानकी जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में माता जानकी की विधिवत पूजा अर्चना करने का निर्णय लिया गया। पंडित दीपक झा और यजमान संजीव ठाकुर के द्वारा मां जानकी की पूजा व उसके बाद प्रसाद का वितरण किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने कहा कि विद्यापति स्मारक समिति प्रतिवर्ष मां जानकी जन्म महोत्सव का आयोजन करती है। इस बार भी भव्य रूप से पूजा-अर्चना की जायेगी।

# सीआइटी में एक्सपर्ट लेक्चर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीआईटी में ग्रीन टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट एवं रिन्यूअल एनर्जी विथ स्पेशल रिफ्रेंस टू सोलर पावर विषय पर एक दिवसीय एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन हुआ। विशेषज्ञ के रूप में विख्यात पर्यवारणविद एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के पूर्व कुलपति डॉ एस पी सिंह व सहाय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रांची के निदेशक अतुल कुमार ने अपना व्याखान दिया।

कार्यक्रम में इंजीनियरिंग के सभी ब्रांच के अलावा प्रबंधन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के एमबीए डिपार्टमेंट के तत्वाधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ एस पी सिंह ने कहा कि हरित प्रौद्योगिकी लोगो को प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को दूर करने की ओर आशान्वित करता है। उन्होंने अक्षय ऊर्जा के स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन पर जोर दिया। वहीं पर्यावरणविद अतुल कुमार ने नवीनीकरण ऊर्जा के सिद्धांत एवं सौर ऊर्जा के लाभ और उपयोगिता के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ शालिनी सिंह, डॉ ए भट्टाचार्य, डॉ रणवीर कुमार समेत सभी विभागों के शिक्षक मौजूद थे।

# सरला बिरला स्कूल में लाइफ स्किल पर पीआरपी कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने लाइफ स्किल (एडवांस) विषय पर दो दिवसीय पीआरपी कार्यक्रम की मेजबानी की। कार्यक्रम का उद्घाटन वेन्यू डायरेक्टर श्रीमती मीता शर्मा ने रिसोर्स पर्सन श्रीमती स्वाति प्रियंका, प्रिंसिपल, सेंट पॉल मॉडर्न स्कूल, बोकारो और श्रीमती गार्गी पाल के साथ किया। झारखंड के विभिन्न विद्यालयों के 58 शिक्षकों ने गहरी रुचि के साथ रिसोर्स पर्सन बनने की आकांक्षा के साथ सत्र में भाग लिया। शिक्षकों को अपनी पाठ योजनाओं में लाइफ स्किल को शामिल करने के महत्व से अवगत कराया गया। दो दिवसीय सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिक्षक नयी शिक्षण प्रणाली से अवगत हुए और लाइफ स्किल में वृद्धि की कई नयी बारीकियों को सीखा।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने में स्कूल के समर्पित प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने स्कूल को ऐसे प्रशिक्षण सत्रों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षार्थियों के समग्र विकास के लिए लाइफ स्किल के उपयोग करने के महत्व पर भी जोर दिया।

## खबर एक नजर में

### संत अलबर्ट कॉलेज के तीन प्रोफेसर को विदाई

**रांची।** ईश शास्त्र व दर्शन शास्त्र की शिक्षा के साथ कलीसिया व समाज की सेवा के लिए पुरोहितों को तैयार करने वाले करबला रोड स्थित मेजर सेमिनरी संत अलबर्ट कॉलेज सभागार में अलबर्टाइन परिवार ने कॉलेज को लंबे समय तक अपनी शिक्षा सेवा देने वाले तीन प्रोफेसर्स और थर्ड ईयर फिलोसफी के स्टूडेंट्स को उनकी दीक्षा पूरी होने पर एक कार्यक्रम के तहत विदाई दी गयी। विदाई के इस कार्यक्रम में संत अलबर्ट कॉलेज में पुरोहिताई दीक्षा लेने वाले स्टूडेंट्स को अपनी समर्पित सेवा देने वाले फादर जेरोम डुंगडुंग, फादर एंटॉनी सामी, तथा फादर चंद्रकात को लंबे समय तक सेवा देने के लिए भावभीनी विदाई दी गयी।

### डोरंडा नागरिक समिति ने हटिया विधायक को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** डोरंडा नागरिक समिति का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को हटिया विधायक नवीन जायसवाल से भेंटकर उन्हे स्मार पत्र सौंपा। समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा उर्फ पप्पू वर्मा के नेतृत्व में डोरंडा वासियों की वर्षों से लंबित लीज नवीनीकरण की मांग को सरकार के समक्ष व विधानसभा के माध्यम से पुरजोर तरीके से उठाने की मांग रखी ताकि क्षेत्र की हजारों जनता को न्याय मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम यह मांग की है कि लगभग सौ वर्षों से यहां के मूल निवासी लीज द्वारा आवंटित भूमि में पीढ़ियों से निवास करते आ रहे हैं। सैकड़ों वर्ष के बाद अब मूल लीज धारकों को पुनः लीज नवीनीकरण के लिए नोटिस जारी किया गया है। जब तक लीज का नविनीकरण नहीं हो जाता मालगुजारी टैक्स जमा करने की प्रक्रिया में रोक लगा दी गयी है। जिसके कारण मूल निवासियो के समक्ष यह गंभीर समस्या हो गयी है कि सैकड़ों वर्षों के बाद लीज धारकों की पारिवारिक स्वरूप में वृद्धि हो गयी और उनकी आर्थिक स्थिति में भी बदलाव हो चुका है। प्रतिनिधि मंडल ने माननीय विधायक से गुहार लगायी है कि लोगों को गंभीर समस्या से निजात दिलाने का महत्वपूर्ण जनहित कार्य करने महत्त्वपूर्ण जनहित कार्य करें। प्रतिनिधि मंडल में संस्था के मुख्य संरक्षक बजरंग प्रसाद गुप्ता उपाध्यक्ष अरशद कुरैशी, शमीम अख्तर सहसचिव खालीकुल गद्दी, अशोक ठाकुर, बबलू गुप्ता आदि शामिल थे।

### भगत सिंह की प्रतिमा को सम्मानपूर्वक करें स्थापित : उत्तम यादव

**रांची।** शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा को सम्मान पूर्वक स्थापित कराने की मांग को लेकर राष्ट्रीय युवा शक्ति ने गुरुवार को मोरहाबादी से मुख्यमंत्री आवास तक मार्च निकाला। इसका नेतृत्व उत्तम यादव ने किया। श्री यादव ने कहा कि भगत सिंह की प्रतिमा स्थापना के मुद्दे पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। मौके पर युवा शक्ति के संरक्षक पंकज पांडेय ने कहा कि भगत सिंह सिर्फ एक महान क्रांतिकारी नहीं वरण हमारी विरासत भी हैं। अपनी विरासत को संरक्षित रखते हुए उन्हें जीवित रखना हमारा धर्म है। ताकि आगे आनेवाली पीढ़ी उनकी विचारधारा को आत्मसात कर सके। उन्होंने कहा कि झारखंड क्रांतिकारियों की भूमि रही है। भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारी को दो गज भूमि न मिल पाना दुःखद है। यह क्षण असहनीय था और आज युवाओं का इस तरीके से सड़कों पर उतरना यह दिखाता है कि झारखंड के युवा इस घटना से कितने आहत हैं। इस दौरान युवा शक्ति के सदस्य हाथों में तिरंगा व शहीद ए आजम अमर रहे के नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे।

# नर्सिंग पेशा है मानव सेवा का सच्चा स्वरूप : प्रो पाठक

## महादेवी बिरला नर्सिंग इंस्टीट्यूट एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी में लैंप लाइटिंग कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची की यूनिट महादेवी बिरला नर्सिंग इंस्टीट्यूट एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में गुरुवार को बीएससी नर्सिंग प्रथम बैच, जीएनएम 13वें बैच एवं एएनएम 24वें बैच का लैंप लाइटिंग कार्यक्रम का उद्घाटन सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, मानविकी की डीन प्रो नीलिमा पाठक, नर्सिंग संस्थान की प्रधानाचार्य डॉ सुबानी बाड़ा एवं नर्सिंग संस्थान के कोऑर्डिनेटर सह प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में सरला बिरला विवि के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि नर्सिंग प्राचीन काल से ही है, किंतु आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटेंगल को माना जाता है, जो उच्च कुलीन परिवार के होने के बाद भी समाज के आमलोगों की सेवा की। वे दया एवं करुणा की मूर्ति थीं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा में लगा दिया। उन्होंने छात्रों की संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी भी उन्हीं के पथ पर आगे चलकर अपने माता-पिता, देश समाज का नाम रोशन करें। कहा कि समाज सेवा एवं मानव सेवा का सच्चा स्वरूप और वाहक नर्सिंग पेशा है। जरूरतमंदों की सेवा और सेवा के साथ सदैव सकारात्मक मोटिवेशन प्रदान करना नर्सिंग का कार्य व धर्म है। उन्होंने महाभारत कालीन परिस्थितियों की चर्चा करते हुए कुंती एवं द्रौपदी के सेवा कार्यों की चर्चा की। सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सरला बिरला विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि नर्सिंग का यह संस्थान झारखंड राज्य के अग्रणी संस्थानों में से एक है। यहां की छात्राएं ना केवल झारखंड, अपितु देश के अन्य भूभाग में भी अपनी सेवा दे रही हैं। हमारे संस्थान की छात्राएं अपने कार्य को बड़ी लगन और निष्ठा के साथ करती हैं। उन्होंने सभी के मंगलमय व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विवि के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सिंग पेशे से जुड़े लोगों के कारण ही कोरोना काल में बहुत सारे लोगों का जीवन बचाया जा सका। उन्होंने कहा कि दीपक की तरह स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देना नर्सिंग का कार्य होना चाहिए।

# स्वास्थ्य जागरूकता संवाद में डॉक्टरों ने दी विटामिन 'ए' की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** वाईएमसीए रांची एवं क्राइस्ट फॉर मेडिकल डॉक्टर्स के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को वाईएमसीए के सामुदायिक विकास केंद्र पावर हाउस चुटिया, हटिया तालाब में स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता एवं मुफ़्त दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिन के 10 से 12 बजे तक आयोजित इस हेल्थ कैंप में क्राइस्ट फॉर मेडिकल डॉक्टर्स की टीम से डॉ सिन्धु तिग्गा तथा टीम के डायरेक्टर क्लेरेंस फ्रेडरिक ने स्वस्थ शरीर के लिए विटामिन ए की खुराक और उससे जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिसमें बच्चों में विटामिन ए की कमी से होने वाली समस्याओं तथा उनसे बचाव के विषय में चर्चा करते हुए अभिभावकों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में छह महीने से एक वर्ष तथा एक वर्ष से पांच वर्ष तक के दो समूह में क्रमशः 16 बच्चों को दवा भी पिलाई गई। साथ ही उनकी माताओं को भी दवाईंयां दी गई। वाईएमसीए तथा क्राइस्ट फॉर मेडिकल डॉक्टर्स के द्वारा आयोजित यह स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम गुरुवार 27 अप्रैल से 03 मई तक वाईएमसीए के सभी छः केंद्रों में संचालित होगी। जिसकी सूचना सभी छह केंद्रों के स्थानीय निवासियों को पहले से दे दी गई है ताकि वे इसका लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम में वाईएमसीए के सचिव आशीष टोपनो ने डॉक्टर्स व उनकी टीम का स्वागत किया। महिला मंडल के अध्यक्ष अनिता देवी एवं पुष्पा देवी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

# खीरू के साथ जदयू नेता सीएम से मिले, विकास को लेकर हुई चर्चा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। खीरु ने सीएम को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिवादन किया, मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार एवं प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार भी थे। प्रवक्ता सागर कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री से जदयू नेताओं की यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

मुलाकात बेहद सार्थक रही। मुख्यमंत्री से प्रदेश के विकास और जनहित के विषयों को लेकर लंबी चर्चा हुई। पलायन, विस्थापन और सीएनटी का मसला चर्चा के केंद्र में रहा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए मिलकर काम करने की बात कही।

## सिरमटोली सरना स्थल के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

**रांची।** सिरमटोली सरना स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए कल विरोध के बीच निर्माण का काम शुरू हो गया। एक साल पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसके सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया था। निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर रांची जिला प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती गई थी। जेसीबी मशीन से चतूबरे को तोड़ने का काम जैसे ही शुरू हुआ इसके विरोध में लोग सामने आ गये। प्रशासन के लोग विरोध कर रहे लोगों को समझाया। प्रशासन के लोग बोले कि हमें आदेश है, काम शुरू करने का, अगर आपलोग काम रूकवाने का आदेश ले आते हैं, तो काम रोक देंगे। इसके बिना काम किसी कीमत पर नहीं रूकेगा। इस दौरान सौंदर्यीकरण के कार्य किये जाने के समर्थन में भी लोग जुट गये। फिर समर्थक और विरोधियों के बीच तू-तू, मैं-मैं हो गयी। प्रशासन के हस्तक्षेप से दोनों पक्ष शांत हुए और कार्य शुरू हुआ।

### विभाग ने सभी बीइइओ को पिछले 6 साल की बोरियां जमा कराने का दिया निर्देश

# सरकारी स्कूल के शिक्षकों को देने होंगे अब खाली बोरियों के हिसाब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य के सरकारी स्कूल के शिक्षकों को मिड डे मिल के अनाज की खाली बोरियों का हिसाब मांगा है। विभाग ने स्कूलों को पिछले छह साल की खाली बोरियों की जानकारी देने को कहा है। विभाग ने राज्य के सभी जिलों के जिला शिक्षा अधीक्षकों को इसकी सूचना दे दी है। इसके बाद डीएसई ने सभी प्रखंड के बीईईओ (ब्लॉक एजुकेशन एक्सटेंशन ऑफिसर्स) को पत्र लिखा है। पत्र



को अति महत्वपूर्ण बताते हुए इस आदेश का पालन करने को कहा गया है। विभाग ने साथ ही इन बोरियों को बाजार में सरकार की ओर से निर्धारित रेट पर बेचने और इससे मिलने वाला पैसा जमा कराने को भी कहा है।

### तय समय पर रिपोर्ट नहीं देने पर होगी कार्रवाई

विभाग की ओर से पहले भी पत्र जारी कर बोरियों का हिसाब मांगा गया था लेकिन अनाज की खाली बोरियों का सही-सही हिसाब नहीं मिल पाया। अब अलग-अलग जिलों में जो पत्र जारी किए गए हैं, उसमें कहा गया है कि इस संबंध में अब तक रिपोर्ट जमा नहीं किया जाना घोर अनुशासनहीनता है। सभी बीईईओ से यह भी पूछा गया है कि अगर वे निर्धारित समय सीमा के भीतर रिपोर्ट नहीं जमा करते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की जायेगी। प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारियों (बीईईओ) से कहा गया है कि पिछले छह सालों में सभी स्कूलों में अनाज की आपूर्ति जिन बोरियों में की गई। उसका पूरा विवरण और उसकी बिक्री से मिले रुपये के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध कराएं।

### हर बोरी की कीमत ₹14 .40 तय

मिड डे मील के अनाज के खाली हुई हर बोरी की कीमत 14 .40 रुपये तय की गयी है। इस राशि को मिड डे मील की व्यवस्था देखने वाले सरस्वती वाहिनी शिक्षा समिति के खाते में जमा की जानी है। इसे लेकर गिरिडीह के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा इस मामले में 24 अप्रैल को लिखी गई चिट्ठी में इस काम को प्राथमिकता के तौर पर मार्क किया गया है। इस चिट्ठी के बाद सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों ने स्कूलों के शिक्षकों पर बोरियों का हिसाब तुरंत जमा करने को कहा है।

# हाइकोर्ट ने एसएसपी को दो चिटफंड कंपनियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने विनोद भगत की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड में छोटे छोटे व्यवसायियों से ठगी करने वाली दो चिटफंड कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश रांची एसएसपी को दिया है। इनमें किम इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड एवं नेक्टर कामर्शियल स्टेट लिमिटेड नाम की दो चिटफंड कंपनियां शामिल हैं। झारखंड जिला मुख्यालयों में यह कंपनियां नन बैंकिंग ऑफिस संचालित कर रहीं थीं। यह कंपनियां छोटे छोटे



दुकानदारों जैसे सब्जी विक्रेता, ठेला, खोमचा वालों से प्रतिदिन एक राशि जमा करवाती थी। इसके अलावा फिक्स्ड डिपॉजिट राशि को दोगुना करने का लालच देकर लोगों के पैसे का निवेश कंपनी में करवाती थी। वर्ष 20007-08 से ये कंपनी झारखंड में काम कर रही थी। कंपनी ने लोगों के पैसे को लेकर वर्ष 2015-16 में अपने ऑफिस को बंद कर दिया था। कंपनी की ओर से 10 करोड़ से अधिक की राशि की ठगी लोगों से कर ली गई थी।

गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह हाईकोर्ट के आदेश की प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर रांची एसएसपी एवं सुखदेव नगर थाना इंचार्ज के पास उक्त चिटफंड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर लिखित आवेदन दें। जिसके बाद पुलिस द्वारा इस पर एफआईआर किया जायें। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह ने पैरवी की।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले डिप्टी मेयर, कहा

# नगर निकायों को कमजोर कर रही गठबंधन सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर राज्य में नगर निकायों को कमजोर करने की शिकायत की। हालांकि, डिप्टी मेयर की राष्ट्रपति से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। उन्होंने नगर निकायों की मजबूती के लिए 74वां संशोधन लागू कराने की मांग की। उन्होंने राष्ट्रपति का ध्यान आकृष्ट कराते हुये कहा कि राज्य सरकार द्वारा नगर निकायों को किस तरह दबाया जाता है, इसका ताजा उदाहरण है कि पिछले दो सालों से झारखंड के 13 नगर निकायों का चुनाव लंबित है। झारखंड की राजधानी रांची सहित 33 नगर निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में पूरा हो रहा है लेकिन, सरकार की मंशा नगर निकाय चुनाव कराने की नहीं दिखती है। फलस्वरूप अप्रैल के बाद राजधानी सहित सभी 46 नगर निकायों का चुनाव लंबित हो जायेगा। इससे सभी 45 नगर निकायों के क्षेत्र में निवास करने वाले जनमानस का अपने कार्यों का कराने के लिये पदाधिकारियों के पास दौड़ना होगा।

# राज्य में कोरोना के मिले 148 नये मरीज

### पूर्वी सिंहभूम में सबसे अधिक 223 संक्रमित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। राज्य के 20 जिले इसकी चपेट में आ गये हैं। बीते 24 घंटे में राज्य भर में कोरोना के 148 नये मरीज मिले हैं। झारखंड में कोरोना का एक्टिव केस अब 470 पहुंच गया है। पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 103 नये संक्रमित मरीज पाये गये हैं। इस जिले में संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 223 पर पहुंच गया है, जबकि रांची में 24 संक्रमित मरीज मिले हैं। यहां मरीजों की संख्या बढ़कर 87 हो गयी है। हालांकि राहत यह भी है कि इस दौरान 44 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

**इन जिलों में हैं सक्रिय मरीज :** बोकारो में 9, चतरा में 1, देवघर में 27, धनबाद में 12, पूर्वी सिंहभूम में 223, गढ़वा में 1, गिरिडीह में 6, गोड्डा में 6, गुमला में 6, हजारीबाग मे 10, खूंटी में 3, कोडरमा में 2, लातेहार में 19, लोहरदगा में 31, पलामू में 12, रामगढ़ में 5, रांची में 87, सरायकेला में 2 और पश्चिमी सिंहभूम कोरोना के 8 सक्रिय मरीज हैं।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (जिला योजना)**

ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)
(Very Short term Tender Notice)

विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) योजनामद अन्तर्गत लोहरदगा जिला के डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में पुस्तक की आपूर्ति हेतु निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **06.05.2023** के **11:30** बजे पूर्वाह्न तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग-अलग शीलबंद लिफाफे को एक बड़े शीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। शीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **06.05.2023** के **12:30** बजे अपराह्न जिला क्रय समिति/जिला मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड खोला जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/8603984499 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/-
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.296044 Lohardaga(23-24):D

# आज और कल लगेगा बिजली बिल डीपीएस सेटलमेंट कैंप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी बिजली बिल का डीपीएस माफी और वन टाइम सेटलमेंट स्कीम का लाभ कंज्यूमरों तक पहुंचाने के लिए लगातार ऊर्जा मेला आयोजित किया रहा है। इसके अगले पड़ाव के तहत 28 एवं 29 अप्रैल को कई स्थानों पर कैंप लगाया जाएगा। इसे लेकर रांची एरिया बोर्ड के जीएम पीके श्रीवास्तव ने जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाने के लिए जेबीवीएनएल खुद कंज्यूमर के करीब जा रहा है। इस कैंप के जरिए कंज्यूमर अपना बकाया एक बार में जमा करते हैं तो उनका डीपीएस पूरी तरह माफ हो जाएगा। इसके अलावे अगर कंज्यूमर चाहें तो अपना बकाया पांच किस्त में भी जमा करा सकते हैं।

### 28 को यहां लगेगा ऊर्जा मेला

राजभवन पीएसएस, सेवा सदन पीएसएस, मोरहाबादी पीएसएस, आरएमसीएच पीएसएस, विधानसभा पीएसएस, तुपुदाना बिजली ऑफिस, सैनिक मार्केट बिजली ऑफिस, बरियातू पीएसएस, पिस्का मोड़ बिजली ऑफिस, नवागढ़ अनगड़ा, तमाड़ पीएसएस, ओरमांझी पीएसएस, बेबरो मांडर, खड़देवरी मांडर, चान्हो, साड़म बुढ़मू, पुरानी राय, लोयो इटकी, लापुंग थाना गेट, बानापीढ़ी रातू में ऊर्जा मेला लगेगा।

### 29 को यहां लगेगा मेला

रातू चट्टी पीएसएस, सिकिदिरी पीएसएस, होचर पीएसएस, सुतियांबे पीएसएस, हरमू पीएसएस, डोरंडा बाजार बिजली ऑफिस, चडड़ी बाजार टाटीसिलवे, राहे पीएसएस, चंदवे, प्रयागो मांडर, चोरेया चान्हों, बुढ़मू, सिरम बचरा, सरले बचरा, गड़गांव इटकी, लतरातू लापुंग, काटमकुल्ली रातू, हेसल अनगड़ा में 29 अप्रैल दिन शुक्रवार को ऊर्जा मेला लगेगा।

# दवा ने धुर्वा में दर्जी व्यवसायी को ठेला समेत उपयोगी समान दिये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने अपनी चैरिटी की प्रतिबद्धता को निभाते हुए गुरुवार को जगन्नाथपुर मंदिर धुर्वा के बिरसा शिक्षा निकेतन विद्यालय के निकट एक जरूरतमंद परिवार के बीच जाकर खुशियां बांटी। दर्जी का व्यवसाय करनेवाले सुनील स्वांसी के रोजगार को सुचारू रूप देने के लिए उन्हें एक बड़ा सुंदर ठेला दिया गया जिस पर छत्त भी है। साथ में एक बोरा चावल, शर्ट पैंट, साड़ी और कुछ जीवनोपयोगी वस्तुएं भी दी गई। मौके पर चेयरपर्सन विनीता शरण, फाउंडर एंड को-चेयरपर्सन झूमा सरकार, अध्यक्ष सीमा महेश्वरी, सचिव मधु गुप्ता, दीपा चौहान, आरती सिन्हा, बिंदु प्रसाद, अमृता वैद्य, शोभा कुमार, देबजानी सान्याल, सविता रानी सिन्हा, पल्लवी शरण, रिंकू चौधरी, रश्मि सिन्हा, रेणु तिवारी, विभा सिंह, सुनीता सिन्हा, शीला चौधरी, रश्मि कुमार, रंजना जैन शामिल थीं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो**

ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई-अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या -RDD/SD/BOKARO/03/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | अग्रधन की राशि(रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला अंतर्गत बेरमो प्रखण्ड के पंचायत जरीडीह पूर्वी में जरीडीह बाजार के राजकीयकृत मध्य विद्यालय में हॉल का निर्माण। | 2231500.00 | 45000.00 | 5000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि -04.05.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय -11.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit (Annexure-II) जमा करने का तिथि एवं समय दिनांक 12.05.2023 अपराह्न 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने का स्थान - कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय -13.05.2023 अपराह्न 12:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,बोकारो।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं० -9431174800
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।

PR.NO.296105 Rural Development(23-24):D

# सीसीएल ने पूर्व सीएमओ की पत्नी को 4.5 लाख का चेक सौंपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल सीएमडी, पीएम प्रसाद ने पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अमरेश प्रसाद की धर्मपत्नी को 4.5 लाख रुपये का चेक सौंपा। कार्यक्रम का आयोजन सीसीएल ऑफिसर्स बेनिवोलेन्ट सोसाईटी (ओबीएस) की ओर से सीसीएल मुख्यालय,दरभंगा हाउस में किया गया था। ज्ञातव्य, हो कि स्व.अमरेश प्रसाद सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में पदस्थापित थे। इस अवसर पर



सीसीएल ओबीएस के महासचिव, आलोक कुमार त्रिपाठी, डॉ. केके दास, डॉ. निखिल प्रसाद सिन्हा, शैली नाग,विनय कुमार शंकर, सुरेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड का निःशुल्क चिकित्सा शिविर 30 को

**रांची।** भूतपूर्व सैनिक संगठन वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड की ओर से 30 अप्रैल को रेणुका स्वास्थ्य केंद्र तुपूदाना के पास निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगेगा। इसमें मेडिकल चेकअप, स्त्री रोग, शिशु रोग, दंत रोग, जेनरल फिजिशियन एवं सभी प्रकार के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जाएगा।

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी -सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।**

हजारीबाग जिला अर्न्तगत बिहार/झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम 1935 तथा बिहार/झारखण्ड स्वावलम्बी सहकारी समितियाँ अधिनियम 1996 के तहत् निबंधित एवं वर्तमान में कार्यरत प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक के लिए सरकारी राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोवस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण।

प्रस्ताव प्रेषण की अंतिम तिथि 10.05.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक की अवधि हेतु हजारीबाग जिला के ऐसे राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोवस्ती की जानी है, जिनकी बन्दोबस्ती अवधि 31.03.2023 को समाप्त हो गयी है या जो पूर्व से अबन्दोवस्त है। संबंधित जलकरों की सूची जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग के सूचना पट्ट पर अंचलवार देखी जा सकती है।

सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410 दिनांक 29.06.2011 के द्वारा अल्पकालीन बन्दोवस्ती के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम 1935 एवं अधिनियम 1996 के अर्न्तगत निबंधित समितियों में भेद को समाप्त करते हुए उक्त दोनो प्रकार की समितियों को समतुल्य करार दिया गया है। तदनुसार हजारीबाग जिला में कार्यरत सभी प्रखण्ड स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/स्वावलंबी मत्स्य जीवी सहकारी समितियों से ऐसे जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती (वर्ष 2023-24 से 2025-26) हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है, जिनकी बन्दोबस्ती की जानी है, एवं जो प्रस्तावक समिति के कार्य क्षेत्र में अवस्थित हैं। उक्त प्रस्ताव के आलोक में सहायक निबंधक सहयोग समितियों/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण-पत्र जिला मत्स्य पदाधिकारी, (अधोहस्ताक्षरी) को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। इसके पश्चात् ही बन्दोबस्ती पर विचार किया जाएगा। यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समिति के कार्य क्षेत्र में आता है, तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410 दिनांक 29.06.2011 के कंडिका 08 के आलोक में सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बन्दोबस्ती की जाएगी।

जिले में कार्यरत सभी प्रखण्ड स्तरीय सहयोग समिति (1935) एवं स्वावलंबी मत्स्य जीवी सहकारी समितियों (1996) से बन्दोबस्ती का प्रस्ताव दिनांक 10.05.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में समिति से संबंधित निम्नलिखित कागजातो के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

1. वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में समिति के द्वारा सदस्यों के साथ की गई जलकरों की वितरण का प्रतिवेदनः-

| क0सं0 | वर्ष | जलकर का नाम | सदस्य का नाम | सदस्यता पंजी में कम संख्या | बन्दोवस्ती अवधी (सदस्य के साथ) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

2. राजस्व जमा प्रतिवेदन वर्ष-2022-23 तक। (रसीद की छायाप्रति संलग्न करे)
3. राजस्व बकाया रहित प्रमाण पत्र।
4. आम सभा की कार्यवाही का प्रतिवेदन। (पारित प्रस्तावित जलकरों की सूची सहित)
5. अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन।(वित्तीय वर्ष 2022-23 तक)
6. विशेष आम सभा/निर्वाचन का कार्यवाही प्रतिवेदन।
7. सदस्यता सूची की सत्यापित छायाप्रति।(प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहायक निबंधक के द्वारा)
8. सहायक निबंधक सहयोग समितियों/जिला सहकारिता पदाधिकारी, हजारीबाग से स्वच्छता प्रमाण-पत्र। (सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410 दिनांक 29.06.2011 के कंडिका 07 के अनुरूप)
9. कार्यकारणी का प्रस्ताव।
10. समिति का बैंक खाता का प्रथम पृष्ट की छायाप्रति।

इत्यादि कागजातों को जमा करने के पश्चात ही समितियों के साथ बन्दोवस्ती करने पर विचार किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक जिन जलकरों का बन्दोवस्ती का प्रस्ताव समिति द्वारा सभी अहर्ताओं के साथ प्राप्त नही होने पर उक्त जलकर की बन्दोवस्ती खुले डाक से करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

सभी मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/स्वावलंबी मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को निदेश दिया जाता है कि समितियों के साथ पूर्व से बन्दोवस्त जलकरो का बकाया राशि हो तो बन्दोवस्ती लेने के पूर्व कार्यालय में जमा कर दें।

ह0/-
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR 296053 (Fish) 23-24 (D)

# पिता के अधूरे सपनों को साकार करने में जुटे हुए हैं बाल सिपाही

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस में बाल सिपाही! सुनकर आप चौंकेंगे। लेकिन, यह सच है। देश में झारखंड पहला राज्य है, जहां पुलिस जवानों, अधिकारियों के आश्रितों को नौकरी के लिए भटकना नहीं पड़ता है। शहीद के जज्बे को जिंदा रखने के मकसद से शहीद के आश्रित नाबालिग बेटे-बेटियों को नौकरी दे दी जाती है। 18 वर्ष की उम्र और पढ़ाई पूरी होने तक इन्हें निश्चित मानदेय दिया जाता है और बालिग होते ही नौकरी की पूरी गारंटी। पुलिस के पास इस समय 125 से लेकर 130 बाल सिपाही हैं, जिनके मन में पिता के अधूरे सपने को पूरा करने का ख्वाब पल रहा है।

### राज्य में बाल पुलिस के 273 पद आरक्षित

झारखंड में बाल पुलिस के 273 पद आरक्षित हैं। 130 पदों पर बहाली हो चुकी है। बाल पुलिस के बालिग होने के बाद उसका पद फिर से रिक्त की श्रेणी में आ जाता है।

### क्या है बाल पुलिस

झारखंड में कार्यरत पुलिसकर्मियों के शहीद या असमय निधन के बाद उनके परिवार में अगर कोई बालिग नौकरी के योग्य न हो या फिर नौकरी न करना चाहता हो तो उनके नाबालिग आश्रित को बाल पुलिस की नौकरी दी जाती है। बाल पुलिस को किसी तरह का काम नहीं दिया जाता। उन्हें सिर्फ सप्ताह में तीन दिन पुलिस ऑफिस में हस्ताक्षर करने पड़ते हैं। ये आम दिनों की तरह ही स्कूली शिक्षा पूरी करते हैं। इस दौरान इन्हें आधा वेतन दिया जाता है। मैट्रिक पास करने के बाद व 18 वर्ष उम्र होते ही इन्हें सीधे तौर पर पुलिस की नौकरी दे दी जाती है। सरकार की इस योजना से उन विधवाओं को काफी बल मिलता है, जो पति की मौत के बाद नौकरी करने की स्थिति में नहीं होती हैं।

### कहां कितने बाल पुलिस

| | |
|---|---|
| रांची 13 | कोडरमा 03 |
| चाईबासा 11 | गोड्डा 03 |
| बोकारो 12 | धनबाद 03 |
| धनबाद 09 | सिमडेगा 04 |
| जमशेदपुर 08 | लातेहार 04 |
| देवघर 07 | रेल जमशेदपुर 04 |
| दुमका 07 | सरायकेला 05 |
| गुमला 03 | गढ़वा 05 |
| लोहरदगा 03 | गिरिडीह 05 |
| चतरा 03 | पलामू 06 |

**इन जांबाजों से बड़ी उम्मीदें :** राज्य पुलिस के शहीदों के नाबालिग आश्रितों को बाल पुलिस की नौकरी दी जाती है। पर उनसे बालिग होने तक कोई काम नहीं लिया जाता। हर महीने आधी सैलरी दी जाती है। ऐसी व्यवस्था राज्य में है। झारखंड ही देश का इकलौता राज्य है, जहां बाल सिपाहियों की नियुक्ति हो रही है।

*एवी होमकर*
*आइजी सह पुलिस प्रवक्ता*

# दुर्भाग्यपूर्ण

यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही कही जायेगी कि महासंघ के अध्यक्ष पर लगे गंभीर आरोपों को सरकार के स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया गया। बेहतर होता कि जब खिलाड़ी पहली बार धरने पर बैठे तो शिकायत पर पारदर्शी ढंग से कार्रवाई करके उन्हें संतुष्ट किया जाता। जिन खिलाड़ियों ने दुनिया में देश का नाम रौशन किया वे इस तरह के आरोपों की जांच के लिये सड़क पर है यह देश के लिये दुखद है। एक निष्पक्ष जांच होती तो उन्हें फिर से आंदोलन करने की जरूरत न होती। यहां सवाल यह भी है कि बॉक्सर मैरी कॉम की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने जब अपनी जांच रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सौंप दी है तो सार्वजनिक तौर पर लगाये आरोपों की जांच रिपोर्ट के निष्कर्ष सार्वजनिक क्यों नहीं किये गये? जाहिर है सार्वजनिक रूप से लगे आरोपों पर आई रिपोर्ट पर गोपनीयता बरतना औचित्यहीन ही कहा जायेगा। अब यदि पहलवानों की शिकायत व्यक्तिगत दुराग्रह से प्रेरित है तो उसे भी पब्लिक डोमेन में लाया जाना चाहिए। वहीं यदि उनकी शिकायत सही है तो दोषी को दंडित किया जाये। जाहिर है खेल मंत्रालय के समय रहते सक्रिय न होने के कारण ही पहलवानों को फिर से आंदोलन को बाध्य होना पड़ा। निस्संदेह, ऐसे प्रकरण से खेल संगठनों समेत पूरे खेल तंत्र के प्रति देश में अविश्वास पैदा होगा। बहुत संभव है कि लोग अपनी बेटियों को खेलों के लिये भेजने में संकोच करने लगें। नीति-नियंताओं के लिये भी यह आत्ममंथन का विषय है कि हमारी महिला खिलाड़ियों के साथ कैसा व्यवहार होता रहा है। साथ ही यह भी कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लेकर समय रहते कार्रवाई होती भी है या नहीं। एक जिम्मेदार पदाधिकारी,माननीय पर यौन दुर्व्यवहार के आरोप लगे हैं। यह शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। हकीकत जो भी हो, सच्चाई तो सामने आनी ही चाहिए।

# यूरोप में प्रदूषण

यूरोपीय पर्यावरण एजेंसी (ईईए) ने एक नयी रिपोर्ट जारी की है जिसके मुताबिक यूरोप में हर साल वायु प्रदूषण के कारण 1,200 से अधिक बच्चों और किशोरों की मौत हो जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि प्रत्येक वर्ष ईईए द्वारा अनुमानित यूरोपीय आबादी के मुकाबले इस आयु वर्ग में समय से पहले होने वाली मौतों की संख्या कम है, जीवन की शुरूआत में होने वाली मौतें भविष्य की क्षमता के नुकसान का प्रतिनिधित्व करती हैं और पुरानी बीमारी के एक महत्वपूर्ण बोझ के साथ आती हैं। उच्च वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से अस्थमा की उच्च दर भी होती है, यह बीमारी पहले से ही यूरोप में 9 प्रतिशत बच्चों और किशोरों को प्रभावित करती रही है। साथ ही साथ फेफड़ों की कार्यक्षमता, श्वसन संक्रमण और एलर्जी से लड़ने की क्षमता भी कम हो जाती है।

शोध के लिए यूरोपीय संघ के 27 सदस्यों देशों सहित 30 देशों को शामिल किया गया, लेकिन रूस, यूक्रेन और यूके जैसे प्रमुख औद्योगिक देशों को शामिल नहीं किया। वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या और भी अधिक हो सकती है। यह अनुमान लगाया गया कि सर्वेक्षण किए गए देशों में शहरी आबादी का 97 प्रतिशत हिस्सा ऐसी हवा के संपर्क में था जो पिछले साल डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों को पूरा नहीं करता था।

अल्पावधि में बच्चों को लाभ पहुंचाने के लिए एक व्यावहारिक उपाय यह निकाला गया है कि ग्रीन स्पेस को बढ़ाकर स्कूलों के आसपास वायु की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। पूरी दुनिया समेत यूरोप में वायु प्रदूषण भी एक बड़ा खतरा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार कारखाने की चिमनियों से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जितना कम होगा पर्यावरण प्रदूषण उतना ही कम होगा। डब्ल्यूएचओ ने वायु प्रदूषण में सुधार के लिए मानक निर्धारित किए हैं।

# प्राकृतिक आपदाओं के लिये तैयार हैं शहर?




**प्राकृतिक** आपदाओं की वजह से शहरों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में शहरों को शासन के अनुकूल मॉडल और व्यापक नियोजन की मदद से मजबूत बनाने की जरूरत बहुत बढ़ गई है। दुनिया भर के शहर पहले की तुलना में आपस में बहुत अधिक जुड़े हुए हैं और उनकी आबादी का घनत्व भी काफी अधिक बढ़ गया है। इसके सामाजिक और आर्थिक लाभ बहुत अधिक हैं लेकिन इसके साथ ही दिक्कतें भी बढ़ रही हैं। किसी भी शहर के सामने कई तरह की दिक्कतें आती हैं। इनमें प्राकृतिक आपदाओं से लेकर अचानक घटित होने वाली घटनाएं भी शामिल हैं जो आबादी के लिए खतरा उत्पन्न करती हैं।


इसके अलावा अत्यधिक बेरोजगारी, सामाजिक सुरक्षा ढांचे की कमी तथा असमान सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था, गरीबी का प्रभाव आदि समय के साथ किसी समुदाय के सामाजिक ढांचे को क्षति पहुंचाते हैं और तब लगने वाले झटके और अधिक नुकसानदेह हो जाते हैं।

आज मांग ऐसे शासन ढांचे की है जो जोखिम को कम करें और बदलते हुए हालात से निपटें। इस संदर्भ में जरूरत इस बात की है कि हम अधिक समायोजन वाला माहौल तैयार करें ताकि जीवन की सुगमता और कारोबार करने की सहजता में सुधार लाया जा सके और शहरी व्यवस्था के लचीलेपन में और अधिक इजाफा किया जा सके।

एक शहर अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करके तथा उसकी स्थिरता को चुनौती देने वाले मसलों की बेहतर पहचान करके अपना दायरा तथा अपने रहवासियों की बेहतरी सुनिश्चित कर सकता है। ऐसा करके ही वह यह सुनिश्चित कर सकता है कि तमाम कठिनाइयों के बावजूद शहर का विकास होता रहे। यह शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और वैश्वीकरण जैसे वैश्विक रुझानों को हल करने का मानक भी बनता है। शहरी लचीलेपन की एक आवश्यकता यह भी है कि शहर अपनी क्षमताओं और अपने समक्ष मौजूद खतरों को व्यापक रूप से परखते रहें। खासतौर पर अपने सर्वाधिक संकटग्रस्त नागरिकों को ध्यान में रखते हुए। शहरी शासन अक्सर खंडित संरचना वाला होता है जहां विभिन्न टीमें संकट से निजात पाने की योजनाएं बनाती हैं, वे टिकाऊपन के मसले पर नजर रखती हैं, आजीविका पर ध्यान केंद्रित करती हैं और अधोसंरचना तथा भू उपयोग नियोजन पर काम करती हैं।

आपस में जुड़ी हुई दुनिया में अलग-थलग नियोजन की मदद से शहरीकरण के दायरे को परिभाषित नहीं किया जा सकता है। शहर लोगों और स्थानों से मिलकर बनते हैं और इनमें अक्सर तेजी से परिवर्तन होता है। अगर लचीला शहरी भविष्य तैयार करना है तो यह आवश्यक है कि हम स्थान आधारित एकीकृत समावेशी, जोखिम से बचाव वाली और भविष्योन्मुखी ढंग से समस्याओं को संबोधित करें और उनके हल विकसित करें।

जो शहर अपने नियोजन और विकास में लचीलेपन को मूल में रखते हैं वे उसके लाभ को अधिक बेहतर तरीके से हासिल कर पाते हैं। इसमें आबादी, अधोसंरचना, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण आदि से संबंधित दबावों और झटकों को बेहतर ढंग से सहने की शक्ति शामिल है। शहरी क्षेत्र की अन्य चुनौतियां मसलन शहरी आबादी का बढ़ता प्रतिशत (संयुक्त राष्ट्र विश्व शहरीकरण संभावना परियोजना के अनुसार दुनिया की 68 फीसदी आबादी शहरों में रहेगी) आदि ने दबाव बढ़ाया है और इसकी वजह से शहरी बुनियादी ढांचे में तत्काल निवेश बढ़ाने की आवश्यकता है। शहरी जलवायु परिवर्तन शोध नेटवर्क के अनुसार करीब सभी शहर जोखिम में हैं और 70 फीसदी शहर पहले ही जलवायु परिवर्तन का असर झेल रहे हैं।



**-विवेक देवराय**

> वैश्विक मानकों के मुताबिक अधिकांश भारतीय बैंकों का एनआईएम अच्छा है और इसकी वजह है जमा की कम लागत। कर्जदारों से उच्च ब्याज दर वसूल कर इसे बढ़ाया जा सकता है। आमतौर पर असुरक्षित ऋण पर ब्याज दर अधिक होती है। ऐसे ऋण देने वाले बैंकों का एनआईएम अधिक होता है लेकिन एक बार ऐसा कर्ज फंस जाने पर वसूली आसान नहीं होती।

उदाहरण के लिए चूंकि सभी शहरी इलाकों में 90 फीसदी हिस्सेदारी तटीय इलाकों की है इसलिए दुनिया के अधिकांश शहरों में बढ़ते जल स्तर और तूफान के कारण बाढ़ का खतरा भी बहुत अधिक है। हकीकत यह है कि 84 फीसदी से अधिक शहर जहां आबादी की वृद्धि सबसे तेज है, उनमें से अधिकांश एशिया और अफ्रीका में स्थित हैं। इन देशों को जलवायु के क्षेत्र में बड़े खतरों का सामना करना है।

सच यह भी है कि कई उच्च जोखिम वाले शहर चुनौतीपूर्ण देशों में स्थित हैं। ये देश कम विकसित हैं, कम आय वाले हैं और कई मामलों में तो ये छोटे द्वीप समूह रूपी देश हैं। शासन संबंधी कमियां और संसाधन की सीमा हालात को और मुश्किल बनाती है। इस संदर्भ में विश्व बैंक का अनुमान है कि दुनिया भर में सालाना 4.5 लाख करोड़ डॉलर की राशि को शहरी बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश करने की आवश्यकता है।

बुनियादी ढांचे को जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से अनुकूल बनाने के लिए 9 फीसदी से 27 फीसदी के प्रीमियम की आवश्यकता होगी। ये तमाम बातें इस बात पर वजन देती हैं कि शहरी लचीलेपन को कहीं अधिक गंभीरता से देखने की आवश्यकता है।

बीते एक दशक से अधिक वक्त में शहरी लचीलापन अंतरराष्ट्रीय विकास की चचाओं में प्रमुख जगह ले चुका है। इसने अंतरराष्ट्रीय विकास के लक्ष्यों के ढांचे में खुद को टिकाऊ शहरी विकास के बुनियादी सिद्धांत के रूप में स्थापित किया है, मिसाल के तौर पर पेरिस समझौता।

शहरी लचीलेपन की बुनियादी बातों को आर्थिक, सामाजिक और जलवायु लचीलेपन में बांटा जा सकता है। आर्थिक लचीलापन टिकाऊपन के नए वित्तीय ढांचे पर आधारित है। सामाजिक लचीलापन सामाजिक संरक्षण को मजबूत करने या सामाजिक सुरक्षा ढांचे को व्यापक बनाने के इर्दगिर्द केंद्रित है। वहीं जलवायु लचीलापन पर्यावरण के अनुकूल निवेश तथा बेहतर बहुस्तरीय सहयोग पर आधारित है।

इन जोखिमों से सुरक्षा का सबसे बेहतर तरीका यही है कि बेहतर शहरी नियोजन और प्रबंधन किया जाए। सक्रिय शहरी प्रबंधन रणनीति और अधोसंरचना विकास योजनाओं की बात करें तो इन जोखिमों को ध्यान में रखना उल्लेखनीय बात है।

## खास बात

### तबस्सुम की सफलता



**अंकिता बनर्जी**

**कर्नाटक** की छात्रा तबस्सुम शेख ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया है। कर्नाटक के शिक्षण संस्थानों में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने पर बड़ा विवाद खड़ा हुआ, जिसके लिए अदालत का दरवाजा भी खटखटाया गया।

कर्नाटक की भाजपा सरकार ने पिछले साल की शुरूआत में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर पाबंदी लगा दी थी, क्योंकि यह एक धार्मिक लिबास है और सरकार इसे स्कूल-कॉलेज के ड्रेस कोड के अनुरूप नहीं मानती। हाईकोर्ट ने भी शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने की इजाजत नहीं दी। सरकार के फैसले के खिलाफ कई लड़कियों ने अपील दायर की, तबस्सुम भी उन्हीं में से एक थी। बहुत सी लड़कियों ने हिजाब न पहनने के कारण कक्षाओं में जाना छोड़ दिया और कई का तो साल भी बर्बाद हो गया, क्योंकि वे परीक्षा नहीं दे पाईं। लेकिन तबस्सुम के पिता ने उन्हें समझाया कि कानून का पालन करना चाहिए और शिक्षा बच्चों के लिए किसी भी चीज से अधिक महत्वपूर्ण है। तबस्सुम ने उनकी नसीहत पर अमल करते हुए हिजाब के ऊपर शिक्षा को चुना और उम्दा अंक लाकर अव्वल स्थान प्राप्त किया। तबस्सुम की यह सफलता की कहानी अब टीवी चैनलों से लेकर कई बड़े अखबारों में छाई हुई है। कोई लड़की तमाम विवादों के बीच अगर अच्छे से पढ़कर पहला स्थान हासिल करे, तो वह वाकई अन्य विद्यार्थियों के लिए मिसाल है।

लगभग हर जगह यही बताया जा रहा है कि तबस्सुम ने हिजाब के ऊपर शिक्षा को चुना। तो क्या यह सवाल नहीं किया जाना चाहिए कि हिजाब और शिक्षा को एक पलड़े में रखा कैसे गया। किसी बच्ची को दोनों में से किसी एक को चुनना पड़े, ऐसी नौबत क्यों आई। अगर तबस्सुम में हिजाब में रहती, तो क्या उसकी मेधा पर कोई असर पड़ता। तबस्सुम शुरू से मेधावी और मेहनती दोनों रही होगी, तभी उसने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की। हिजाब पहनना या न पहनना किसी की व्यक्तिगत पसंद होनी चाहिए और यह पैमाना हर धर्म और हर नागरिक के लिए होना चाहिए।

# मन का काम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंद सरस्वती**

मैं नहीं चाहता कि तुम अभ्यास करो या ना करो, ये तुम पर छोड़ दिया है। मेरे लिए यह बताना जरूरी है कि आज दुनिया के सोच वाले लोग योग को न केवल हिन्दू या मुसलमान, बल्कि अग्निशामक, जिन्हें भगवान, वास्तविकता, आत्मा, या जीवन के बाद की कोई अवधारणा नहीं है, सिर्फ मैटर, टोटल में विश्वास करने वाले लोग कितना महत्वपूर्ण हैं मैटर और मैटर से परे कुछ भी नहीं। वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि योग के अभ्यास से मस्तिष्क की सामग्री की गुणवत्ता को बदला, प्रभावित, रूपांतरित या पूरी तरह से मेटामोर्फोस्ड किया जा सकता है।

पिछले 30 वर्षों में योग भारत के साथ-साथ विदेशों में भी वैज्ञानिक अध्ययन का विषय बन चुका है। सबसे पहले, वैज्ञानिक अध्ययन योग के सबसे ज्ञात पहलुओं, योग आसनों पर किए गए थे। कई देशों में वैज्ञानिकों और डॉक्टरों की टीमें शरीर पर योग आसनों के संभावित प्रभावों का अध्ययन कर रही थी। बेशक, हर जगह टीमों ने अपने शोध में एक बहुत ही शानदार रिपोर्ट दी। फलस्वरूप योग आसन चिकित्सा का बहुत शक्तिशाली साधन बन गए।

पिछले तीन दशक या उससे अधिक दिनों में कई लाइलाज बीमारियों, पुरानी और संवैधानिक दोनों को भारत के साथ-साथ विदेशों में सफलतापूर्वक निपटा जा रहा है। यह योग का बहुत ही प्रारंभिक लेकिन एक महत्वपूर्ण पहलू है।

(सत्यानंद योग मिशन)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### नयी सोच बने

**तालाब,** नदियों को बचाने की मुहिम एक सार्थक मुहिम है। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या से प्राकृतिक असंतुलन है, जिसके लिए पेड़-पौधों, नदी, नहरों, नालों और तालाबों आदि के उचित प्रबंधन की जरूरत है। वर्तमान में इनकी सफाई नहीं हो पा रही है। वहीं लोगों द्वारा अतिक्रमण होने के साथ ये गंदगी, गाद और मिट्टी से बुरी तरह अटी पड़ी हैं।

**– शक्तिधर पाण्डेय, गढ़वा**

### परिवारवाद से मुक्त हो

**दशकों** का इतिहास बताता है कि वह गांधी नेहरू परिवार के सदस्य या उनके प्रतिनिधि को ही स्थायित्व मिल पाता है। यद्यपि परिवार के सहमति बिना भी कई प्रभावशाली लोग अध्यक्ष बने किंतु वे टिक नहीं पाए। जिस पार्टी की बुनियाद परिवारवाद पर टिकी हो उसका नेतृत्व लोकतांत्रिक रूप से गठन करना मुश्किल है। अब कांग्रेस जनता भरोसे है और जनता कांग्रेस पर भरोसा नहीं करती।

**– दिव्यांश, कोडरमा**


**प्रवासी** मजदूरों के लिए विधायक निधि से जारी राशि का जिक्र तो है, ये पैसा अबतक कितने लोगों को मिल पाया है उसकी संख्या क्यों नहीं बताते ?सांसदों ने चिकित्सा सुविधा व उपकरणों के लिए जो फण्ड दिया उसके उपयोग का कोई हिसाब नहीं

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

**खेल** विभाग के पोर्टल व वेबसाइट के माध्यम से खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों की जानकारी साझा कर सकेंगे। वेबसाइट में उपलब्ध विभाग से संबंधित जानकारी से खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। खेल के दौरान दुर्घटना के शिकार खिलाड़ियों का इलाज सरकार करे। **–हेमंत सोरेन**





**जब** तक सफलता पूरी न मिल जाए, लापरवाही नहीं करनी चाहिए।

जब तक इस महामारी की वैक्सीन नहीं आ जाती, हमें कोरोना से अपनी लड़ाई को कमजोर नहीं पड़ने देना है

**– नरेन्द्र मोदी**

# अध्यात्म का उदार चिंतन और सामाजिक समरसता

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**परम** सत्ता तक पहुंचने के विविध मार्ग बताए गए हैं। यह उदार चिंतन केवल भारत में हुआ। हिन्दुओं के सभी पंथ और उपासना पद्धति के प्रति सम्मान रखिए। इनका सांस्कृतिक सूत्र एक है। भारत में समय-समय पर संतों ने समरसता का ही संदेश दिया। अपने को एक मात्र श्रेष्ठ मानने का विचार भारतीय चिंतन में कभी नहीं रहा। वैदिककाल में कर्म आधारित व्यवस्था थी। ऐसे भी उदाहरण है जब ऋषि ने अपने पुत्र को ही ब्राह्मण नहीं माना था। स्वामी दयानन्द, स्वामी विवेकानंद और आचार्य श्रीराम शर्मा ने वैदिक आधार पर आडम्बर दूर करने के प्रयास किए। इन्होंने गायत्री मंत्र साधना का सबको अधिकार दिया। यह वैदिक अवधारणा है। यह हिन्दू दर्शन की विशेषता है।

हमारे ऋषि कहते हैं मेरा चिंतन जहां तक गया, उसे प्रकट किया। लेकिन यह अंत नहीं है। प्रश्न और जिज्ञासा हिन्दू चिंतन की विशेषता है। समय समय पर संतो महापुरुषों ने समाज को जागरूक किया। ऐसे सभी लोगों का सम्मान करिए। उनसे सहमति असहमति हो सकती है। लेकिन इन सभी लोगों ने अपने-अपने ढंग से सामाजिक समरसता का ही संदेश दिया। परिस्थितियों और आस्था के अनुरूप जितना सम्भव हो, उतने का पालन करिए। माता-पिता के जीवनकाल में उनकी सेवा करिए। समाज और राष्ट्र के हितों के प्रतिकूल आचरण नहीं होना चाहिए।

## विचार

सामाजिक समरसता का भाव रहना चाहिए। उपासना पद्धति में अंतर होने से भी इस विचार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। भारत में तो प्राचीन काल से सभी मत पंथ व उपासना पद्धति को सम्मान दिया गया। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ही भारत की विचार दृष्टि है। निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक समरसता भारत की विशेषता रही है। बंधुत्व शब्द हिंदुत्व की भावना के अनुरूप है। इस दर्शन में किसी सम्प्रदाय से अलगाव को मान्यता नहीं दी गई। विविधता के बाद भी समाज एक है। भाषा,जाति, धर्म,खानपान में विविधता है। उनका उत्सव मनाने की आवश्यकता है। कुछ लोग विविधता की आड़ में समाज और देश को बांटने की कोशिश में जुटे रहते हैं। लेकिन भारतीय चिंतन विविधता में भी एकत्व सन्देश देता है। हमारी संस्कृति का आचरण सद्भाव पर आधारित है। यह हिंदुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले ईसाई और मुस्लिम परिवारों के भीतर भी यह भाव साफ देखा जा सकता है। क्रोध और अविवेक के कारण इसका लाभ लेने वाली अतिवादी ताकतों से सावधान रहना है। सेवा समरसता आज की आवश्यकता है। इस पर अमल होना चाहिए। इसी से श्रेष्ठ भारत की राह निर्मित होगी। वर्तमान परिस्थिति में आत्म संयम और नियमों के पालन का भी महत्व है। समाज में सहयोग सद्भाव और समरसता का माहौल बनाना आवश्यक है। भारत ने दूसरे देशों की सहायता करता रहा है, क्योंकि यहीं हमारा विचार है।

समस्त समाज की सर्वांगीण उन्नति ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। जब हिंदुत्व की बात आती है तो किसी अन्य पंथ के प्रति नफरत, कट्टरता या आतंक का विचार स्वतः समाप्त हो जाता है। तब वसुधैव कुटुंबकम व सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव ही जागृत होता है। भारत जब विश्व गुरु था,तब भी उसने किसी अन्य देश पर अपने विचार थोपने के प्रयास नहीं किए। भारत शक्तिशाली था, तब भी तलवार के बल पर किसी को अपना मत त्यागने को विवश नहीं किया। दुनिया की अन्य सभ्यताओं से तुलना करें तो भारत बिल्कुल अलग दिखाई देता है।

# भारत सरकार का पौंजी स्कीम आखिर क्या है?



**अजयदीप बाधवा**

पौंजी स्कीम भारत सरकार ने पोंजी स्कीम के विरुद्ध कड़े कानून बनाए और लागू करने में हाल में बहुत रुचि दिखाई है और इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के साथ इन स्कीमों पर कड़ी कार्यवाही के संकेत दिए हैं। पर आखिर यह पोंजी स्कीम होती क्या है?

दरअसल पोंजी स्कीम वह होती है जिसमें निवेशकों से ज्यादा ब्याज और लाभ का लालच दे कर पैसा निवेश के रूप में लिया जाता है। पोंजी स्कीम चलाने वाले, जब बाद में ब्याज नहीं दे पाते हैं जो कि स्वाभाविक है, तो नए निवेशकों से पैसा ले कर पूराने निवेशकों को ब्याज का भुगतान करते हैं। अर्थात पोंजी स्कीम ऐसी स्कीम को कहा जाता है जिसमें निवेशकों का पैसा नए और लाभप्रद निवेश में न लगाकर पुराने निवेशकों को अधिक ब्याज देने में खर्च किया जाता है। जब तक नए निवेशक पोंजी स्कीम के जाल में फंसते रहते हैं तब तक पुराने निवेशकों को पैसा मिलता रहता है; जैसे ही नए निवेशक नहीं निवेश करते हैं, सारे निवेशकों का पैसा डूब जाता है। भारत में ऐसी स्कीमों की भरमार है और लोग पैसा लगाते हैं। कुछ दिन बाद जब उनको अपना ब्याज और मूल नहीं मिलता है तो सड़कों पर निकल पड़ते हैं और सरकार से मदद की मांग करते हैं। अर्थात,

## विचार




गलत निवेश निवेशक करे और उनके हानि की भरपाई सरकार आम आदमी से टैक्स लेकर करे!!!

यह स्थिति भयावह होती है जिसकी परिकल्पना 1920 में चार्ल्स पोंजी ने की थी जिनके नाम पर ही ऐसी स्कीम का नाम पोंजी स्कीम पड़ा। लोगों को चाहिए कि ऐसी स्कीम से बचें। जो भी संस्था अन्यावश्यक रूप से अधिक ब्याज देने की बात करे, उस से सावधान रहें। बेहतर होगा कि निवेशक ऐसी स्कीम में निवेश के पूर्व कंपनी का इतिहास, कार्य, प्रबंधन और योजना की जानकारी लें, एक्सपर्ट की सलाह लें और तब निवेश करें। यह हमें सदैव ध्यान रखना चाहिए कि जो स्कीम ज्यादा ब्याज का लालच दे रही है उसके डूबने के आंशंकाए भी बहुत ज्यादा है। उदाहरण स्वरूप अभी हमारे देश में बैंक लगभग 8 % के लगभग ब्याज दे रहे हैं। सरकारी स्कीम, जैसे पब्लिक प्रॉविडेंट फंड, सीनियर सिटीजन स्कीम, पोस्ट ऑफिस मासिक आय योजना, कन्या समृद्धि योजना आदि में भी लगभग इतना ही ब्याज मिल रहा है। म्यूचुअल फंड में भी लंबे समय तक निवेशित रहने वाले निवेशक को 10 से 12 % तक लाभ मिल सकता है। ऐसे समय में अगर अभी कोई कंपनी निवेशक को 15 % से अधिक का ब्याज देने का ऑफर देती है तो वह पोंजी स्कीम हो सकती है। इनसे सावधान रहें, क्योंकि कुछ समय तक तो यह ब्याज देंगी पर बाद में पैसे का डूबना निश्चित है।

**(स्टेट हेड, फिनशास्त्रा झारखंड, निवेश और कर सलाहकार, रांची)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## भुरकुंडा थाना नये भवन में शिफ्ट



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ जिला का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस भुरकुंडा ओपी के नये दो मंजिला भवन का 28 अप्रैल को रामगढ़ एसपी विधिवत उद्घाटन करेंगे। वहीं थाना के नये भवन में पूजा के साथ बुधवार को गृह प्रवेश हुआ। इस दौरान पुरोहित द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच थाना परिसर में पूजा-अर्चना कराई गई। ज्ञात हो कि भुरकुंडा ओपी का नया दो मंजिला भवन करीब 2 करोड़ 60 लाख की लागत से बना है। ओपी परिसर में ही आधुनिक सुविधाओं से लैस आधुनिकता और भव्यता के मामले में यह रामगढ़ जिला का पहला भवन है। पूजा में पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र कुमार चौधरी, एसडीओ रामगढ़ किशोर रजक, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि व पुलिस प्रशासन के लोग शामिल थे।

## पीवीयूएन ने स्कूलों में दिया कंप्यूटर




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन लिमिटेड ने सामुदायिक विकास के तहत बुधवार को नव प्राथमिक विद्यालय उपर टोला, संकुल और नव प्राथमिक विद्यालय साहितंद में कंप्यूटर दिया। कंप्यूटर का वितरण सांकुल मुखिया सुमन भारती, कोतो मुखिया निधि सिंह, राजेश डुंगडुंग डीजीएम (आरएंडआर), संतोष कुमार सिंह एसएम (आरएंडआर), पीआरआई प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया। वर्तमान के इस डिजिटल युग में कंप्यूटर स्कूली छात्रों को उनकी पाठ्य पुस्तकों से परे सीखने के अवसर देता है। कंप्यूटर देश और बाहर की दुनिया से संबंधित विषयों पर उनके ज्ञान को फैलाने में भी मदद करता है। वितरण के मौके पर स्कूल प्रतिनिधियों ने पीवीयूएन के प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि पीवीयूएन लिमिटेड अपना सामाजिक दायित्व बखूबी निभाती रही है।

## जगरनाथ महतो के पुत्र को मंत्री बनाया जाये



**रामगढ़।** झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव रमेश कुमार महतो ने कहा कि दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू को राज्य में मंत्री बनाया जाए। उन्होंने कहा की शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो एक आंदोलनकारी, जुझारू,कर्मठ एवं जनप्रिय नेता थे। उन्होंने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री ने झारखंड राज्य निर्माण में अहम योगदान दिया था। वह हमेशा गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करते थे। जहां भी लोगों के साथ अन्याय होता था वे उसके विरूद्ध आंदोलन करते थे। श्री महतो ने कहा की वे हमेशा राज्य में 1932 के खतियान को लागू करने की मांग करते थे। उन्हीं की कोशिश से राज्य में 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति को स्वीकृति दी गई। लोगों के बीच लोकप्रिय होने के कारण स्व जगरनाथ महतो कई बार विधायक बने। उन्होंने राज्य के लिए कई सपने देखे। रमेश कुमार महतो ने कहा की उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए उनके पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू को राज्य में मंत्री बनाया जाए।

## कुजू कोलियरी कमिटि का पुनर्गठन

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के कुजू कोलियरी परियोजना के क्लब में सीसीएल सीकेएस के कमिटी पुनर्गठन को लेकर गुरुवार को बैठक हुई। सर्वसम्मति से सगंठन मंत्री धनंजय मिश्रा द्वारा नई कमिटी की घोषणा की गयी। जिसमें अध्यक्ष सुशील कुमार,उपाध्यक्ष वकील साव,प्रबोध कुमार सेन,सोहन मांझी,सचिव प्रेम,सह सचिव धनेश्वर साव,जयनंदन पटेल,दशाराम हांसदा, कोषाध्यक्ष महादेव भुइया,उपकोषाध्यक्ष नंदकिशोर मांझी,संगठन मंत्री सुकरा उरांव का चयन किया।

## बिजली चोरी में 12 पर केस दर्ज

**बिष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ के बनासो क्षेत्र में बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी की गई। बिल के बकाएदार व अवैध रूप से बिजली का उपभोग करने वाले लोगों का बिजली कनेक्शन भी काट दिया गया। छापेमारी में कनिया अभियंता, अमित अनुज मिंज, संतोष कुमार पटेल, राकेश कुमार, गिरधारी महतो, प्रकाश महतो, राजू महतो, बालेश्वर महतो व अन्य शामिल थे। बारह लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# बरही में एक मई से जनसंवाद यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



### स्थानीय लोगों को रोजगार में नहीं दी जा रही प्राथमिकता : संजय मेहता

बरही। बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता के निजी आवास न्यू कॉलोनी बरही में संजय मेहता एवं समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने संयुक्तरूप से प्रेसवार्ता कर बरही विधानसभा समेत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुनियादी मुद्दों को लेकर 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर जनसंवाद यात्रा शुरू होगी। संजय मेहता ने बताया कि बरही समेत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ धर्म, जाति एवं क्षेत्र के नाम से लोगों को ठगा जा रहा है। जिसमे जनता के सवाल गौण हैं। चाहे विस्थापितों का मुद्दा हो, पानी, बिजली, सड़क, रोजगार एवं शिक्षा की बात हो, हजारीबाग के पत्थर व्यवसायियों की समस्या हो, रामगढ़ में विस्थापितों की समस्या हो, बड़कागांव में विस्थापितों की समस्या की बात हो, मांडू में जन समस्याओं की बात हो हर जगह स्थानीय और मूलनिवासी ठगे जा रहे हैं। जमीनों का अधिग्रहण हो रहा है लेकिन स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। बरही विधानसभा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं पर गौर करने से पूर्व एक बात और गौर करने वाली है कि इन दो स्तरों पर निर्वाचित प्रतिनिधि इस माटी के नहीं हैं। नब्बे के दशक से लंबे वक्त तक वैसे लोगों का कब्जा कायम है, जिनका इस माटी से भावनात्मक लगाव नहीं है। उनकी कार्यशैली में दिखाई देता है। इस कारण बरही विधानसभा समेत हजारीबाग लोकसभा में जनता के सवाल और मुद्दे हाशिए पर चले गए हैं। जिससे हमारी पीढ़ियाँ पिछड़ रही है।आजादी के सात दशक और झारखंड निर्माण के दो दशक से अधिक हो गए हैं। लेकिन अब तक बरही में बेटियों-बहनों के पढ़ने का एक महिला कॉलेज तक नहीं है।राजनीतिक उदासीनता के कारण हम अपनी पीढ़ियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण नहीं दे पा रहे हैं। इससे हमारी पीढ़ियाँ बर्बाद हो रही है। सिर्फ धर्म, सम्प्रदाय की राजनीति को आधार बनाकर समाज को दिग्भ्रमित किया जा रहा है। ऐसे में चुप नहीं बैठा जा सकता है। भुनेश्वर यादव ने कहा कि बरही में स्थानीय नेतृत्व नहीं होने के कारण माटी के दर्द को यहाँ के जनप्रतिनिधि महसूस नहीं कर पा रहे हैं।ज्ञात हो कि बरही की पेयजलापूर्ति योजना डीवीसी और पेयजल विभाग के फाइलों में उलझकर रह गयी है। इससे स्पष्ट है कि यहाँ के जनप्रतिनिधियों में जनसमस्याओं को लेकर गंभीरता नहीं है। नुक्कड़ सभा के माध्यम से जल्द से जल्द वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट योजना को पूर्ण करने का आग्रह किया जाएगा।


## चारदीवारी विवाद में मारपीट और तोड़फोड़

**दारू।** जिनगा पंचायत के ग्राम महेशरा में बुधवार को चारदीवारी पर कब्जे और इसे तोड़ने के विवाद में दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट, गाली गलौज व विवाद हो गया। स्वास्थ्य उपकेंद्र महेशरा में के बगल में खाली जमीन को लेकर विवाद पिछले कुछ दिनों से चल रहा था। सीओ नीतू कुमारी और दारू थाना प्रभारी अमित कुमार को आवेदन दिया था।इस विवाद की मूल जड़ भनेश्वर राणा का वर्षो पूर्व निर्मित घर है जिसकी जमीन पर महेशरा के ही भुनेस्वर प्रजापति और उनका परिवार अपनी जमीन बताता है। इसी विवाद को लेकर बुधवार को परमेश्वर प्रजापति करीब एक दर्जन लोगों को लेकर दिनदहाड़े चारदीवारी को कुदाल, ड्रिल मशीन आदि की सहायता से दिन दहाड़े तोड़ दिया वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने भी आरोप लगाया कि उसके द्वारा निर्मित अपने हिस्से चारदीवारी को तोड़ दिया गया।इस मामले में मारपीट व गालीगलौज होने की जानकारी दारू थाना पुलिस को मिली जिसके बाद मौके पर पुलिस ने पहुंचकर चारदीवारी तोड़ने वाले समान व एक आरोपी बबलू प्रजापति को पकड़ लिया बाकी लोग फरार हो गए।इस मामले में दोनो पक्षो के द्वारा दिये गए आवेदन के आधार पर 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रथम पक्ष से बेबी देवी के आवेदन पर कांड संख्या 28/23 में परमेश्वर प्रजापति, बबलू प्रजापति,भुनेश्वर प्रजापति, गणेश देवी सहित 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में दूसरे पक्ष से गणेशी देवी के आवेदन पर भुनेश्वर राणा,बेबी देवी, सुजीत कुमार, सबिता देवी, अजीत राणा, निक्कू कुमार, निशि कुमारी, निक्की कुमारी सहित दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# सांडी-रजरप्पा सड़क जल्द करें पूरा : डीसी

### अधिगृहित जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान शीघ्र करें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** आधारभूत संरचना एवं विभिन्न परियोजनाओं के तहत गुरूवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने बरलांगा कसमार सड़क निर्माण के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्य प्रगति की जानकारी लेने के उपरांत शत प्रतिशत मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने के संबंध में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने सांडी-रजरप्पा मार्ग में बाकी बचे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, भू अर्जन पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने बालेश्वर महतो



**बडकागांव।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी द्वारा बड़कागांव निवासी बालेश्वर महतो की संगठन में सक्रियता को देखते हुए उन्हें ओबीसी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी ने जो विश्वास जताते हुए दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। पार्टी के नीति ,सिद्धांत और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा कर पार्टी को और सशक्त बनाने का काम करूंगा । इनके मनोनयन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बिनोद भगत, किशोरी राणा,रामपति राम,महेंद्र ठाकुर, रामचंद्र चौधरी,कैलाश कुमार,मनोज गुप्ता, जयनारायण प्रसाद ,टुकेश्वर प्रसाद, बालेश्वर कुमार ,नरसिंह प्रसाद ,पूनम साहू, खेमलाल महतो ने हर्ष व्यक्त किया।

## भुरकुंडा में केंद्रीय विद्यालय खोलने को ले मुखिया संघ ने डीसी को दिया ज्ञापन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुनः भुरकुंडा में स्थापित करने की मांग को ले गुरूवार को पतरातू प्रखंड मुखिया संघ, उप प्रमुख बबीता पांडेय, भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच सहित भुरकुंडा कोयलांचल क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने रामगढ़ उपायुक्त को पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा लंबे समय से रीवर साईड भुरकुंडा में सीसीएल द्वारा संचालित किया जा रहा था। लेकिन बिना किसी ठोस कारण के सत्र 2008 में एक षड्यंत्र के तहत इसे बंद कर दिया गया। साथ ही भुरकुंडा के केंद्रीय विद्यालय को बरकाकाना घुटवा में इसी भुरकुंडा के नाम से स्थापित किया गया था। लेकिन अब कुछ वर्ष बाद केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा राज्य सरकार से अपने नये भवन का निर्माण कार्य हेतु पांच एकड़ जमीन की मांग की गई है। लेकिन अभी तक अंचल कार्यालय पतरातु द्वारा भुरकुंडा के आसपास भूमि उपलब्ध नहीं होने के चलते उक्त विद्यालय को भू-माफिया एवं शिक्षा माफिया के दबाव में भुरकुंडा से लगभग 20 किमी दूर मसमोहना गांव में भूमि अधिग्रहित कर खोलने की प्रक्रिया आरंभ किया गया है। जबकि ग्राम मसमोहना में पहले से एक केंद्रीय विद्यालय संचालित है। कहा गया कि भुरकुंडा कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के मुखिया संघ, भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच, सामाजिक संगठन एवं जन प्रतिनिधियों ने केंद्रीय विद्यालय को भुरकुंडा में पुनः स्थापित करने की मांग की है।

## स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठायें पत्रकार : असीम

**रामगढ़।** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार की प्रेसवार्ता में जिले के कई पत्रकार शामिल हुए। उन्होंने बताया कि पत्रकारों के हित में राज्य सरकार ने झारखंड राज्य पत्रकार स्वाथ्य बीमा योजना लागू किया है। उन्होंने कहा कि पत्रकार योजना का लाभ लें। बताया कि इसके दायरे में 21-60 वर्ष तक के पत्रकार आयेंगे। योजना का लाभ लेने के लिए पत्रकार को स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

जिन्हें आयुष्मान योजना का लाभ मिला है वे इसका लाभ नही ले पायेंगे। बताया की इसके अहत पत्रकार को ग्रुप मेडिक्लेम की पॉलिसी के लिए 5 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना की स्थिति में 5 लाख रुपए तक का बीमा होगा। उन्होंने बताया की आवेदक को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए संपादक/ नियोजक,ब्यूरो प्रमुख के हस्ताक्षर से बीमाधारक पत्रकार के पक्ष में निर्गत सवैतनिक पूर्णकालिक /अंशकालिक प्रतिनिधि होने के नियुक्ति पत्र/संबद्धता प्रमाण पत्र की प्रति आवेदन संलग्न करना होगा।

## बिजुल देवी ने विधायक प्रतिनिधि से दिया त्यागपत्र

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड भाजपा के विधायक प्रतिनिधि बिजुल देवी स्वेच्छा से अपने पद से त्याग-पत्र दे दी है। उन्होंने पद पर रहकर काम करने में अपनी असमर्थता जताई है। मालूम हो कि इसके पूर्व वह महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष भी रह चुकी हैं।

# पत्रकार टीपी. सिंह और शाद्वल को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**




### विलक्षण प्रतिभा के धनी थे टीपी सिंह : एसपी

**हजारीबाग।** पत्रकार स्व. टीपीसिंह और स्व.शाद्वल कुमार को शहर के गणमान्य लोगों और मीडियाकर्मियों ने श्रद्धांजलि दी। दोनों का असामयिक निधन कोरोना काल में अप्रैल माह में हुआ था। हजारीबाग शहर के अन्नदा चौक स्थित प्रभु निवास मार्केट में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन, हजारीबाग इकाई और भैया अभिमन्यु प्रसाद के संयुक्त रूप से पुण्यतिथि- सह- श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया था। सभा में जिले के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के लोग, समाजसेवी, पत्रकार, व्यवसाई, अधिवक्ता, शिक्षक सहित अन्य प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में जुटे। दोनों दिवंगत पत्रकारों की तस्वीर पर पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया ।मौके पर मौजूद हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने कहा कि करीब 11 साल पहले जब मैं हजारीबाग आया था तो उस वक्त पहली बार हजारीबाग के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक पंकज कंबोज के कार्यालय कक्ष में टीपी सिंह से पहली मुलाकात हुई थी। मैंने अपनी पहली मुलाकात के दौरान उनसे हुई बातचीत में ही यह भांप लिया था कि टीपी सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी है और बेखौफ होकर इमानदारी पूर्वक पत्रकारिता करते हैं। फिर बाद में मैं लोहरदगा, रांची और धनबाद जिले में रहा। इस दौरान उनसे फेसबुक से जुड़ा रहा और उनकी कार्यशैली को देखकर गर्व होता था कि वर्तमान समाज में भी कलम के सिपाही सोए नहीं है। एसपी मनोज रतन ने पत्रकार स्व शाद्वल कुमार के व्यवहार कुशलता की भी प्रशंसा की और आने वाले भविष्य में हजारीबाग के पत्रकारों से आग्रह किया कि इनके पद चिन्हों पर चलकर आप इनके सपने को साकार करें। वही भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने स्व टीपी सिंह की मौत को अस्वाभाविक बताते हुए इसपर रहस्य बरकरार रहने की बात कही। हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि दोनों का बड़े भाई जैसा मार्गदर्शन मिला और सामाजिक जीवन में इनसे बहुत कुछ सिखने को मिला। भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि इनके निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता ने कई गलत लोगों को परेशान किया लेकिन अभाव और मुफसिली में जी कर भी इन्होंने अपने कलम को कभी बेचा नहीं ना ही खुद के पत्रकारिता जीवन में कभी कलंक लगने दिया। श्रद्धांजलि सभा को सीपीएम नेता गणेश कुमार वर्मा, कांग्रेस नेता अवधेश कुमार सिंह, झामूमो नेता शंभुलाल यादव, कांग्रेस के शशिमोहन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन सोनी, अमरनाथ पाठक, सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

रामगढ़ थाना कांड सं0–01/2018 के अभियुक्त लवकेश गंजू उर्फ लवकश जी पिता परमान्द गंझू सा0 कोरीग्रम खूर्द थाना बालुमाथ जिला लातेहार के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि अभियुक्त लवकेश गंजू उर्फ लवकश जी पिता परमान्द गंझू सा0 कोरीग्रम खूर्द थाना बालुमाथ जिला लातेहार के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस अधीक्षक, पलामू :– 9431706238
अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर:– 9431706240
थाना प्रभारी, रामगढ़ :– 9431706260

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

PR.NO.296093 Police(23-24):D

**राँची समाहरणालय,राँची।**
(जिला समाज कल्याण शाखा)

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

राँची नगड़ा टोली, वाड न0 19 अन्तर्गत संचालित सखी निवास (Working Women Hostel) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक स्वयं सेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में दिनांक 10.05.2023 के अपराह्न/पूर्वाह्न 12.00 बजे तक आवेदन जमा करेंगे। प्राप्त आवेदनों को दिनांक 10.05.2023 के अपराह्न/पूर्वाह्न 04.00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में खोला जायेगा, आवेदन खोलने के समय गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति का नियम एवं शर्तें राँची जिला के Website – www.nic.ranchi.in एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय के सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची। | उप विकास आयुक्त, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 296086 (Ranchi) 23-24 (D)

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER -CUM- DISTRICT MAGISTRATE, PALAMU**
(District Development Section)
Phone No. 06562-224433 E-mail :- ddc-pal@nic.in

**Notice**

This is to inform that the Section-12 of Financial Bid of Tender No.-596/D, Dated-21-04-2023 (Advertisement PR No.- 295707 Dated-21-04-2023) is amended to the extent that evaluation of the bid will be done based on the lowest rate quoted for each item. Annexure-03 is thus withdrawn.

Deputy Development Commissioner, Palamu

PR 296062 (District) 23-24 (D)

**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

**RE-TENDER**
**SHORT NOTICE INVITING TENDER**
(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)
NIT No.- JIIDCO/06/2023-2024

Designation and Address of the Advertiser :- Executive Engineer, Office of M.D.JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 28.04.2023
3. Period downloading of Bidding Documents :- Date 28.04.2023 to 08.05.2023
4. Bids online submission :- Date 28.04.2023 to 08.05.2023
5. Bid opening date :- Date 09.05.2023 Time: 3:30 P.M.
6. Details of works:-

| Bid No. | Tender reference No- | Name of work | Estimated Cost/ECV (Rs. In Crore) | Amount of Earnest money (Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | JIIDCO/06/CSQC/Kulhi Ranchi/2023-2024 | Request for Proposal for "Engagement of Construction Supervision and Quality Control (CSQC) Consultant For the works of Construction of Road development work from State Highway to Industrial Compound at kulhi, Ormanji, Ranchi. | 9.14 Crore | 50,000.00 | 10,000.00 | 12 Months |

1. The original copy of Tender cost and Earnest Money Deposit (EMD) must be submitted in JIIDCO office up to 09.05.2023 by 03:00 P.M. If Tender cost and EMD are not received before above mentioned date and time tender shall not be accepted.
2. Place to receiving tender cost and EMD :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
3. Bid Validity :- 120 days
4. Place of opening of Technical Bid :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
5. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 8292234107 may be contacted.
6. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
7. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

Note: The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 4 is approximate which may be increased or decreased.

Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranch

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA**

**e-Procurement Notice**

e-Tender Reference No. RCD/GUMLA/ Date :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Strengthening and widening/Reconstruction to Two lane with paved shoulder for Sisai-Basia road.(Including Bridge) Under Road Division Gumla(Total Length -36.90 km) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 95,61,01,620.00 (Rs. Ninety five Crore sixty one lakh one thousand six hundred twenty ) Only. |
| 3. | Time of Completion | 28 Months |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 05.06.2023 Up to 12:00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 12.05.2023 From 10:30 A.M. |
| 6. | Opening Date of Tender | 06.06.2023 12.30 PM |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Gumla. |
| 8. | Contact no. of e-Procurement officer | 06524-222097 |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

1. Tender amount can be increased or decreased.
2. Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
RCD, Road Division, Gumla.

PR 296063 Road(23-24)#D

स्पीड न्यूज

## बुढ़ाखुखरा में नर्सरी के छात्र की मौत

**मांडर।** प्रोग्रेसिव चिल्ड्रेन स्कूल, बुढ़ाखुखरा में नर्सरी के छात्र की मौत हो गई है। घटना गुरुवार करीब आठ बजे की है। बताया जाता है उड़ा खोखरा निवासी गौरव खलखो के चार वर्षीय पुत्र अर्पण खलखो का दस दिन पूर्व प्री नर्सरी में नामांकन कराया गया था। क्लास में पढ़ाई के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर गया, जिसके बाद उसे शिक्षक के द्वारा मांडर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्कूल आते ही वह रोता रहता था। गुरुवार को भी वह क्लास में बैठ कर रो रहा था। मृतक की मां संगीता खलखो ने बताया कि अर्पण को दिल की बीमारी थी। उसका इलाज चल रहा था। चिकित्सकों द्वारा चार साल के बाद उसके दिल के ऑपरेशन की सलाह दी गई थी, लेकिन वे उसका ऑपरेशन नहीं करा सके थे।

## चचगुरा महरा पतरा में घर से 15 बोरा डोडा जब्त

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के चचगुरा महरा पतरा स्थित एक मकान से गुरुवार को पुलिस ने 15 बोरा डोडा जब्त किया है। बाजार में इसकी कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गयी है। थाना प्रभारी रजनी रंजन के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी रजत मणिक बाखला के नेतृत्व में गांव के अनिल कुमार के नवनिर्मित मकान में छापामारी की गयी। इस दौरान मकान के चहारदीवारी में प्लास्टिक बोरे में बंद दो क्विंटल डोडा बरामद किया गया। मकान मालिक अनिल कुमार ने पुलिस को जानकारी दी कि पलामू के सत्येंद्र प्रसाद व जितेंद्र प्रसाद ने मुरही व सोया बड़ी का व्यापार किये जाने के नाम पर मकान को किराये पर लिया था। छापामारी के दौरान उक्त दोनों व्यक्ति मकान में नहीं मिले। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापामारी जारी है।

# दहकते अंगारों पर चले आस्था के कदम

## ओरमांझी के मनातु में झूलन के साथ मंडा पूजा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



मंडा पूजा में फूलखुंदी रस्म करने जाते शिवभक्त सोकताइन।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के श्रीश्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर डुंडे मनातु परिसर में आयोजित षिवभक्ति की षिक्ति का परिचायक मंडा पूजा छऊ नृत्य व झूलन के साथ संपन्न हो गया। नौ दिन तक चली मंडा पूजा में ढोल-ढांक बाजे के साथ देवताओं को जगाकर गांव के 101 युवाओं ने (भोगता प्रवेश) पूजा का संकल्प लिया था। होड़ने सेवा से पूर्व सभी भोगताओं ने लोटन सेवा करते हुए मंदिर के चारों ओर परिक्रमा किए। वहीं बुधवार रात्रि में भोक्ता व सोकताईन ने नंगे पांव दहकते अंगारे में चल भगवान शिवभक्ति की शक्ति से परिचय कराया। वहीं कई भोक्ता अपने छोटे बच्चों को गोद में लेकर व कई भोक्ता बच्चे अंगारे में चले। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी ने आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय करमाली को मंदिर के लिए एक बड़ा घंटा प्रदान की और कहा कि फुलखुंदी रस्म में दहकते अंगारे पर भक्तों के पांव पड़ते ही अंगारे फूल बन जाते हैं। किसी भी भक्त के पांव नही जलना षिवभक्ति के प्रति आस्था व शक्ति का परिचायक है। वहीं विषिष्ट अतिथि पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने कहा कि मंडा पूजा ऐतिहासिक व पूर्वजों की देन है। भोक्ताओं की पूजा संकल्प को पुरा कराने में सोकताईनों (मां व बहन) पूजा व व्रत का भी काफी महत्व है। आजसू जिला उपाध्यक्ष रामधन बेदिया ने सफल आयोजन के लिए समिति व ग्रामीणों को बधाई दी। इसके अलावा पंस सदस्य रश्मि रेखा मुंडा सहित कई लोगों ने संबोधन किया। संचालन समाज सेवी भीम मुंडा ने किया।

**शिवभक्ति का परिचायक है मंडा पूजा**

### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर चतुर साहू, अक्षय करमाली, धनिराम मुंडा, संजय करमाली, भरत साहू समिति के अध्यक्ष विजय करमाली, सचिव सुरेश मुंडा व कोषाध्यक्ष फूलचंद साहू, मुखिया रीना देवी, अमरनाथ भोगता, बालकिशोर मुंडा, ग्रामप्रधान जगेश्वर मुंडा, सुकेश मुंडा, उपाध्यक्ष सुरेश करमाली, लशन गंझू, विस्टू मुंडा, सहसचिव संजय करमाली, संरक्षक अरविंद कुमार पतरस, विरेंद्र साहू, मनीराम मुंडा, राधेष्याम मुंडा, शंकर गंझु, शंभु साहू, नरेश मुंडा, विंदू देवी, रीना देवी, तारामणी देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण भक्तगण उपस्थित थे।

## हेसलपिरी में अंगारों पर चले शिवभक्त

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा गुरुवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया। इससे पूर्व बुधवार की शाम 300 भक्तियों ने धुंआसी, लोटन सेवा आदि अनुष्ठान संपन्न किया। इसके बाद पूजा के पुरोहित पप्पू भारती के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हर-हर महादेव के जयघोषों के बीच भक्तियों ने दहकते अंगारे पर चलकर शिव भक्ति का परिचय दिया। रात्रि में बंगाल के छऊ नृत्य टीमों ने अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुवार को झूलन सह मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पवित्र पुष्प पाने की होड़ मेलार्थियों में देखी गई। मंडा पूजा को सफल बनाने में समिति के ललित महतो, सोनालाल महतो, मुखिया कुशेन्द्र पाहन, रामदयाल महतो, कृष्णा लोहरा, हीरालाल पाहन आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# जंगल से युवती का शव बरामद, हत्या की आशंका



खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे/अनगड़ा।** राहे प्रखंड के सताकी पंचायत अंतर्गत कानकट्टा गांव के पांडू टुंगरी के जंगल के बीच में पुलिस ने 22 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बरामद किया है। घटनास्थल अनगड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर देर शाम को शव को रिम्स के शीत गृह में भेज दिया है। इधर ग्रामीणों ने घटना के संबंध में जानकारी देकर बताया कि मवेशी चराने गये लोगों को शाम 3 बजे के आसपास जंगल के बीच में शव को देखा। इन लोगों ने सताकी पंचायत के मुखिया पांडू राम मुंडा को सूचना दिया। मुखिया ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव का मुआयना किया। युवती का गला धारदार हथियार के काटा गया है और चेहरा को कूच दिया गया है। आसपास के लोगों ने शव को पहचानने से इंकार किया है। घटना की सूचना पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, जिला परिषद सदस्य बादल महतो, मुखिया पांडु राम मुंडा भी घटनास्थल पहुंचे।

> पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका लगती है। दूसरे स्थान पर हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। शव के पास से खून के निशान नहीं मिले हैं।

# नामकुम से पकड़े गये फर्जी पुलिस अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस ने फर्जी इंस्पेक्टर बनकर उगाही करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चंदन सिंह( आरा भोजपुर, वर्तमान में नामकोम कालीनगर निवासी) तथा अनिल कुमार यादव शामिल है। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक एसबीबीएल 12 बोर का गन, घटना में प्रयुक्त पुलिस बोर्ड लगा हुआ बोलेरो, कांड में लूटी गई 17, 500 रुपए, हाइवा गाड़ी के कागजात, दो पुलिस टी-शर्ट बरामद किया है।

### बुंडू के व्यक्ति ने दर्ज कराई थी प्राथमिकी

ग्रामीण एसपी मो नौशाद ने बताया कि बुंडू के जीवन सिंह मुंडा ने थाने में एक शिकायत दर्ज कराया था कि एक बोलेरो पर सवार दो लोगों ने नामकुम में उसके बालू लदे हाइवा को रोक लिया और कागजात को जब्त कर लिया। कागजात जब्त करने के बाद मालिक से 50 हजार रूपए की डिमांड की। डिमांड पूरी होती, इसके पूर्व ही इन दोनों आरोपियों ने हाइवा के ड्राइवर के पास रखे 25 हजार रूपए लूट लिया। एसएसपी को शिकायत मिलने के बाद ग्रामीण एसपी ने मुख्यालय द्वितीय एएसपी मूमल राजपुरोहित के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम उक्त बोलेरो की खोज शुरू कर दी। पुलिस को जांच में पता चला कि पुलिस लिखा बोलेरो को खरसीदाग ओपी एरिया में देखा गया। पुलिस ने वहां छापेमारी की और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी चंदन कुमार सिंह ने बताया कि वह एक प्राइवेट एजेंसी में गनमैन है।

# धू-धू कर जला दुकान-मकान, बची जान, 20 लाख की क्षति

खबर मन्त्र संवाददाता



आग लगने के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कुल्ही स्थित एक राषन दुकान में आग लगने से दुकान में रखे नगद 1.25 लाख सहित 20 लाख का नुकासान हुआ है। दुकान भारती स्टोर के साथ मकान पुरी तरह आग से घिर गया था। मकान में फंसे बच्चे सहित छह लोग रस्सी की मदद से छत से नीचे उतर अपनी जान बचाई। ओरमांझी कुच्चू रोड़ किनारे भुनेष्वर महतो की भारती स्टोर है। नीचे व पहले, दूसरे तल्ले दुकान है और ऊपर में भुनेश्वर महतो के साथ पत्नी वीणा देवी, तीन बेटी भारती कुमारी, ज्योति कुमारी, सूचित्रा कुमार व एक बेटा लक्की नारायण सभी बुरी तरह फंस गए थे। आग इस कदर फैली थी की मकान से निकलना संभव नहीं था। जानकारी होते ही आसपास के लाग पहुंचने लगे। बाद में छत पर सस्सी लटका किसी प्राकर सभी को निचे उतारा गया। रस्सी से उतरने दौरान बच्चों के हाथ भी छिल गए थे। बुधवार रात की घटना के संबंध में बताया गया कि रात लगभग 11 बजे के करीब धुंआ उठता देख भुनेश्वर महतो को आगे लगने पता चला। कमरे से बाहर आकर देखा तो उसके दुकान व मकान से आग की लपटे उठ रही है। जिस वक्त आग लगी थी, उस वक्त मकान में बिजली थी। आशंका जतायी जा रही है कि अज्ञात लोगों द्वारा दुकान के शटर के नीचे से आग लगा दी गई होगी। थाना में मामला दर्ज करा दिया गया है। वहीं पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

### दमकल का खत्म हो गया था पानी

सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस व दो दमकल (अग्निशमन) वाहन पहुंची। दोनो वाहन के पानी समाप्त हो जाने के बाद भी आग बुझाया नही जा सका। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से वाहन में पानी भरा गया। काफी प्रयास के बाद सुबह छह बजे के करीब आग पर काबू पाया जा सका। मकान गर्म व अंदर धुआं भरा होने के कारण आग बुझाए जाने के बाद भी सामान निकालना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में दीवार तोड़ सामानों को निकाला जा रहा था। चारो ओर अफरा-तफरी का माहौल था।

# स्नातक पास छात्रों को दुबारा देनी होगी परीक्षा

## 2020-21 के छात्रों को देनी होगी परीक्षा, विश्वविद्यालय ने जारी की नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता



प्राचार्य को ज्ञापन सौंपती छात्राएं।

बेड़ो। रांची विश्वविद्यालय के एक गलती के कारण स्नातक पास कर चुके छात्र-छात्राओं को दो वर्ष के बाद दुबारा स्नातक जेनरिक का एग्जाम देना होगा। इधर विश्वविद्यालय द्वारा दो वर्षों के बाद फिर से स्नातक पास हुए छात्रों के एग्जाम लेने से छात्र-छात्राओं के बीच खलबली मच गई है।

### क्या है मामला

वर्ष 2017-20 और वर्ष 2018.21 के स्नातक के छात्र छात्राओं का विश्वविद्यालय ने जेनेरिक पेपर 1, 2, 3 और 4 का एग्जाम लेना भूल गई और दो जेनरिक पेपर के एग्जाम के जगह जेनरिक वन का ही पूरे वर्ष एग्जाम लेकर लास्ट में पास आउट हुए छात्रों को सर्टिफिकेट भी थमा दिया गया। लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा पास हुए छात्रों का जेनेरिक 2 का एग्जाम लेने की सूचना ने छात्रों का नींद उड़ा दी है। इधर गुरुवार को स्नातक पास किए सत्र 2017-20 और सत्र 2018-21 के विद्यार्थियों ने करमचंद कॉलेज के प्राचार्य से मुलाकात किए और एक ज्ञापन सौंपा। जहां सत्र 2017-20 और सत्र 2018-21 के स्नातक पास किए छात्रों ने कहा कि जितना जल्द हो विश्वविद्यालय हमारा जेनेरिक 1, 2, 3 और 4 का परीक्षा ले। केसीबी कॉलेज बेड़ो ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है और यहां पढ़ने वाले छात्र खेतों में मजदूरी कर पढ़ाई कर रहे हैं इसलिए विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2017-20 और सत्र 2018-21 के छात्रों का जेनेरिक के परीक्षा फीस को माफ करें।

# बेड़ो में सड़क बना कचरा घर, प्रखंड प्रशासन उदासीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** सांई मंदिर जाने वाली सड़क किनारे में संचालित शराब दुकान के समीप का सड़क कचरा घर बन गया है। यहां प्रतिदिन नशेड़ी खुलेआम शराब पीते हैं। शराब दुकान के बगल में शराबी यहां शराब पी कर बोतल फेंक देतें है। शराब दुकान के आसपास चखना दुकान से भारी मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजलए गिलासए प्लेटए चखने आदि का कचरा एवं गदंगी का अंबार लगा हुआ है। जिस पर रोक लगाने वाला या कार्रवाई करने वाला कोई नहीं है। मामले में संबंधित आबकारी व प्रखंड प्रशासन उदासीन बना हुआ है। वही शराबियों के कारण इसके आसपास क्षेत्र का माहौल अशांत होते जा रहा है। जहां शराब दुकान संचालित हो रही है। यहां शराब लेने के बाद शराबी दुकान के बाहर ही शराब पीते रहते हैं। पीने के बाद वे गाली.गलौच भी करते रहते हैं। जिससे आम नागरिकों के साथ छात्र.छात्राओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है।शराबी अपने साथ पानीएचखना डिस्पोजल व अन्य खाद्य सामग्री लेकर आते हैं और दुकान के अगल बगल में खाते पीते हैं।

## एक नजर में

### स्कूल भवन की दीवार और नल तोड़ा



तोड़ी गयी सदमा स्कूल भवन की दीवार।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र स्कूल को चोरों द्वारा लगातार निशाना बनाया जा रहा है। खास कर सदमा क्षेत्र के स्कूलों में लगातार चोरी की घटना हो रही है। वहीं प्रोजेक्ट हाई स्कूल सदमा की स्कूल भवन की दीवार तोड़ व स्कूली बच्चों के लिए लगे नलों को भी तोड़ दिया गया। असामाजिक तत्वों द्वारा घटना को अजाम दिए जाने की आशंका जताते हुए ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस द्वारा मामले की छानबिन की जा रही है।

### चिनारो पुरियो गांव में सरना झंडागड़ी



सरना स्थल पर झंडा स्थापित करते लोग।

**इटकी।** प्रखंड के चिनारों पुरियो गांव में गुरुवार को सरना सनातन सभा के तत्वावधान में सरना स्थल में पारंपरिक रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना कर सरना झंडा स्थापित किया गया। बाद में सभा की हुई बैठक में प्रत्येक गुरुवार को झंडा पर जलाभिषेक करने व सरना माता की पूजा.अर्चना किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में बुदे उरांव, बंधु पाहन, चुड़रा, परनु, सोहराई, रामलाल, महेश, मंगल व प्रकाश सहित अन्य शामिल थे।

# सीसीएल अधिकारी पर लगाए गए आरोप निराधारः आरसीएमयू

**पिपरवार।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष मो मुन्ना उर्फ कासिम ने पिपरवार क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर (ईएनएम) आलोक कुमार पाठक के खिलाफ लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। इस आरोप का खंडन करते हुए बताया की किसी ने आरसीएमयू क्षेत्रीय संगठन के लेटर पैड का गलत उपयोग किया है। नकली लेटर पैड बनाकर सीसीएल अधिकारी स्टाफ ऑफिसर (ईएनएम) आलोक कुमार पाठक की छवि को बदनाम करने के लिए कृत्रिम लेटर पैड में गलत आरोप लगाया है। 12 अप्रैल की तिथि को अध्यक्ष प्रबंध निर्देशक सीसीएल दरभंगा हाउस में कृत्रिम लेटर पैड को भिजवा कर सीसीएल अधिकारी आलोक कुमार पाठक को पिपरवार क्षेत्र से ट्रांसफर करने की मांग की है। इस कृत्रिम लेटर पैड में आरसीएमयू क्षेत्रीय अध्यक्ष मो मुन्ना उर्फ कासिम का नकली साइन किया गया है। जो की जांच का विषय है। किसी की छवि को धूमिल करने का घृणित कार्य करने वाले आरोपियों को आरसीएमयू क्षेत्रीय संगठन के अध्यक्ष ने प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन से इस विषय कि जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# गर्मी में ग्रामीणों को न हो पेयजल की परेशानी

**सोनाहातू।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड के सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए विधायक सुदेश महतो ने सामुदायिक अस्पताल समेत प्रखंड के सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान समय पर बिजली विभाग के कनीय अभियंता के नहीं पहुंचने पर फटकार लगाई। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगायी। योजना वितरण में ग्रामसभा को महत्व देने को कहा तथा ग्रामसभा को खानापूर्ति करने वाले कर्मचारी को फटकार लगायी।

# रैयत विस्थापित मोर्चा की प्रबंधन संग बैठक

## रैयतों की 31 सूत्री मांगों पर किया गया विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा तथा एनके प्रबंधन की बैठक गुरुवार को महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में हुई। बैठक में मोर्चा के द्वारा दिये गए 31 सूत्री मांग पत्र जिसमें रैयत विस्थापितों को जमीन के बदले नौकरी मुआवजा, विस्थापित गांव में पुनर्वास स्थल पर बुनियादी सुविधा उपलब्ध करानेए धमधमिया केडी सड़क बनाने, बेरोजगार युवक युवतियों को प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया करानेए सीएसआर एव डीएमएफटी फण्ड की योजनाओं में विस्थापित युवाओं को पचास प्रतिशत ठेकेदारी देने, आउटसोर्सिंग कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय रैयत विस्थापित को रोजगार देने सहित कई मांग पर प्रबंधन ने विस्तार से चर्चा करते हुए प्रबंधन द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी। महाप्रबंधक संजय कुमार ने आश्वासन दिया है कि रैयत विस्थापित की समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन हमेशा गंभीर है और काम भी हो रहा है। रैयत विस्थापित की समस्याओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। इसके लिए प्रबंधन रैयत विस्थापितों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करेगा।

### बैठक में थे मौजूद

बैठक में मोर्चा की ओर से रंथू उरांव, जालिम सिंह, जगरनाथ महतो, राम लखन गंझू, अमृत भोगता, नरेश गंझू, विनय खलखो, प्रकाश महतो, कन्हाई पासी, धनराज भोगता, प्रभाकर गंझू, राजेन्द्र उरांव, दामोदर गंझू, कुलदीप साहू, हेमलाल गंझू, शिवनाथ भोगता, सुनील यादव, दसरथ तुरी, नरेश यादव, वीरेंद्र यादव, आनंद गंझू, श्यामजी महतो, कामेश्वर गंझू, अजय तुरी, पूरण गंझू, धनु ठाकुर, जीतन गंझू, उदय सिंह, मधु गंझू, सिपता गंझू, छोटन भोगता, फूलों देवी, रूपमनी देवी मौजूद थे।

# बेड़ोः गायत्री महायज्ञ में उमड़ी आस्था, जागरण में झूमे लोग

## 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ में किया गया हवन

खबर मन्त्र संवाददाता



कथा प्रवचन का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते थाना प्रभारी।

**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार, प्रज्ञा मंडल बेड़ो के तत्वावधान में चल रहे चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडाल में बने 24 कुंड में वैदिक रीति से कई अनुष्ठान व हवन-पूजन किया गया। महायज्ञ में आहुति देने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।यज्ञ में गायत्री महामंत्र ऊं भूर्भुवरू स्वरू तत्सवितुर्वरेण्यं से बेड़ो गूंज उठा व यज्ञ की आहुति से सुगंधित और मंत्रो के जाप से माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं शांतिकुंज हरिद्वार से आये गायत्री परिवार के साधक पंडित परमेश्वर दर्शनाचार्य वर्मा की ने नेतृत्व में आये दल के विनोद शुक्ला, नागेश शास्त्री, हुकुम चंद ने महायज्ञ में भाग ले रहे साधकों समेत उपस्थित श्रद्धालुओं को भजन कीर्तन व प्रवचन के माध्यम से सदाचार को अपनाने व दुर्गुणों को त्याग करने की बात कही। रात्रि में संगीतमय प्रवचन का आयोजन हुआ। साथ ही भोग भंडारा का आयोजन किया गया। इसके पूर्व बुधवार की रात को महायज्ञ का शुभारंभ जिप सदस्य पार्वती कुमारी व थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। वही गयात्री परिवार के द्वारा दोनों को गयात्री मंत्र का दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिप सदस्य पार्वती कुमारी ने कहा कि बेड़ो की धरती पर हो रहे महायज्ञ व कथा वाचन से समाज के लोगों में शांति एवं भाईचारा स्थापित होगा और लोगों में भक्ति के प्रति आस्था बढ़ेगी।

### सफल आयोजन में इन्होंने निभाई भूमिका

आयोजन को सफल बनाने में संयोजक व व्यवस्थापक रमेश प्रसाद गुप्ता राजेश्वर सिंह, जगदीश प्रसाद, विश्वनाथ गोप, जगरनाथ भगत, अंकित सोनी, शिवेन्द्र सौरभ, फौजदार पांडेय, विजय कुमार, लक्ष्मण प्रसाद, राजेश प्रसाद, करुणानिधि, सुदामा, संदीप, आदित्य, अंजू देवी, कमला देवी, चंपू देवी, केशव सहित ग्रामवासी लगे हुए है।

# सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में ग्राम प्रधानों को देंगे अधिकार

## रघुवर दास ने ग्राम प्रधानों संग किया संवाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के राजाउलातू में रांची जिला ग्राम प्रधान संघ का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास उपस्थित थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने उपस्थित ग्राम प्रधानों से आमने सामने बैठकर सीधा संवाद कर उनसे उनकी समस्याएं जानी और उनसे सुझाव मांगे। मौके पर श्री दास ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में वे पांचवीं अनुसूची के तहत ग्रामप्रधानों को अधिकार देने का काम करेंगें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार जब विपक्ष में थी तो वे हमेशा विधानसभा में हल्ला करते थे कि पाचंवी अनुसूची के तहत ग्राम प्रधान को अधिकार दो पर साढे तीन साल बीतने पर भी आजतक इन लोगों ने ग्राम प्रधानों को अधिकार नहीं दिया। पूर्व की भाजपा सरकार ने आदिवासी धर्म संस्कृति और परंपराओं को बरकार रखने पारंपरिक व्यवस्था को सरंक्षण और जुड़े लोागें को मान सम्मान देने का काम किया जो आज एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद भी नहीं हो रहा।

स्पीड न्यूज

## टाटा स्टील ने जमशेदपुर प्लांट से टाटा फेरोशॉट्स की पहली खेप भेजी



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अपने जमशेदपुर स्टील प्लांट से टाटा फेरोशॉट्स की बिक्री शुरू कर दी है। उत्पाद की पहली खेप को 27 अप्रैल, 2023 को राजीव मंगल, वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह उत्पाद मूल रूप से ग्रेन्यूलेटेड पिग आयरन है जो अत्याधुनिक मेटल ग्रेन्यूलेशन तकनीक का उपयोग करके बनाया जाता है। टाटा फेरोशॉट्स के निर्माण की प्रक्रिया पर्यावरण के अनुकूल और सुरक्षित है। टाटा फरोशॉट्स को पहली बार टाटा स्टील द्वारा 2016 में अपने कलिंगानगर प्लांट से व्यावसायिक रूप से लॉन्च किया गया था और इसकी स्थापना के बाद से एक मिलियन टन से अधिक उत्पाद बाजार में बेचे जा चुके हैं।

## जमशेदपुर : 29 नये कोरोना संक्रमित मिले

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में गुरुवार को कोरोना संक्रमित 29 नए रोगियों का पहचान हुआ। इसमें 12 रोगियों को आरटी पीसीआर टेस्ट से चिन्हित किया गया जबकि 3 रोगियों को टूनेट से और 14 रोगियों को रैपिड एंटीजन टेस्ट से चिन्हित किया गया। इस बीच आज होम आइसोलेशन में रह रहे हैं 8 रोगियों और निजी अस्पताल में इलाजरत एक रोगी को संक्रमण मुक्त घोषित कर दिया गया। टाटानगर रेलवे स्टेशन पर कुल 309 यात्रियों की जांच की गई जिसमें से तीन को सिंप्टोमेटिक पाया गया जबकि बस स्टैंड पर 209 यात्रियों की जांच की गई यहां पर एक यात्री सिंप्टोमेटिक पाया गया।

## पासी समाज ने सांसद महतो को किया सम्मानित



जमशेदपुर। पासी समाज की कोल्हान प्रमण्डल समिति के द्वारा गुरुवार को सांसद विद्युत वरण महतो को पुनः दूसरी बार सांसद रत्न पुरस्कार मिलने पर समाज की ओर से बुके प्रदान कर एंव शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सांसद महोदय को एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसके माध्यम से यह मांग की गई कि जालियांवाला बाग ट्रेन का ठहराव जौनपुर स्टेशन पर भी किया जाए। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष कंचन लाल, कोषाध्यक्ष सुभाष सरोज, सम्मानित अध्यक्ष विजय कमार, संगठन सचिव दिलीप कुमार, मीडिया सलाहकार शंकर प्रसाद, सचिव देवनाथ चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे।

## स्कूल बस ने स्कूटर को मारी टक्कर, छात्र की मौत


मृतक छात्र ललित।

जमशेदपुर। जुगसलाई थाना से थोड़ी दूर टाटा स्टील पावर हाउस गेट के पास सुबह छह बजे एक स्कूल बस ने स्कूटर को अपनी चपेट में ले लिया। स्कूटर सवार बेल्डीह चर्च स्कूल में 8 वीं का छात्र ललित प्रसाद 14 वर्ष अपने पिता विकास प्रसाद के साथ स्कूल जा रहा था। टक्कर लगते ही ललित और उसके पिता स्कूटर से गिर कर बुरी तरह घायल हो गये। उन्हें स्थानीय लोग टीएमएच ले गए जहां चिकित्सकों ने ललित को मृत घोषित कर दिया। टक्कर मारने के बाद स्कूल बस ड्राइवर बस को भगा ले गया।

## चांडिल स्टेशन पर होने लगा पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव

**चांडिल।** रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन को चांडिल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विशाल चौधरी, डीआरयूसीसी सदस्य दिवाकर सिंह, स्टेशन मास्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, खगेन महतो, बोनु सिंह सरदार, आकाश महतो, मधु गोराईं सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आइजी की निगरानी में हो अश्लील वीडियो चैट की जांच : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय अश्लील विडियो चैट के मामले को लेकर एसएसपी प्रभात कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि आप मंत्री बन्ना गुप्ता की शिकायत पर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच करवा रहे हैं, तो बेहतर होगा कि जांच दबाव रहित हो इसके लिए प्रदेश के किसी वरिष्ठ आइजी की निगरानी में यह जांच हो क्योंकि मंत्री बन्ना गुप्ता खुद इस मामले में संलिप्त हैं। सरयू राय ने पत्र में लिखा है उपर्युक्त विषयक प्राथमिकी को जमशेदपुर पुलिस ने न्यायालय में भेज दिया है। इस बारे में जांच के बिंदु पुलिस द्वारा सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इस आशय की प्राथमिकी भी उन्हीं के द्वारा आपको भेजे गए एक पत्र के आधार पर दायर की गयी है, इसलिए आवश्यक कि है जाँच के बिंदु स्पष्ट एवं व्यापक हों।

### जांच को लेकर सरयू राय द्वारा उठाये गये सवाल



**इस जांच के विषय में निम्नांकित बिंदुओं की ओर एसएसपी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं:-**

1. प्रासंगिक वीडियो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मंत्री और एक महिला के बीच हो रहे वीडियो चैट की स्क्रीन रिकॉर्डिंग की गयी है और उस रिकॉर्डिंग का एक अंश ही सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। आपको मालूम है कि स्क्रीन रिकॉर्डिंग एप के माध्यम से की गयी यह रिकॉर्डिंग करीब 21 सेकंड की है। प्रथम दृष्टया इसमें कोई काट-छांट की गई हो ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है।
2. इसके बावजूद माननीय मंत्री का बयान आया है कि इस वीडियो क्लिप में कट-पेस्ट किया गया है। उन्होंने यह भी कहा है कि इसमें मॉर्फिंग भी हो सकती है। पता नहीं वे मॉर्फिंग के बारे में कितना ज्ञान रखते हैं परंतु 21 सेकंड का वीडियो क्लिप शुरू से अंत तक देखने से इसमें मॉर्फिंग की संभावना प्रतीत नहीं हो रही है।
3. वीडियो क्लिप वायरल होने के दो दिन बाद एक महिला की वीडियो रिकॉर्डिंग माननीय मंत्री जी के कार्यालय से सोशल मीडिया में प्रसारित की गई है, जिसमें वह महिला स्वीकार कर रही हैं कि इसमें उसकी तस्वीर है। वीडियो क्लिप के बारे में वह भी वही बातें दोहरा रही हैं जो माननीय मंत्री जी पहले ही कह चुके हैं। अंतर इतना है कि वह महिला मंत्री जी के साथ हुए अश्लील वातार्लाप को अपने पति के साथ हुआ अश्लील वातार्लाप बता रही हैं और कह रही हैं कि उनके इस वातार्लाप की कटिंग-पेस्टिंग हुई और इसमें मंत्री जी को जोड़ दिया गया है। परंतु महिला यह नहीं बता रही है कि वह कौन है? कहां रहती है? उनके पति कौन हैं? उन्होंने अपने पति के साथ यह वीडियो चैट कब किया है? क्या उन्होंने अपने पति के साथ ऐसी चैटिंग अक्सर करते रहती हैं? इस चैटिंग में वे यह नहीं बता रही हैं कि उन्होंने अपने पति के साथ हुई चैटिंग में अपनी ओर से जिस मोबाईल फोन का इस्तेमाल किया है उसका नंबर क्या है? तथा उसके पति ने चैटिंग में जिस नंबर का इस्तेमाल किया है उसका नंबर क्या है? वह फोन कहां है? इसके बारे में इस महिला से पुलिस को पूछताछ करने की आवश्यकता है।
4. इस महिला की वीडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर आए 2 दिन हो गये परंतु यह आधिकारिक सूचना नहीं है कि पुलिस ने उस महिला की तलाश किया है या नहीं? यह पता किया जाना चाहिए कि वास्तव में क्या यह महिला वही है जिसका मंत्री महोदय से अश्लील वीडियो चैट वायरल हुआ है या कोई अन्य है। इसमें यह भी पता नहीं चल पा रहा है कि पुलिस अभी तक इस महिला के पति तक पहुंची है या नहीं? मेरी समझ से इस महिला और इसके पति का इस बारे में बयान लिया जाना अत्यंत आवश्यक है।
5. इसी तरह विगत 23 अप्रैल को वायरल हुए वीडियो चैट में माननीय मंत्री जी की भाव भंगिमा और उनके सामने प्रदर्शित की जा रही महिला की तस्वीर पर भी पुलिस द्वारा गौर किया जाना चाहिए। यदि माननीय मंत्री जी को इस चैट में कट-पेस्ट और मॉर्फिंग दिखाई पड़ती है तो उनसे पूछा जाना चाहिए कि अगर वास्तव में इस महिला की भूमिका कट-पेस्ट कर वीडियो क्लिप में जोड़ी गई है तो मंत्री जी अपनी ओर से यह वातार्लाप किसके साथ कर रहे हैं? और इस वातार्लाप में वे मोबाइल पोजिशिनिंग के बारे में आगे पीछे करने का निर्देश किसे दे रहे हैं? तथा यह दृश्य उनके किस मोबाइल से सामने आ रहा है। इस बारे में मंत्री जी से सबसे पहले पूछताछ की जानी चाहिए।
6. यदि माननीय मंत्री तथा संबंधित महिला और उसके पति के वक्तव्य में अंतर पाया जाता है तो मंत्री जी तथा उस महिला और उसके पति को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की जानी चाहिए।
7. मंत्री और संबंधित महिला का अश्लील वातार्लाप समाप्त होते ही फ्रेम में एक महिला की तस्वीर उभरती है जिसपर लिखा रहता है कि स्क्रीन रिकॉर्डिंग इज रनिंग इन द बैकग्राउंड। इस महिला के गले के ऊपरी हिस्से में एक मस्सा दिखाई पड़ता है परंतु दो दिन पूर्व जिस महिला का वीडियो रिकॉर्डिंग मंत्री जी के कार्यालय से प्रसारित किया गया है उसकी गर्दन पर मस्सा नहीं है। आंख का रंग तो लेंस के माध्यम से बदला जा सकता है परंतु गला के ऊपरी भाग का मस्सा नहीं हटाया जा सकता। तो सवाल उठता है कि क्या मंत्री जी के साथ अश्लील वार्ता में भाग ले रही महिला और दो दिन पहले रिकॉर्डिंग वीडियो प्रस्तुत करने वाली महिला एक ही हैं या अलग अलग। इस बारे मे जमशेदपुर पुलिस को स्पष्ट जबाव देना चाहिए।
8. यदि पुलिस मंत्री और महिला के बीच अश्लील वातार्लाप के वायरल वीडियो की सत्यता परखने तक ही अपने अनुसंधान को सीमित रखना चाहती है तो यह अनुसंधान सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंचेगा। बेहतर होगा कि इस कांड का स्वतः संज्ञान लेकर पुलिस मंत्री जी को भी और उनके साथ अश्लील वातार्लाप कर रही महिला को भी अभियुक्त बनाये।
9. मुझे आशंका है कि इस कांड के अनुसंधान मे जमशेदपुर पुलिस को मंत्री जी के प्रभाव से स्वयं को मुक्त रख पाना संभव नहीं होगा। इसलिए मेरा सुझाव है कि भाद संहिता एवं साइबर कानून के प्रावधान के अनुरूप इस कांड के अनुसंधानकर्ता अधिकारी अपने स्तर से तो अनुसंधान करें, परंतु इसका पर्यवेक्षण पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस के अधिकारियों से कराने के बदले सरकार को आईजी स्तर के पदाधिकारी से कराना उपयुक्त होगा।

## भूमिहार महिला समाज ने स्कूली बच्चों में बांटी पठन-पाठन सामग्री

**जमशेदपुर।** भूमिहार महिला समाज की झारखंड कार्यकारिणी द्वारा गुरुवार को मराठवाड़ा सुनारी पुराना सिटी क्लब के सामने जरूरतमंद स्कूली बच्चों के बीच स्कूल बैग, कॉपी, कलम, पेंसिल बॉक्स, टिफिन बॉक्स, वॉटर बॉटल, पेंसिल, रबड़ इत्यादि वितरित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की प्रेमलता सिंह, अनु सिंह, ज्योति कुमारी, खुशबू सिंह एवं मंजू कुमारी ने योगदान किया।

## टीकाकरण पर संगोष्ठी

**बोकारो।** बीजीएच के सीएमओ कॉन्फ्रेंस हॉल में सीएमओ डॉण बीण्बीण करुणामय की अध्यक्षता में वयस्क टीकाकरण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें एसीएमओ डॉ वर्षा घानेकरए डॉ आरके गौतम सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

### इक्फाई विश्वविद्यालय में शैक्षिक नेतृत्व शिखर सम्मेलन आयोजित

# विवि में उद्योगों में डिमांड के हिसाब से डिजाइन किये जाते हैं कोर्स : कुलपति

खबर मन्त्र ब्यरो

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय में गुरुवार को एक शैक्षिक नेतृत्व शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के स्कूलों और जूनियर कॉलेजों के 100 से अधिक प्रधानाचार्यों, निदेशकों और प्रमुख शिक्षकों ने भाग लिया। विवि के कुलपति डॉ रमन कुमार झा ने अकादमिक और उद्योग सहयोग का महत्व विषयक पैनल चर्चा की अध्यक्षता की। श्री झा ने कहा कि विश्वविद्यालय ने विज्ञान संकाय के तहत बीसीए (साइबर सुरक्षा), बीसीए (डीएस एंड एआई) और बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) के नए पाठ्यक्रम प्रौद्योगिकी और प्रबंधन अध्ययन में क्रमशः पहले ही शुरू कर दिए हैं, जो उद्योगों के लिए आने वाले दिनों में अधिक मांग होगी। उन्होंने इस तरह के मीट को बार-बार आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया, क्योंकि शिक्षक भी सीखने वाले होते हैं और वे नई और पुरानी पीढ़ी के बीच की खाई को पाट सकते हैं।



प्रो झा ने कहा कि वर्तमान बाजार और प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय स्वाध्याय लेकर आया है, जो विश्वविद्यालय डिजिटल लर्निंग पोर्टल है, जहां शिक्षक और छात्र दोनों शिक्षण और सीखने में लगे रहते हैं। वर्तमान समय में विश्वविद्यालय के शिक्षकों को छात्रों की कक्षा के परिदृश्य में प्रेरित रखने के लिए नवीन डिजिटल शैक्षिक प्रौद्योगिकी उपकरणों जैसे मेंटीमीटर, क्विज और वर्चुअल लैब आदि का उपयोग करना चाहिए। उभरती प्रौद्योगिकियों में एमओओसी पाठ्यक्रमों की शुरूआत छात्रों को कौशल प्रदान कर सकती है।

**छात्रों को प्लेसमेंट देने पर फोकस कर रहा है विवि** : समिट में विवि के रजिस्ट्रार प्रो अरविंद कुमार ने कहा कि इक्फाई विश्वविद्यालय छात्रों को प्लेसमेंट देने पर फोकस कर रहा है। श्रीकांत पोथुरी, राष्ट्रीय प्रमुख, आईसीएफएआई समूह सूचना विभाग, इक्फाई समूह पर एक प्रस्तुति दी और कहा कि इक्फाई समूह भारत में प्रतिष्ठित शैक्षिक समूहों में से एक है। पूरे भारत में 11 विश्वविद्यालय हैं और बहु विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में लगे हुए हैं।

इक्फाई समूह विभिन्न राज्यों में नए पाठ्यक्रम प्रदान करता है। समूह इंटर्नशिप और प्लेसमेंट पर भी जोर देता है और इंटर्नशिप और प्लेसमेंट दोनों के लिए एक समर्पित सेल है।

शिखर सम्मेलन में राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉ जेपी सिंह, मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉस मनोज कुमार, स्वर्णरेखा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के संस्थापक डॉ. एसपी सिंह, एमएमके हाई स्कूल के निदेशक डॉ. तनवीर अहमद, अरबिंदो स्कूल के निदेशक राज कुमार साहू और एसपी सिंह समेत कई स्कूलों के प्राचार्य शामिल थे। सभी प्राचार्यों और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और गर्व से कहा कि उनके कई पूर्व छात्र पिछले कुछ वर्षों में इक्फाई विवि झारखंड के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शामिल हुए हैं और सफल पेशेवर बन गए हैं। समिट में यूनिवर्सिटी के फैकल्टी मेंबर्स और कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। शिखर सम्मेलन का समन्वय मुख्य प्रबंधक इक्फाई समूह सूचना विभाग सुमित कुमार राठौर द्वारा किया गया।

# मिशन ड्रग्स फ्री कैम्पस के तहत डीएवी हेहल के विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल में गुरुवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा स्कूल के बच्चों के बीच अवैध मादक पदार्थों का क्रय-विक्रय करना एवं नशीले पदार्थों के सेवन से बचने के लिये जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इंटेलिजेंस ऑफिसर्स अमित कुमार भगत, कुमार मनोहर मंजुल, राकेश गोस्वामी, चंदन कुमार ने दसवीं कक्षा के बच्चों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को नशीली वस्तुओं एवं नशीली दवाओं से बचने के लिए जागरूक किया।

मौके पर अमित कुमार भगत ने कहा कि नशीली वस्तुओं जैसे अफीम, चरस, गांजा, भांग, डायल्यूट, खैनी, तम्बाकू, शराब एवं नशीली दवाओं का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है। यह हमारे लिये चिंता का विषय है। प्राचार्य एसके मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान औषधीय पौधा एवं अंग वस्त्र देकर किया।उन्होंने अपने कहा कि डीएवी प्रबंधन बच्चों के चारित्रिक मूल्यांकन एवं सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है। इस दौरान विद्यार्थियों को शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक एनके दुबे, पीएस दास, बनवारी साहू, सोवन देव चक्रवर्ती, प्रीतम सरकार, संतोष कुमार, अनुश्री सिन्हा, मौसमी मजूमदार, उर्वसी बाई मधुश्री आदि उपस्थित थे।

## अंडमान निकोबार के छात्रों ने रांची परिभ्रमण किया

**जमशेदपुर।** एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अंतर्गत अंडमान निकोबार से पहुंचे छात्रों का समूह तिहरे दिन रांची पहुंचा। आगंतुक छात्रों का समूह गुरुवार सुबह एनआईटी जमशेदपुर परिसर से रांची भ्रमण के लिए निकला एवं सर्वप्रथम चांडिल डैम में वोटिंग का लुफ्त उठाया और वहां से आगे बढ़ने पर देवरी मंदिर में छात्रों ने पूजा अर्चना की एवं वहां के स्थानीय लोगों से बातचीत किया एवं झारखंड के संस्कृति को समझने का प्रयास किया। छात्रों से मिलने के लिए दिल्ली से केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी रांची पहुंची।

# राज्य सरकार और अधिकारी दोनों लापरवाह : सुदर्शन भगत

- मामला जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा निर्मित दो सड़क निर्माण में धांधली और एस्टीमेट से अधिक के भुगतान का

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने पीएमजीएसवाई सड़क संबंधित ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा पत्राचार करने के तीन महीने बाद भी जबाव नहीं मिलने पर इस लापरवाही व अनदेखी को लेकर मुख्य सचिव, झारखंड सरकार को पत्र लिखा है। जिसमें लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने 31 जनवरी को संसदीय क्षेत्र लोहरदगा अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना द्वारा निर्मित दो सड़क मार्ग क्रमशः बढचोरगाई से चांदगो तक एवं कोर्गो से चांपी तक पथों का निर्माण कार्य में निर्धारित राशि के अलावे अधिक अलग से एस्टीमेट रिवाइज कर राशि की बंदरबांट करने पर नाराजगी जताते हुए और विभाग से दोनों सड़कों की कुल मूल राशि, भुगतान की राशि एवं रिवाइज की गई राशि की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा था। साथ ही दूरभाष से सचिव ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार से बातचीत भी की थी।



**खास बातें :** बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि नियमों को नियमों का धज्जियां उड़ाते हुए जिला के निवर्तमान कार्यपालक अभियंता के द्वारा एस्टीमेट का रिवाइज किया गया है। जबकि नियमानुसार किसी भी पीएमजीएसवाई योजना की डीपीआर की पुनः सुधार राज्य के सचिव स्तर के पदाधिकारियों पावर होता है। सड़क निर्माण जो बिल्कुल ही गुणवत्तापूर्ण नहीं किए जा रहे हैं। यह माफीयोग्य नहीं हैं। ऐसे प्रकार के अन्य कार्यो का भी निष्पादन पावर का गलत इस्तेमाल कर की गई होगी इसलिए लोहरदगा के निवर्तमान कार्यपालक अभियंता का पदस्थापना से लेकर सेवा समाप्ति तक के कार्य को जांच करने की बात कही थी। फिर भी संबंधित विभाग के सचिव के द्वारा पत्राचार का कोई उत्तर नहीं दिया गया। इस पर सांसद श्री भगत ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारी अधिकारियों का मनोबल राज्य सरकार बढ़ा रही है। ऐसे संगीन मामलों को तुरंत संज्ञान में लेकर राज्य सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। परंतु यहां पर जवाब देना भी अधिकारी उचित नहीं समझते हैं अधिकारी बेखौफ इसलिए है कि वह जानते हैं की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर नहीं है सरकारी पैसे का लेखा जोखा कोई नहीं लेने वाला इसलिए विकास के नाम पर दो पैसे से कार्यान्वयन होनेवाली कार्य को दस पैसे का डीपीआर बनाकर राशि का बंदरबांट किया जा सकता है।

# टाटा स्टील ने एमएन दस्तूर एंड कंपनी के साथ कारोबार सहयोग समझौता पर किये हस्ताक्षर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने इंजीनियरिंग और बुनियादी संरचना के क्षेत्र में सहयोग के साथ विश्वसनीय व्यवहार्यता अध्ययन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के लिए खनिज भंडार की खोज से लेकर एंड टू एंड सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी क्षमताओं में इजाफे के उद्देश्य से एमएन दस्तूर एंड कंपनी प्रा. लिमिटेड के साथ कारोबार सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किया। टाटा स्टील के रॉ मटेरियल्स के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरा रामम ने इस समझौते पर कहा किः हम टाटा स्टील के प्राकृतिक संसाधन प्रभाग के साथ एक सदी से भी अधिक समय से माइनिंग व्यवसाय में हैं, जो सस्टेनेबल माइनिंग के लिए हमारी कैप्टिव माइंस के लिए विभिन्न अन्वेषण और माइन प्लानिंग सेवाएं प्रदान करते हैं। पिछले 18 महीनों से, हमने टाटा स्टील इंडस्ट्रियल कंसल्टिंग के माध्यम से टाटा स्टील के बाहर खनन उद्योग को व्यावसायिक रूप से अपनी खान तकनीकी सेवाओं की पेशकश शुरू कर दी है। एम एन दस्तूर एंड कंपनी के साथ यह समझौता हमारी क्षमताओं और सामर्थ्य का पूरक होगा, विशेष रूप से खदान की बुनियादी संरचना योजना और बैंक योग्य व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के क्षेत्र में।



एमओयू के वक्त एमएन दस्तुर के पदाधिकारियों संग टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदर रामम।

## बकाया बिजली बिल पर सूद माफी योजना जुलाई महीने तक लागू

**जादूगोड़ा।** वैसे बिजली उपभोक्ता जिनका बकाया बिजली बिल ज्यादा है व एक साथ भुगतान करने में असमर्थ है। ऐसे बकाए दार बिजली उपभोक्ता सूद माफी योजना का लाभ ले सकते है। जिसकी अंतिम तिथि जुलाई महीने तक रखी गई है। यह बात जादूगोड़ा विद्युत प्रमंडल के एसडीओ प्रशांत राज ने पूछे गए सवाल के बाबत कही। उन्होंने कहा कि ज्यादा बिजली बिल बकाया होने पर सूद की राशि 1500_2000 तक पहुंच जाती है। ऐसे में गरीब परिवार को राहत देने के लिए सरकार की पहल पर डीपीएस बकाया बिजली बिल पर माफी की योजना है।

# रस्सी से गला घोंट कर युवक की हत्या

### घर में शादी का माहौल मातम में बदला

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के पलमा निवासी रवि गोप (30) की हत्या बुधवार की रात अज्ञात अपराधियों ने गले में रस्सी बांधकर व लात घुसा मार कर दी। घर पर मृतक की शादी की तैयारी चल रही थी। जहां शादी की शहनाई बजने वाली थी वहां दूल्हे की हत्या से मातमी सन्नाटा पसर गया। हत्या के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

मृतक के भाई अरविंद ने बताया कि बीते बुधवार की रात करीब 8:30 बजे रवि घर पर सबके साथ खाना खाया। जिसके बाद घर से बाहर निकला, तो देर तक घर नहीं लौटा। करीब 9 बजे अरविंद ने रवि को फोन कर घर आने को कहा। जिस पर रवि ने कहा शादी घर के साइड आये हैं। थोड़ी देर में आयेंगे। जिसके बाद घर वाले सो गये। सब को लगा कि रवि समय से आ जायेगा। परंतु वह घर नहीं पहुंचा। गुरुवार की सुबह घर से लगभग 300 मीटर दूर पुआल गांज के समीप उसका शव ग्रामीणों ने देखा। जिसके बाद सूचना घरवालों और घाघरा थाना को भी दी गयी।

सूचना मिलते ही एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थानेदार अमित कुमार चौधरी, एसआई अभिषेक कुमार, सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और छानबीन में जुट गये और घटना की हर पहलु की बारीकी से पुलिस जांच कर रही है। घटनास्थल पहुंचे एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है। रवि कुमार गोप का कल लगन पान का रस्म था। जिसके बाद 8 मई को शादी थी। घर में रिश्तेदार पहुंचे चुके थे। लगन पान रस्म के लिए सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थी। टेंट का सारा सामान घर पर आ गया था। मिठाई बनाने के लिए सभी तैयारी हो चुकी थी। कारीगर घर पर आ चुके थे। सुबह-सुबह टेंट वाला भी अपना टेंट लेकर आया तो देखा घर के बाहर भारी भीड़ लगी हुई है। दर्जनों गाड़ियां घर के बाहर खड़ी है। पुलिस भी पूरी मुस्तैदी से घूम रही है, तब उसे पता चला कि रवि की हत्या हो गई।

## कोलियरी में हमला कर लाखों के सामान लूटे

**अलकडीहा।** जयरामपुर कोलियरी कारखाना में चोरों ने हमला बोला।बुधवार को देर रात लगभग 2 बजे अपराधियों ने जयरामपुर के कारखाना पर धावा बोल दिया। उन लोगों ने कारखाना से वेल्डिंग मशीन को ठेला पर लादकर निकल गए। बी सी सी एल के सुरक्षा गार्ड राजकुमार गोसाईं,मदन भर,अशोक कुमार और नरेश कुमार आदि ने सीआईएस एफ को मोबाइल से सूचित किया। सी आई एस एफ के जवानों ने त्वरित कार्रवाई कर कारखाना के आस पास खोजना आरंभ किया। जयरामपुर बूढ़ा बाबा के पीछे सी आई एस एफ ने ठेला जाते हुए देखा। सी आई एस एफ को देखकर चोरों ने ठेला तथा ठेले पर लदे वेल्डिंग मशीन को छोड़कर भागने में सफल हो गए। ठेला और मशीन को जब्त कर चानक पर रखा गया। लोदना एरिया के सुरक्षा पधाधिकारी डी के मीना ने कहा कि जयरामपुर कोलियरी अभियंता के लिखित शिकायत मिलने पर अलकडीहा ओ पी में मामला दर्ज करवाया जायेगा। ईस प्रकार सुरक्षा गार्ड एवं सी आई एस एफ के प्रयास से बी सी सी एल की हजारों की संपति चोरी होने से बच गई। यहां एक महीना पहले भी लोहा चोरी हुई थी।बंद कोलियरी में आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती है

# टाटा स्टील ने एबीजीएम के साथ कारोबार सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने एएंडबी ग्लोबल माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (एबीजीएम) के साथ नए व्यवसाय विकास के नए अवसरों का उपयोग करने और अन्वेषण, संसाधन मूल्यांकन, माइन प्लानिंग और शेड्यूलिंग, यथोचित परिश्रम, निवेश थीसिस, डिजिटलीकरण, स्वच्छ/हाइब्रिड ऊर्जा समाधान, पूर्व-व्यवहार्यता जैसे क्षेत्रों में खान तकनीकी सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक योग्य व्यवहार्यता अध्ययन, ओनर्स इंजीनियरिंग और परियोजना प्रबंधन के लिए कारोबार सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एबीजीएम वैश्विक खनन उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी एकीकृत व्यवसाय समाधान प्रदान करने के लिए टाटा स्टील के साथ भी सहयोग करेगा। टाटा स्टील एबीजीएम इंडिया के साथ मिलकर काम करेगी जो भारत और विदेशों में कारोबार के अवसरों का पता लगाने के लिए अपनी दक्षिण अफ्रीकी इकाई के साथ इंटरफेस करेगी और स्टील वैल्यू चेन सहित खनन और धातुओं में परियोजनाओं को डिलीवर करने के लिए एक दूसरे की तकनीकी और रणनीतिक ताकत का उपयोग करेगी।



टाटा स्टील के वीपी सुंदररामम के साथ एमओयू करने वाले पदाधिकारी।

**ए एंड बी ग्लोबल माइनिंग**

एबीजीएम एक अग्रणी माइनिंग कंसलटेंट है और एक विश्व स्तरीय सेवा प्रदान करता है। पेशेवर सलाहकारों की उनकी बहु-विषयक टीम के पास भूमिगत और सतह, हार्ड-रॉक और सॉफ्ट-रॉक, खनन कार्यों दोनों में विशेषज्ञता है। उनकी मुख्य सेवाएं खनिज संसाधन प्रबंधन, खदान अनुकूलन, छडट माइन प्लानिंग और व्यावहारिक खनन समाधान पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

समझौते पर, डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेट, रॉ मटेरियल्स, टाटा स्टील ने कहा कि हम टाटा स्टील के प्राकृतिक संसाधन प्रभाग के साथ एक सदी से भी अधिक समय से सस्टेनेबल माइनिंग के लिए खनन व्यवसाय में हैं, जो इसके कैप्टिव माइंस के लिए विभिन्न अन्वेषण और खान योजना सेवाएं प्रदान करते हैं। टाटा स्टील दुनिया के सबसे भौगोलिक रूप से विविध इस्पात उत्पादकों में से एक है, जो खनन से लेकर तैयार उत्पादों के निर्माण और विपणन तक पूरी तरह से एकीकृत स्टील संचालन प्रदान करती है।

यह स्टील के निर्माण और बिक्री के साथ-साथ स्टील के लिए आवश्यक रॉ मटेरियल के खनन में गहन ज्ञान और अनुभव लाता है। देवेंद्र व्यास, प्रबंध निदेशक, एएंडबी ग्लोबल माइनिंग ने कहा, हम टाटा स्टील के साथ मिलकर माइन प्लानिंग, इंजीनियरिंग और परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं, जिसमें ग्राहकों के लिए अनुकूलित एंड टू एंड समाधान शामिल हैं। मूल्य निर्माण और सस्टेनेबिलिटी पर एक साझा ध्यान के साथ, यह समझौता एक मजबूत साझेदारी की नींव है।

**रक्षक ही भक्षक : वन विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी से उखाड़े बेतला राष्ट्रीय उद्यान में लगे वृक्ष**

# खतरे में पड़ गया है पलामू टाइगर रिजर्व का बचा-खुचा अस्तित्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह/बेतला।** जंगलों के संरक्षण, संवर्धन तथा वनों और वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिवर्ष पलामू टाइगर रिजर्व में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। किंतु जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो जंगलों और वृक्षों को कौन बचाए। आज से लगभग दो ढाई दशक पूर्व जिस वन क्षेत्र में कई तरह के जंगली जानवरों का निवास हुआ करता था। वहां आज जानवरों को खोजने के लिए करोड़ों अरबों रुपए खर्च कर दिए जा रहे है, लेकिन उसके निशान भी नहीं मिल रहें है, और ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि जंगलों का विनाश होता जा रहा है। पेड़ को बचाने के लिए एक ओर जहां वन विभाग कागजों में करोड़ो रुपए खर्च कर रहा है। वहीं दूसरी ओर खुद ही खुलेआम जेसीबी से पेड़ो को गिराने का काम कर रहा है। यह ताजा मामला गुरुवार को देखने को मिला है। जहां बेतला नेशनल पार्क के प्रवेश द्वार के समीप वर्षों से खड़े हरे भरे विशालकाय वृक्ष को वन विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी से गिरा दिया। जबकि सरकार ने इन्हें इन्ही वृक्षों की रक्षा के लिए तैनात किया है। लेकिन निजी स्वार्थ के लिए वन विभाग किसी भी हद को पार करने के लिए तैयार बैठा है।


पार्क गेट के समीप धराशायी वृक्ष।

### पीटीआर में जेसीबी से काम कराते हैं अधिकारी

एक ओर जहां वन विभाग के अधिकारी पीटीआर अंतर्गत सड़को पर वाहनों के आवागमन और ध्वनि के कारण पीटीआर से जानवरों को भागने का हवाला देते है। वहीं दूसरी ओर विभाग द्वारा तालाब निर्माण, भवन निर्माण, वाच टावर निर्माण इत्यादि कई कार्य में वर्षो से खुद ही जेसीबी का इस्तेमाल करते आ रहें है। यही नहीं बल्कि विभागीय अधिकारी इन सभी कार्यों में खुद ही इंजीनियर का रोल भी अदा करते है। पीटीआर अंतर्गत जितने में भी तालाब का निर्माण हुआ है या जीर्णोद्धार हुआ है, वन विभाग के द्वारा सभी जेसीबी मशीन से कराया गया है, जबकि रोजी रोजगार के अभाव में क्षेत्र के गरीब मजदूर बंगाल, उड़ीसा, गुजरात पलायन कर रहे हैं।

### डीएफओ ने कहा- पता करके बताते हैं

हैरान करने वाली बात यह भी है कि डीएफओ प्रजेश कांत जेना की परमिशन के बगैर ही पार्क में जेसीबी से पेड़ को गिराया गया है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि खुद ही डीएफओ प्रजेश कांत जेना ने खबर मंत्र की पूछताछ में कहा हैं। दरअसल खबर मन्त्र संवाददाता ने जब डीएफओ को धराशाई वृक्ष की वीडीओ भेज मामले में पूछताछ की तो उन्होंने जवाब दिया कि पता करवाते है। ऐसे में सरकार के द्वारा मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए जिम्मेवार अधिकारियों पर आवश्यक कारवाई करनी चाहिए।

### टहनी भी काट दें, तो वन विभाग भेज देता है जेल

➲ **यहां ढूंढने से भी नहीं मिलते बाघ और कीमती इमारती वृक्ष, पेड़ों को बचाने के लिए कागजों में खर्च किये जाते है लाखों रुपये**

➲ **वन विभाग बन गया है भवन निर्माण विभाग, वन का विनाश जारी**

पीटीआर में पदस्थापित अधिकारी वन व वन्य जीव संरक्षण व संवर्धन को नजरअंदाज करते हुए भवन निर्माण कार्य में जुट गए हैं, और इसके लिए वृक्षों को खुलेआम गिराने का सिलसिला चलता आ रहा है। ऐसे में यह सवाल उठाना लाजमी है कि क्या वन विभाग के पदाधिकारी दिन के उजाले में खुलेआम पेड़ काट सकते हैं, क्या उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकती। जबकि ग्रामीण यदि पेड़ की टहनी भी काट दे तो यही विभाग उनपर कानूनी कार्रवाई कर देता है। क्या इनके लिए कोई अलग कानून है। ग्रामीणों में कई तरह की चचाएं चलती आ रही है, यदि पीटीआर में यूं ही कंस्ट्रक्शन का खेल चलता रहा तो आने वाले कुछ सालों में बचे खुचे हुए इस पलामू टाइगर रिजर्व का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### शिक्षा विभाग के अवर सचिव ने किया मवि का औचक निरीक्षण


जांच करते अवर निरीक्षक।

**चंदवा।** शिक्षा विभाग के अवर सचिव संतोष कुमार गुरुवार को चंदवा पहुंचे जहां उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम प्रसाद यादव के साथ मध्य विद्यालय चंदवा व बोरसीदाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रधानाचार्य व शिक्षकों से विद्यालय का संचालन जानकारी ली साथ ही विद्यालय पदस्थापित शिक्षकों की संख्या, विद्यालय की आधारभूत संरचना, छात्रों की उपस्थिति, शिक्षकों व विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षको की उपस्थिति, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, विशेष आवश्यकता वाले बच्चे व खेल कूद की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। अवर सचिव संतोष कुमार ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में सुविधाओं को और बेहतर करते हुए शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण करने को लेकर बीते दिनों निरीक्षण किया गया था, उसी की समीक्षा की जा रही है। मौके पर मवि चंदवा की प्रधानाध्यापक राधिका कुमारी, बीपीओ प्रतीक कुमार, प्रखण्ड साधन सेवी, विकाश कुमार, शिक्षक धर्म प्रकाश अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कुशवाहा महासभा का 11वां स्थापना दिवस आज

**बालूमाथ।** प्रखंड के मारंगलोइयां पंचायत के बारा ग्राम में 28 अप्रैल को कुशवाहा महासभा का 11 वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष शशि भूषण कुशवाहा ने बताया कि इस महासम्मेलन में हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो, प्रदेश महासचिव सतेंद्र प्रसाद वर्मा, राजकिशोर महतो, बटेश्वर प्रसाद वर्मा, प्रोफेसर श्यामसुंदर प्रसाद वर्मा, लीलावती मेहता, इंद्रमणि कुशवाहा, संजय शान, अर्जुन कुमार समेत कई अतिथि भाग लेंगे।

### पुलिस ने अस्थायी लाल वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

➲ **हत्या, डकैती और अपहरण जैसे जघन्य मामलों में था शामिल**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना प्रभारी ने लंबे समय से फरार अस्थाई लाल वारंटी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि छिपादोहर थाना क्षेत्र के ग्राम लुकुमखाड़ अंतर्गत बुचीदाढ़ी टोला निवासी अनिल कुजूर (31) पिता मुकुट अंजेलों कुजूर वर्तमान में थाना क्षेत्र के ही गाड़ी ग्राम अंतर्गत मतनाग टोला में रहता था। गिरफ्तार अपराधी वर्ष 2007 से हत्या, लूट, डकैती और अपहरण जैसे जघन्य कांडों में फरार चल रहा था और इस पर कुल छह अस्थाई लाल वारंट पिछले बीस वर्षो से छिपादोहर थाना में लंबित था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है।

### मुखिया ने पीकेआर पब्लिक स्कूल का किया उद्घाटन


स्कूल का उद्घाटन करतीं मुखिया।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित मटलोंग पंचायत में दिन गुरुवार को पीकेआर पब्लिक स्कूल का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर पंचायत की मुखिया माया रानी देवी के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।मौके पर मुखिया माया रानी देवी ने कहा कि बहुत हीं खुशी की बात है कि हमारे पंचायत क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूल खुला है हमारे क्षेत्र के बच्चे इंग्लिश पढ़ने में बहुत ही कमजोर हैं इसलिए यहां पर इंग्लिश मीडियम स्कूल खुलने से बच्चों को पढ़ने में काफी सुविधा प्राप्त होगी। वहीं पीकेआर पब्लिक स्कूल व्यवस्थापक रघुनंदन प्रसाद यादव एवं संचालक हिमांशु रंजन ने कहा कि इस विद्यालय में नर्सरी से 4 क्लास तक इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई होगी और जो विद्यार्थी अनाथ हैं जिनके माता-पिता नहीं हैं हम लोग वैसे विद्यार्थियों को नि:शुल्क पढ़ने की सुविधा देंगे। मौके पर गंगा प्रसाद यादव,मुखिया पति ज्ञान सिंह, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## रामविलास पासवान की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे चिराग पासवान


बैठक में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन गुरुवार को पासवान समाज के साथ बैठक कर वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा पासवान समाज के द्वारा आगामी 7 मई 2023 दिन रविवार को वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल एवं पद्मभूषण स्व रामविलास पासवान के प्रतिमा स्थापना अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पासवान समाज के सभी बुद्धिजीवी,युवा साथी एवं पासवान समाज प्रखंड कमेटी मनिका को पासवान समाज के गढ़वा जिला अध्यक्ष चंदन पासवान ने आमंत्रण दिया। उक्त कार्यक्रम एनएच 75 बहियार कला रमना जिला गढ़वा में आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रतिमा अनावरण कर्ता एवं मुख्य वक्ता के रूप में सांसद जमुई सह राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी स्व रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, समेत कई अन्य शिरकत करेंगे। जिसे लेकर आज वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल अध्यक्ष सुनील पासवान एवं वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति गढ़वा जिला अध्यक्ष चंदन पासवान ने पलामू प्रमंडल के संरक्षक सुरेंद्र पासवान, लातेहार जिला संरक्षक विश्वनाथ पासवान, बबन पासवान, मनिका थाना एएसआई इंद्रजीत पासवान, पासवान समाज प्रखंड कमेटी मनिका अध्यक्ष मिथिलेश पासवान समेत अन्य को आमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आग्रह किया है।

## हिरण के मांस के साथ एक गिरफ्तार, चार फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


गिरफ्तार आरोपी।

➲ **पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में शिकारियों की गतिविधि हुई तेज, शिकार पर अंकुश लगाने में विभाग असफल**

**बेतला।** पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में इन दिनों शिकारियों का गतिविधि तेज हो गया है, लगता है वन विभाग के द्वारा पेट्रोलिंग में लापरवाही बरती जा रही हैं। जिसके कारण शिकारियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है एवं जंगली जानवरों का शिकार खुलेआम होता जा रहा है, गुप्त सूचना के आधार पर पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना के निर्देश पर बेतला रेंजर शंकर पासवान के कुशल नेतृत्व में छिपादोहर रेंज के वनपाल नंद कुमार महतो के द्वारा टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें छिपादोहर निवासी निरंजन सिंह पिता रूपनाथ सिंह के घर से कच्चा व पक्का मांस के साथ गिरफ्तार किया गया है, वही उसके निशानदेही पर खून से सना हुआ टाँगी बरामद किया गया है, इस संबंध में छिपादोहर के वनपाल नंद कुमार महतो ने बताया कि रितेश कुमार पिता सीताराम सिंह,रूपनाथ सिंह पिता स्वर्गीय सीता राम सिंह, राज किशोर सिंह पिता स्वर्गीय सीताराम सिंह,मनु कुमार सिंह पिता छथु सिंह सभी ग्राम छिपादोहर टोला भठी मोहल्ला निवासी फरार चल रहे हैं, उनके गिरफ्तारी के लिए वन विभाग की टीम लगातार छापामारी अभियान चला रही हैं,जल्द ही उन सभी लोगों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

## एक नजर में

### रोलिक आइसक्रीम के दूसरे शॉप का हुआ उद्घाटन



**महुआडांड़।** महुआडांड़ मुख्य बाजार स्थित दुर्गा बाड़ी के सामने की दुकान में हुआ दूसरा रोलिक आइसक्रीम के दुसरे शॉप का उद्घाटन सम्मिलित रूप से फीता काटकर किया गया। रोलिक आइसक्रीम शॉप के ऑनर आजाद बूट हाउस एवं जुगनू के द्वारा बताया गया कि इससे पूर्व में पहला रोलिक आइसक्रीम शॉप दीपाटोली स्थित मेरे आवास के के समीप कुछ दिनों पहले खोला गया था लोगों का काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है बहुत सारे लोग वहां तक नहीं पहुंच पाते थे जिसके लिए हम लोगों ने विचार किया और दूसरा शॉप मुख्य बाजार में दुर्गा बाड़ी के सामने वाले शॉप में खुला गया ताकि लोगों को आसानी से आइसक्रीम मिल सके।

### तेजस्विनी परियोजना के प्रशिक्षण केंद्र गोनिया का डीपीएम ने किया निरीक्षण


निरीक्षण करते डीपीएम।

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत गोनिया पंचायत भवन मे हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया और महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना के तहत चल रहे आर्थिक गतिविधि हेतु क्लब के किशोरी द्वारा सिलाई कटाई और बुनाई का प्रशिक्षण का निरीक्षण डीपीएम श्याम नंदन राय ने किया। तेजस्विनी क्लब के किशोरी लक्ष्मी कुमारी द्वारा 30 कोशोरियो को सिलाई कटाई और बुनाई का तीन माह के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां डीपीएम ने प्रशिक्षण के सम्बन्ध मे जानकारी लेते हुए कई दिशा निर्देश दिया। वहीं क्षेत्र समन्वयक उगेशर प्रजापति के द्वारा बताया गया कि सभी किशोरियों को क्लब में प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि आत्म निर्भर बन सके। किशोरी क्लब में जुड़कर चार मॉडल का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है जिन्हे आर्थिक रूप से मजबूत करने और स्वलबी बनाने मे मददगार साबित होगा। मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपेंद्र कुमार शर्मा, क्लस्टर समन्वयक रामचंद्र उरांव, युवा उत्प्रेरक शांति देवी, संगीता, पुष्पा कुमारी, क्लब के किशोरी, खुशबू कुमारी, बसंती कुमारी, सुनीता, सोनी, आरती, और कई किशोरी मौजूद थे।

### लातेहार पुलिस ने रेस्क्यू कर छह नाबालिग समेत नौ लोगों को कराया मुक्त


जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने रेस्क्यू कर छह नाबालिग समेत कुल 9 लोगों को विभिन्न स्थानों से छुड़ाकर उनके परिजनों को सौंपा है। पूर्व में पुलिस ने तीन नाबालिग समेत कुल छह लोगों को मुक्त कराया था। बाद में अन्य तीन नाबालिग को मुक्त कराया है। एसपी अंजनी अंजन ने जिला पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। एसपी श्री अंजन ने बताया कि गारू थाना क्षेत्र के चोरहा गांव के रहनेवाले सकलदीप घासी ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) थाना में कांड 02/2023 दिनांक-03.02.2023 भादवि की धारा 370 /371/34 एवं 14 बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज कराया था। उसने प्राथमिकी में गांव के एक ठेकेदार समेत चार लोगों पर गांव के तीन व्यस्क एवं छह नाबालिगों को बहला फुसला कर हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर बेच देने का आरोप लगाया था। एसपी ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त इन्द्रजीत सिंह उर्फ सुनिल कुमार (ठेकेदार), कमलेश यादव व अनिता देवी (दोनों कमारु, सतबरवा, जिला-पलामू) एवं संपतिया कुंवर (डबरी, गारू लातेहार) को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर पहले छह लोगों को मुक्त कराया गया। शेष तीन नाबालिगों को कांड के अनुसंधानकर्ता पुअनि कुमार सुमित यादव (थाना प्रभारी, एएचटीयू) के प्रयास से शिमला व अन्य जगहों से बरामद कर वापस लाया गया है। छापामारी में बरवाडीह थाना के पुअनि राहुल कुमार मेहता, आरक्षी श्रीकांत कुमार दुबे व गोलक महतो शामिल थे।

### चेटर स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

चंदवा। सीआईसी सेक्शन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी-चेटर के बीच डाउन लाइन पोल संख्या 196/16-18 के पास ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत हो गयी। स्थानीय लोगो व रेलकर्मियों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक की अगुवाई रेल पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंचकर स्थानीय थाना को इसकी सूचना दी जिसके बाद चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अन्त:परिक्षण के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान लालदेव उरांव (65 वर्ष) पिता दल्लू उरांव (कीता सासंग) के रूप में हुई।

## जेजेएमपी के एरिया कमांडर सत्येंद्र उरांव ने एसपी के समक्ष किया आत्मसर्मण


आत्मसमर्पण के बाद स्वागत करते एसपी अंजनी अंजन।

➲ **नावाडीह के जंगल में जेजेएमपी और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में अन्य उग्रवादियों के साथ था शामिल**

**लातेहार।** जेजेएमपी के एरिया कमांडर सत्येंद्र उरांव उर्फ अभिमन्यु उर्फ मामा ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व सीआरपीएफ के 11 वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी और द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार कनौजिया के समक्ष पुलिस मुख्यालय में सरेंडर किया। पुलिस अधिकारियों ने सत्येंद्र उरांव को बुके व शॉल भेंट किया। मौके पर सत्येंद्र ने कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुर्नवास नीति से प्रेरित होकर उसने सरेंडर किया है।

**कई कांडों में संलिप्तत था सत्येंद्र उरांव :** सत्येंद्र उरांव ने कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसने पुलिस को बताया कि 29 सितंबर 2021 को नावाडीह के जंगल में जेजेएमपी और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में अन्य उग्रवादियों के साथ शामिल था। बता दें कि उक्त मुठभेड़ में झारखंड जगुवार के डिप्टी कमाडेंट राजेश कुमार शहीद हो गये थे। वहीं सत्येंद्र उरांव ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई हरदयाल उरांव भी जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य था। हरदयाल उरांव वर्ष 2019 में पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था। अपने भाई की जानकारी लेने वह जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के पास गया था। इसके बाद वह जेजेएमपी से जुड़ गया।

**सत्येंद्र उरांव के खिलाफ थाने में दो मामले हैं दर्ज:** 27 वर्षीय सत्येंद्र उरांव पिता रामपाल उरांव ईरगू गांव थाना पांकी जिला पलामू का निवासी है। सत्येंद्र उरांव पर लातेहार थाना में कांड संख्या-236/21, 29 सितंबर 2021, धारा 147/148/149/153/307/302/120 बी भादवि 25 (एए)10/16 यूएपीए एक्ट, 27 शस्त्र अधिनियम और 17 सीएलए एक्ट के तहत केस दर्ज है। वहीं मनिका थाना में कांड संख्या संख्या 16/22, 7 फरवरी 2022, भादवि की धारा 147/148/149/307,353 भादवि 27 शस्त्र अधिनियम एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत केस दर्ज है।

## हजरत अनजान शाह दाता के उर्स शरीफ के मौके पर किया गया कव्वाली का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत अनजान शाह दाता उर्स शरीफ के मौके पर कव्वाली का आयोजन किया गया। आयोजन से पूर्व विधि विधान के साथ कव्वाली में शामिल होने पहुंचे जिसके मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य स्टेला नगेसिया, कांग्रेस प्रदेश सचिव आफताब आलम, जेएमएम जिला सचिव शमशुल होदा समेत भाजपा जिला उपाध्यक्ष भानु प्रसाद, हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जयसवाल उर्स कमेटी के मुख्य संरक्षक मोहम्मद इफ्तिखार अहमद सदर जामा मस्जिद महुआडांड़ फहीम खान, शंभू प्रसाद, उप प्रमुख अभय मिंज, डॉ एके शाह, टिंकू आलम, वारिस अंसारी, मजहर खान, अजीत पाल कुजुर, कव्वालन सनम साहिबा एवं कव्वाल अमन अफजल साबरी को माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर और बैच लगाकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि शमशुल होदा, आफताब आलम उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम उर्स कमेटी के सदस्य समेत अन्य लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का आगाज किया गया।

**कार्यक्रम स्थल पर सेड का किया जायेगा निर्माण: रामचन्द्र सिंह**

मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने संबोअधित करते हुए कहा कि खुद के निजी फंड से मेरे द्वारा अनजान शाह दाता के मजार के समीप कार्यक्रम स्थल पर सेड का निर्माण कराया जाएगा। यह घोषणा मैं हजरत अंजाम शाह दाता के मजार पर आकर सारे लोगों के सामने कर रहा हूं ताकि आने वाले वर्षों में इसी सेड में कव्वाली का प्रोग्राम हो सके। वहीं महुआडांड़ पुलिस प्रशासन के द्वारा उर्स शरीफ वह कव्वाली को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया था।


लोगों को संबोधित करते विधायक रामचंद्र सिंह।

### हजरत अंजान शाह दाता के उर्स मुबारक के मौके पर चादरपोशी कर मांगीं दुआएं

महुआडांड़। प्रखंड अंतर्गत पंचायत परहाटोली के ग्राम नगरप्रतापपुर में 26 अप्रैल को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा हजरत अंजान शाह दाता के उर्स मुबारक के मौके पर फातिहा कुरान खानी मिलाद खानी लंगर खाने चादर पोशी आदि की गई। सबसे पहले हजरत अंजान शाह दाता के मजार पर बुधवार सुबह 8 बजे गुस्ल व चादर पोशी के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो जायेगा। 8:30 मदरसे के तलबा और ओलमाओ के द्वारा कुरानखानी एवं 11 बजे मीलाद शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें ओलमाए एकराम के द्वारा हजरत अंजान शाह दाता के जीवनी के बारे में प्रकाश डाला गया। जिसके बाद से उस कमेटी के लोगों के द्वारा लंगर का एहतमाम कर लंगर खानी की गई और अनजान शाह दाता की मजार पर आए लोगों के बीच रात तक लंगर लुटाया गया। वही दूसरी ओर दोपहर 2:00 बजे के बाद महुआडांड़ अंजुमन एवं उर्स कमेटी के लोगों के द्वारा उर्स का चादर घुमाया गया। जो जामा मस्जिद शुरू होकर अंम्बाटोली, गुरगुटोली, मुख्य बाजार थाना चौक शास्त्री चौक बस पड़ाव आजाद मार्केट डीपाटोली, रामपुर समेत पूरे महीना क्षेत्र में चादर को घुमाया गया इस दौरान लोगों ने चादर में सदका डाला चादर को बोसा लिया एवं अपने लिए दुआएं की और मन्नते भी मांगे। जिसके बाद यह अंजुमन का चादर हजरत अनजान शाह दाता के मजार पर पहुंचा जिसके बाद बड़े धूमधाम के साथ चादर चढ़ाया गया। इस दौरान हजरत अनजान शाह दाता के मजार पर हजारों की संख्या में अकीदतमंद उपस्थित हुए।

**उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक, विभागीय योजनाओं की समीक्षा में बोले**

# सामूहिक भागीदारी से धरातल पर उतारें कल्याणकारी योजनाएं

**एजेंसी**

➲ **जिले में लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा 15 मई से 4 जून तक उपलब्ध करायी जायेगी**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व की समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत सभी योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारना संबंधित पदाधिकारियों का कर्तव्य है, किसी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नही किया जाएगा। बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में विभागीय रिक्तियों, छात्रवृत्ति, मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की बकाया राशि भुगतान, प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास, पोटो हो खेल मैदान, पशुधन विकास योजना, पेंशन, राशन, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पोषण वाटिका, भूअर्जन तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुको को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। भू-अर्जन से संबंधित मुआवजा भुगतान के मामले में तेजी लाते हुए कैम्प मोड में कार्य करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को लंबित आवासों को शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने व समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिला में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से लोगों का निशुल्क इलाज 15 मई से शुरू किया जा रहा है। लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को निशुल्क स्वास्थ सुविधा 15 मई से 04 जून तक उपलब्ध कराई जाएगी। लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन लातेहार के स्टेशन पर खड़ी रहेगी। इस ट्रेन के जरिए नेत्र रोगियों का इलाज और ऑपरेशन किया जाएगा, कटे-फटे होठ वाले मरीजों का इलाज किया जाएगा। इसके साथ ही कान रोगियों, दांत के रोगियों का उपचार किया जाएगा। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर कुमार आशीष, डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, सीएस दिनेश कुमार, एसडीओ शेखर कुमार, जिला भी अर्जन पदाधिकारी, डीटीओ, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।




# जीत की पटरी पर लौटा राजस्थान, चेन्नई को 32 रन से दी करारी शिकस्त

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.939 |
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.580 |
| चेन्नई | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.376 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.547 |
| बेंगलुरु | 8 | 4 | 4 | 8 | -0.139 |
| पंजाब | 7 | 4 | 3 | 8 | -0.162 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.027 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.620 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.725 |
| दिल्ली | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.961 |

**पर्पल कैप**



मोहम्मद सिराज
बेंगलुरु
विकेट: 14

**ऑरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 422




एजेंसी

**जयपुर।** आइपीएल 2023 का 37वां मैच राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 27 अप्रैल को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में जीत मेजबान टीम राजस्थान की रही। संजू सैमसन की टीम ने इस सीजन चेन्नई को खेले गए दोनों मुकाबले में मात दी है। 203 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए धोनी की टीम 32 रन से चूक गई और सीजन का तीसरा मैच हार गई।



### राजस्थान की तूफानी बल्लेबाजी का नहीं था चेन्नई के पास कोई जवाब

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जोकि काफी असरदार भी साबित हुआ। आरआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन बना दिए। रॉयल्स को इस बड़े टोटल तक पहुंचाने में यशस्वी जायसवाल (77), ध्रूव जुरेल (34) और देवदत्त पडिक्कल ने अहम भूमिका निभाई। वहीं चेन्नई की तरफ से मथीशा पथिराना 2 विकेट लेकर सूबसे सफल गेंदबाज रहे। हालांकि वह थोड़े महंगे भी साबित हुए। इसके अलावा महीश तीक्षणा और रविंद्र जडेजा को भी 1-1 सफलता मिली।

### स्कोर कार्ड

**राजस्थान : 202/5 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. रहाणे बो. देशपांडे | 77 | 43 | 8/4 |
| जोस बटलर कै. दुबे बो. जडेजा | 27 | 21 | 4/0 |
| सैमसन कै. गायकवाड बो. देशपांडे | 17 | 17 | 1/0 |
| शिमरन हेटमायर बो. थीक्षाना | 08 | 10 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल रन आउट (धोनी) | 34 | 15 | 3/2 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 27 | 13 | 5/0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

अतिरिक्त : 11

विकेट पतन: 1-86, 2-125, 3-132, 4-146, 5-194.

गेंदबाज : आकाश सिंह : 2-0-32-0, तुषार देशपांडे : 4-0-42-2, महीश थीक्षाना : 4-0-24-1, रवींद्र जडेजा : 4-0-32-1, मोईन अली : 2-0-17-0, मथीषा पथिराना : 4-0-48-0.

**चेन्नई :176/6 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गायकवाड कै. पडिक्कल बो. जंपा | 47 | 29 | 5/1 |
| कॉनवे कै. शर्मा बो. जंपा | 08 | 16 | 1/0 |
| रहाणे कै. बटलर बो. अश्विन | 15 | 13 | 0/0 |
| शिवम दुबे कै. बटलर बो. यादव | 52 | 33 | 2/4 |
| रायडू कै. होल्डर बो. अश्विन | 00 | 02 | 0/0 |
| मोईन अली कै. सैमसन बो. जंपा | 23 | 12 | 2/2 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 23 | 15 | 3/0 |

अतिरिक्त :02

विकेट पतन: 1-42, 2-69, 3-73, 4-73, 5-124, 6-170.

गेंदबाज : संदीप शर्मा : 4-0-24-0, कुलदीप यादव : 3-0-18-1, जेसन होल्डर : 4-0-49-0, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-35-2, एडम जंपा : 3-0-22-3, युजवेंद्र चहल : 2-0-21-0.

## कमरे में महिला के साथ हुई अश्लीलता, दिल्ली ने लगायी सख्त पाबंदी

**नयी दिल्ली।** आइपीएल फ्रैंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने एक फ्रैंचाइजी पार्टी में एक खिलाड़ी द्वारा कथित तौर पर एक महिला के साथ अश्लीलता किए जाने के बाद टीम के अपने खिलाड़ियों के लिए कठोर आचार संहिता लागू करने का फैसला किया है। यह घटना सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार, 24 अप्रैल को हुई जीत के बाद फ्रैंचाइजी द्वारा आयोजित पार्टी के दौरान कमरे में हुई। नए नियम के अनुसार खिलाड़ी अब अपने परिचितों को रात 10 बजे के बाद अपने कमरे में नहीं ला सकते हैं और यदि वे अपने मेहमानों का मनोरंजन करना चाहते हैं तो यह टीम होटल के रेस्तरां या कॉफी शॉप में होना चाहिए। खिलाड़ियों को किसी से मिलने के लिए अपने होटल छोड़ने की इच्छा होने पर फ्रैंचाइजी अधिकारियों को सूचित करने की भी आवश्यकता होगी।




## बीसीसीआइ ने महिलाओं के केंद्रीय अनुबंध की घोषणा की

**मुंबई।** बीसीसीआइ ने गुरुवार को 2022-23 सीजन के लिये सीनियर महिला टीम के केंद्रीय वार्षिक अनुबंध की घोषणा की। आगामी सत्र के लिये कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंध सूची में शीर्ष ए-ग्रेड अर्जित किया है। शीर्ष ब्रैकेट में पिछले साल पांच खिलाड़ी थे लेकिन इस बार राजेश्वरी गायकवाड़ को ग्रेड बी और पूनम यादव को केंद्रीय अनुबंध से पूरी तरह से गायब कर दिया गया है।

## भारत को एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन चार पदक





एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गुरुवार को यहां सकारात्मक शुरूआत करते हुए एक स्वर्ण पदक सहित चार पदक जीते। आरती ने सुबह के सत्र में लड़कियों की पांच किमी पैदल चाल में कांस्य पदक के साथ भारत के पदकों का खाता खोला। इसी स्पर्धा में भारत की खुशबू यादव चौथे स्थान पर रहीं। शाम के सत्र में भारतीय एथलीटों ने ट्रैक स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीते। भारत ने लड़कियों की लंबी कूद प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक जीता। भारत ने लड़कों की 1500 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। प्रियांशु ने हमवतन राहुल को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। प्रियांशु ने तीन मिनट 57.37 सेकेंड का समय लिया जबकि राहुल तीन मिनट 59.43 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद स्पर्धा में मुबासिना मोहम्मद ने 5.90 मीटर की कूद के साथ भारत के लिए चौथा पदक जीता। भारत की नेहा यादव लड़कियों की तार गोला फेंक स्पर्धा में 52.91 मीटर के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं। भारत की रेजोआना मलिक 400 मीटर के शुरूआती दौर में सबसे तेज महिला धावक रहीं। उन्होंने 53.65 सेकेंड का समय निकालकर फाइनल में जगह बनाई। लड़कों की 400 मीटर स्पर्धा में नवप्रीत सिंह और शरण मेघावर्णम भी फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

### चोट के कारण वाशिंगटन सुंदर आइपीएल से बाहर

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2023 के आगामी मैचों से बाहर हो गये हैं। सनराइजर्स ने गुरुवार को ट्विटर पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आइपीएल 2023 से बाहर हो गये हैं। हम वाशी के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं।

### प्रणय, सात्विक-चिराग क्वाफा में, श्रीकांत बाहर

**दुबई।** भारत के शीर्ष शटलर एचएस प्रणय ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टरफाइनल में गुरुवार को इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वि को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया, हालांकि श्रीकांत शीर्ष-16 चरण में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये।

### नेशन्स हैंडबॉल में भारतीय लड़के सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली।** बुल्गारिया में खेली जार रही चौथी आइएचएफ इमर्जिंग नेशन्स हैंडबॉल चैंपियनशिप में गुरुवार को भारत की जूनियर पुरुष हैंडबॉल टीम ने अपने दूसरे लीग मैच में माल्टा को एक रोमांचक मुकाबले में 33-31 गोल से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया। चैंपियनशिप में पहली बार कोई एशियाई टीम अंतिम चार में जगह बनाने में कामयाब रही है। भारत की ओर से अमित और मोहित ने आक्रामक अंदाज दिखाया और विरोधी के डिफेंस में लगातार सेंध लगते हुए सर्वाधिक 10-10 गोल दागे। भारतीय टीम मध्यांतर तक 15-14 के मामूली अंतर से आगे थी।

### स्पेशल ओलंपिक खेलों के लिए भारत ने चुने 177 एथलीट

**नोएडा।** जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 17 से 25 जून तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों के लिये भारत ने 177 स्पेशल एथलीटों सहित 380 सदस्यीय दल का चयन किया है। स्पेशल ओलंपिक भारत ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि देश के 23 राज्यों से आने वाले ये एथलीट यहां एमिटी यूनिवर्सिटी में युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित एथलीट राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 15 खेलों के लिये प्रशिक्षण लेंगे।

### ओडिशा एफसी की सीआरपीएफ पर बड़ी जीत

**अहमदाबाद।** ओडिशा एफसी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां इंडियन वूमैस लीग (आइडब्ल्यूएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में सीआरपीएफ एफसी को 6-0 से करारी शिकस्त दी। ओडिशा की टीम ने शुरू से मैच पर दबदबा बनाए रखा और 20वें मिनट में पहला गोल करने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। सीआरपीएफ की टीम किसी भी समय उसके सामने चुनौती पेश नहीं कर पाए। इस बीच ग्रुप बी के मैच में लॉर्ड्स एफए ने शाहीबाग पुलिस स्टेडियम में सेल्टिक क्वींस एफसी पर 4-0 से जीत हासिल की। एक अन्य मैच में ईस्टर्न स्पोर्टिंग यूनियन ने एम मंदाकिनी देवी के गोल की मदद से किकस्टार्ट एफसी को 1-0 से पराजित किया।

### मुक्केबाज कौर सिंह का निधन, पंजाब के सीएम ने जताया शोक

**चंडीगढ़।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज कौर सिंह का कुरूक्षेत्र के एक अस्पताल में गुरुवार कोनिधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने जनवरी 1980 में एक नुमाइशी मैच में महान मुक्केबाज मुहम्मद अली का सामना किया था। उन्होंने दिल्ली में 1982 एशियाई खेलों में हैवीवेट मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीता था। कौर को 1982 में अर्जुन पुरस्कार और 1983 में पद्मश्री से नवाजा गया था।

### लिवरपूल ने वेस्ट हैम को 2-1 से हराया



**लंदन।** प्रीमियर लीग फुटबॉल अंतिम चार में पहुंचने की उसकी राह भले ही दुश्वार हो लेकिन लिवरपूल ने हार नहीं मानी है। जर्गेन क्लोप की टीम ने वेस्ट हैम को 2.1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। जोएल माटिप ने 67वें मिनट में हेडर पर निर्णायक गोल किया। इससे पहले लुकास पाकेटा ने 12वें मिनट में वेस्ट हैम को बढत दिलाई लेकिन कोडी गाकपो ने लिवरपूल के लिये छह मिनट बाद बराबरी का गोल किया। लिवरपूल अब छठे स्थान पर है लेकिन चौथे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर युनाइटेड के उससे छह अंक अधिक है। अब उसे दो ही मैच और खेलने हैं।

### पहलवानों का सड़क पर प्रदर्शन अनुशासनहीनता, भारत की छवि को ठेस : पीटी उषा

**नयी दिल्ली।** प्रदर्शनकारी पहलवानों पर बरसते हुए भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को कहा कि सड़कों पर प्रदर्शन अनुशासनहीनता है और इससे देश की छवि खराब हो रही है। स्टार पहलवान विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित कई पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और पहलवानों को धमकाने के आरोपों के साथ जंतर मंतर पर धरने पर बैठे हैं। आईओए को आरोपों पर अपनी जांच अभी पूरी करनी है जबकि सरकार द्वारा गठित निगरानी पैनल की जांच को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। तीन महीने के लंबे इंतजार से निराश पहलवानों ने 23 अप्रैल से जंतर मंतर पर फिर से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष की गिरफ्तारी को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

## अन्नपूर्णा पर्वत चढ़ने वाले पहले भारतीय पुरुष बने अर्जुन वाजपेयी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के पेशेवर पर्वतारोहक अर्जुन वाजपेयी नेपाल में स्थित दुनिया के 10वें सबसे ऊंचे पहाड़ अन्नपूर्णा पर्वत पर चढ़ने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गये हैं। अर्जुन ने जमीन से 8091 मीटर की ऊंचाई पर चढ़ाई 17 अप्रैल को पूरी की और अब वह 8000 मीटर की ऊंचाई वाले सात पहाड़ चढ़ने वाले पहले भारतीय बन गये हैं। अन्नपूर्णा पर्वत 8,000 मीटर के शिखर वाले 14 पहाड़ों में सबसे खतरनाक माना जाता है। इस वर्ष, अन्नपूर्णा पर्वत सबसे कठिन और खतरनाक पहाड़ों में से एक होने की अपनी प्रतिष्ठा पर खरा उतरा। अर्जुन अन्नपूर्णा को फतह करके कैंप-4 में लौट आये, लेकिन इस सफर में दो भारतीय पर्वतारोही गायब हो गये और आयरलैंड के एक साथी पर्वतारोही की कैंप-4 में मौत हो गयी। अर्जुन को अंततः एक हेलिकॉप्टर की सहायता से मूल कैंप लाया गया। अर्जुन पहले ही माउंट एवरेस्ट, माउंट ल्होत्से, माउंट मकालू, माउंट कंचनजंगा, माउंट मानसलू और चो-ओयू पर चढ़कर कई पर्वतारोहण विश्व रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह अब दुनिया के 8000



मीटर शिखर वाले सभी 14 पहाड़ों को फतह करने वाले पहले भारतीय बनना चाहते हैं। अर्जुन ने अपने सपने के बारे में कहा, 8000 मीटर से ऊपर सभी 14 पहाड़ों पर चढ़ना और भारत का परचम फहराने वाला एकमात्र भारतीय बनना मेरा सपना है। अन्नपूर्णा पर्वत के बाद अभी मेरा ध्यान इस चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है। अर्जुन सबसे कम उम्र में एवरेस्ट पर्वत चढ़ने वालों में से एक होने के नाते पहले ही एक रिकॉर्डधारक हैं। फिट इंडिया चैंपियन की उपाधि से नवाजे जा चुके अर्जुन ने कहा, फिट इंडिया का विजन कुछ ऐसा है जिससे मैं खुद को जोड़ सकता हूं।

### पेज 3 का शेष

#### अब इडी जांचेगी...

गौरतलब हो कि इडी ने जमीन घोटाला मामले को लेकर रांची और जमशेदपुर में छापेमारी की थी। इस दौरान इडी ने जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा के घर से दस लाख रुपये बरामद किया है।

**13 से ईडी कर रही कार्रवाई :** रांची में जमीन घोटाले से जुड़े मामले की जांच इडी 13 अप्रैल से कर रही है। ईडी ने आईएएस छवि रंजन, अंचल अधिकारी मनोज कुमार सहित जमीन के कारोबार से जुड़े 18 लोगों के कुल 21 ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दायरे में झारखंड के 18, बिहार के एक और पश्चिम बंगाल के दो ठिकाने थे।आर्मी जमीन घोटाले से जुड़े मामले में इडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आइएएस छवि रंजन से पूछताछ हो चुकी है और उन्हें एक मई को दोबारा इडी ऑफिस में बुलाया गया है।

**सभी आरोपी पेशी के बाद भेजे गये जेल :** सेना भूमि घोटाले के आरोपियों को ईडी रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद गुरुवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया गया है। मामले में पूर्व में एक आरोपी फैयाज खान को 24 अप्रैल को ही जेल भेज दिया गया था। ईडी ने आरोपियों से 12 दिनों तक अपने कब्जे में लेकर पूछताछ की है। इसमें भूमि घोटाले से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है। उसी के आधार पर आगे करवाई की जा रही है। आरोपियों में बड़गाई सीआई भानु प्रताप प्रसाद, जमीन दलाल प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज खान, तलहा खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल है।

#### नगर निकायों का...

**जनप्रतिनिध कर रहे कार्यकाल बढ़ाने की मांग :** नगर निकायों का कार्यकाल बढ़ाने के लिए मेयर, डिप्टी मेयर और तमाम पार्षद काफी प्रयास कर रहे हैं। रांची की मेयर डॉ आशा लकड़ा ने सरकार और गवर्नर से मिलकर जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। डिप्टी मेयर और पार्षद भी इसके समर्थन में हैं। जन प्रतिनिधियों का कहना है कि कार्यकाल नहीं बढ़ा तो नगर निगम में अफसरशाही हावी होगा। वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों ने कार्यकाल के आखिरी दिन योजनाओं के शिलान्यास की झड़ी लगा दी। अकेले डिप्टी मेयर ने आखिरी दिन नगर निगम क्षेत्र के 85 योजनाओं का शिलान्यास किया।

#### भोलानाथ सिंह बने...

साथ ही उन्हें एशिया महाद्वीप का उभरता हुआ सर्वश्रेष्ठ खेल प्रशासक के लिए सम्मानित भी किया गया था। भोलानाथ सिंह को हॉकी इंडिया के सभी पदाधिकारी, सदस्यों सहित झारखंड के सीईओ रजनीस कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, चंद्यार्णी मजूमदार, अशोक कुमार भगत, धर्मेंद्र सिंह, अरविद कुमार तूफानी, अरविंद सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय, बीर सिंह मुंडा, विजय प्रताप सनातन, सुरजीत झा, संतोष कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर शशि कांत प्रसाद सहित हॉकी झारखंड के सभी सदस्यों और सभी जिला के अध्यक्षों और सचिव ने बधाई दी है।

#### खड़गे बोले- जहरीले...

दरअसल, खड़गे राज्य में पार्टी का चुनाव प्रचार करने के लिए कलबुर्गी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पहले पीएम मोदी को अच्छा इंसान बताया और फिर उनकी भाषा अभद्र होती चली गयी और पीएम मोदी को जहरीले सांप की तरह कह दिया। भारी विवाद के बाद खड़गे ने सफाई में कहा कहा- मोदी एक अच्छे इंसान हैं। मैंने उनके (पीएम मोदी) बारे में यह बात नहीं की।

## खेल-खिलाड़ी हमारे लिए प्राथमिकता, इससे समझौता नहीं : ठाकुर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार के लिए खेल और खिलाड़ी हमेशा प्राथमिकता रहें हैं और उन्होंने ना कभी खिलाड़ियों की सुविधाओं के साथ समझौता किया है और ना कभी करेंगे। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया सहित देश के शीर्ष पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए रविवार को जंतर-मंतर पर धरना फिर शुरू किया। बृजभूषण पर उन्होंने महिला पहलवानों को धमकाने और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये हैं। ठाकुर ने कहा कि उन्हें निगरानी समिति के गठन से पहले विरोध कर रहे पहलवानों से बात की थी और उनकी मांग के अनुसार बबीता



फोगाट को समिति में जगह भी दी गई थी। ठाकुर ने शिमला में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सवालों के जवाब देते हुए कहा, सरकार बहुत स्पष्ट है, मोदी सरकार सदा खिलाड़ियों के साथ खड़ी रही है। हम खिलाड़ियों के साथ खड़े थे, खिलाड़ियों को सुविधाएं दी और उन्हें बढ़ावा देने का काम किया। हमारे लिए खेल और खिलाड़ी प्राथमिकता हैं। उसके लिए हम कहीं पर भी कोई भी समझौता नहीं करते। ना आज तक किया है और ना आगे करेंगे। खिलाड़ियों के विरोध पर खेल मंत्री ने कहा, जहां तक आप कुश्ती की बात करते हैं तो कुछ खिलाड़ी अगर आज जंतर-मंतर पर बैठे हैं, उनसे किसने बात की। मैं हिमाचल प्रदेश का अपना पूरा दौरा रद्द करके 12 घंटे उनके साथ बैठा। सात घंटे एक दिन और साढ़े पांच घंटे अगले दिन। पूरी बातें सुनी। रात को दो-ढाई बजे प्रेस कांफ्रेंस हुई। उनसे पूछ कर समिति बनाई गई। उन्होंने कहा, शिकायत करने वाले समिति नहीं बनाते लेकिन सरकार को बनानी थी तो हमने बनाई। उन्होंने एक और व्यक्ति को शामिल करने को कहा। उन्होंने बबीता फोगाट का नाम दिया। हमने उसे भी शामिल किया क्योंकि हमारे मन में कुछ नहीं है। हम निष्पक्ष जांच चाहते थे। निगरानी समिति बनाई गई। निगरानी समिति के सामने जो भी अपनी बात रखना चाहता था उसे अवसर दिया गया। किसी पर कोई रोक नहीं थी। इनके कारण समय-सीमा भी बढ़ी थी। हमने समय-सीमा बढ़ाने का काम भी किया। ठाकुर ने कहा कि निगरानी समिति की 14 बैठकें हुईं और किसी को भी सुनवाई के लिए आने से कभी नहीं रोका गया। उन्होंने कहा, समिति की 14 बैठकें हुईं। जिस खिलाड़ी ने कहा कि मुझे आना है, वह आए। खिलाड़ी ने अगर किसी का नाम लिया और वह आना भी नहीं चाहता था तो हमने उसे भी आने की अनुमति दी।

### पीटी उषा के बयान पर पहलवान नाराज

**नयी दिल्ली।** प्रदर्शन पर बैठे शीर्ष भारतीय पहलवानों ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के उस बयान पर गुरुवार को हैरानी व्यक्त की जिसमें उन्होंने कहा था कि पहलवानों का दोबारा प्रदर्शन करना 'अनुशासनहीनता' है और 'देश की छवि' खराब कर रहा है। बजरंग पूनिया ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के चौथे दिन संवाददाताओं से कहा, हमें पीटी उषा जी से इसकी उम्मीद नहीं थी। हमें लगा था कि वह एथलीटों के साथ खड़ी होंगी। वह खुद भी एक महिला हैं, इसलिए हमें उम्मीद थी कि वह हमारे साथ खड़ी होंगी। मैं उनके शब्दों से दुखी हुआ हूं। उन्होंने हाल ही में ट्वीट किया था कि कुछ बदमाश उनकी अकादमी की जमीन हड़पना चाह रहे हैं। क्या उस समय देश की छवि खराब नहीं हो रही थी?

# एलएसी के सभी मुद्दों को द्विपक्षीय समझौतों के तहत हल हो



चीन के रक्षा मंत्री के साथ बैठक करते राजनाथ सिंह व अन्य।

## राजनाथ सिंह ने चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू से कहा-सीमा पर अमन-चैन बहाल हो

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू से कहा कि भारत-चीन संबंधों का विकास सीमा पर अमन-चैन की स्थिति पर आधारित है और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सभी मुद्दों का समाधान मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों के अनुरूप निकाला जाना चाहिए। सिंह ने पूर्वी लद्दाख में तीन साल से जारी सीमा विवाद के बीच शांगफू के साथ द्विपक्षीय बैठक में यह बात कही। शांगफू शुक्रवार को भारत की मेजबानी में यहां आयोजित हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे। इसके बाद सिंह के साथ उनकी बैठक हुई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के घटनाक्रम और द्विपक्षीय संबंधों के बारे में खुलकर बातचीत की। उसने कहा कि रक्षा मंत्री सिंह ने स्पष्ट संदेश दिया कि भारत और चीन के बीच संबंधों का विकास सीमाओं पर अमन-चैन की स्थिति पर आधारित है। उन्होंने कहा कि एलएसी पर सभी मुद्दों का समाधान मौजूदा द्विपक्षीय समझौतों और प्रतिबद्धताओं के अनुरूप करने की जरूरत है। सिंह ने इस बात को दोहराया कि मौजूदा समझौतों के उल्लंघन से द्विपक्षीय संबंधों की संपूर्ण बुनियाद को नुकसान पहुंचा है। तीन साल पहले पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध उत्पन्न होने के बाद यह चीन के किसी रक्षा मंत्री की पहली भारत यात्रा है। दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच वार्ता से कुछ दिन पहले भारत और चीन की सेनाओं ने सीमा विवाद को खत्म करने के उद्देश्य से 18वें दौर की सैन्य वार्ता की थी। गत 23 अप्रैल को हुई कोर कमांडर स्तर की वार्ता में दोनों पक्ष संपर्क बनाये रखने और पूर्वी लद्दाख में शेष मुद्दों पर जल्द से जल्द समाधान निकालने पर सहमत हुए थे। विवाद खत्म करने के लिए आगे बढ़ने का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला था। भारत का कहना है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते।

## स्पीड न्यूज

### वाजपेयी की नयी जीवनी 10 मई को होगी जारी



**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जल्द ही आने वाली नयी जीवनी में अनेक प्रचलित मिथकों को तोड़ा जाएगा वहीं कई अज्ञात तथ्यों का खुलासा किया जाएगा। वाजपेयी: द एसेंट ऑफ द हिंदू राइट नाम से पिकाडोर इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक 10 मई को बाजार में आएगी। इसके लेखक अभिषेक चौधरी हैं और यह उनकी लिखी पहली किताब है। प्रकाशक ने कहा कि भारत में आज दक्षिणपंथ के इतिहास को समझने के लिए उनके और संघ परिवार से उनके शुरूआती जुड़ाव को समझना महत्वपूर्ण है। आठ साल तक गहन अनुसंधान के बाद आ रही पुस्तक की प्रामाणिकता भारत, अमेरिका और ब्रिटेन के पहले कभी सामने नहीं आए अनेक पुरातात्विक दस्तावेजों तथा सैकड़ों विस्तृत साक्षात्कारों पर आधारित है।

### कर्ज चुकाने में कोई दिक्कत नहीं :वेदांता

**नयी दिल्ली।** खनन क्षेत्र के प्रमुख कारोबारी अनिल अग्रवाल ने कहा है कि उनके वेदांता समूह के पास अपनी सभी देनदारियों को चुकाने के लिए पर्याप्त नकदी प्रवाह है। उन्होंने कहा कि समूह का लक्ष्य अगले 2-3 साल में शुद्ध शून्य ऋण वाली कंपनी बनना है। अग्रवाल ने कहा कि वेदांता की कर्ज चुकाने की क्षमता पर सवाल बिल्कुल अप्रासंगिक है, क्योंकि समूह अगले साल 30 अरब डॉलर की आय के साथ करीब नौ अरब डॉलर का लाभ अर्जित करेगा।

### चारधाम यात्रा स्थलों पर जियो की 5जी शुरू

**देहरादून।** दूरसंचार सेवाप्रदाता रिलायंस जियो ने उत्तराखंड में स्थित चारधाम यात्रा परिसरों में 5जी सेवाएं शुरू करने की गुरुवार को घोषणा की। रिलायंस जियो ने एक बयान में कहा कि बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के चेयरमैन अजेंद्र अजय ने बदरीनाथ में ट्रू 5जी सेवा की शुरूआत की। बदरीनाथ धाम के कपाट भी खुल गए हैं।

### पाक : ट्रेन में आग लगी, सात की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक एक्सप्रेस यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में आग लग जाने से तीन बच्चों एवं एक महिला समेत कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार रात कराची से लाहौर जा रही कराची-एक्सप्रेस के बिजनेस क्लास डिब्बे में आग से सात लोगों की मौत हो गई।

### भाजपा के साथ गठबंधन जारी है : अन्नाद्रमुक

**नयी दिल्ली/चेन्नई।** अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पाडी के पालानीस्वामी (ईपीएस) ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन जारी है और उसकी तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के अन्नामलाई के साथ कोई मतभेद नहीं हैं।

### सिसोदिया की बेल पर फैसला चार को

**नयी दिल्ली।** दिल्ली आबकारी घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में सीबीआई ने दिल्ली हाई कोर्ट में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आबकारी नीति के लिए उप-राज्यपाल की मंजूरी नहीं ली गई थी। जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा की बेंच ने जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 4 मई की तारीख तय की है।

## खड़गे के जहरीले सांप वाले बयान पर भाजपा का कांग्रेस पर तीखा हमला

# प्रधानमंत्री मोदी को अपशब्द बोलने की होड़ लगी है : राजीव

### विपक्षी दल की सामने आ रही है नफरत : सीतारमण

**कर्नाटक के लोग कांग्रेसी गुंडों को न कभी भूलेंगे और न उन्हें क्षमा करेंगें : चंद्रशेखर**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने बयान को लेकर घिर गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना जहरीले सांप से करने के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस अध्यक्ष से बयान के लिए माफी की मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति विपक्षी दल की नफरत सामने आ रही है। उन्होंने खरगे के इस स्पष्टीकरण को भी खारिज कर दिया कि वह भाजपा की विचारधारा की तुलना जहरीले सांप से कर रहे थे। कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के प्रचार अभियान के तहत गडग जिले के रोन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि गलती मत कीजिए। मोदी जहरीले सांप की तरह हैं। अगर आप कहते हैं कि वह जहरीले नहीं हैं तो छूकर देखिए, पता चल जाएगा। अगर आप छूएंगे तो मर जाएंगे। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि जैसे-जैसे कांग्रेस की हताशा बढ़ रही है, उनका (नेताओं का) झूठ बोलना और प्रधानमंत्री को अपशब्द कहना बढ़ता जा रहा है उन्होंने कहा कि



खड़गे को प्रधानमंत्री मोदी को अपशब्द कहते हुए पकड़े जाने के बाद बेशर्मी से झूठ बोलते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब ऐसी पार्टी है, जहां नीचे से ऊपर तक के नेताओं में प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने और निरर्थक वंशवादी परिवार की प्रशंसा करने की होड़ लगी रहती है। कांग्रेस नेताओं के पिछले बयान का हवाला देते हुए आईटी राज्यमंत्री ने कहा कि अभी हाल ही में कांग्रेस के कुछ नेता हमारे प्रधानमंत्री को मृत देखना चाहते थे तो कुछ नेताओं ने उनका उपहास उड़ाया और अब खड़गे ने उनके लिए अपशब्द कहे हैं। कर्नाटक के लोग कांग्रेसी गुंडों के इस झुंड को न तो कभी भूलेंगे और न ही उन्हें क्षमा करेंगें। (वे) उन्हें वोट (भी) नहीं देंगे, जिनके द्वारा हमारे प्रधानमंत्री के लिए इस तरह अभद्र तरीके से अपशब्द का इस्तेमाल करना सामान्य बात हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि इसके फलस्वरूप प्रधानमंत्री के प्रति लोगों का आदर और प्यार और बढ़ रहा है, क्योंकि वह निरंतर जनता की सेवा करते हैं।



### पैतृक गांव में प्रकाश सिंह बादल का हुआ अंतिम संस्कार

**बादल (पंजाब)। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार गुरुवार को राज्य के मुक्तसर जिले में स्थित उनके पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। पांच बार मुख्यमंत्री रहे दिग्गज अकाली नेता को हजारों गमगीन नागरिकों और नेताओं ने अंतिम विदाई दी। प्रकाश सिंह बादल को उनके बेटे तथा शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने मुखाग्नि दी। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा, राकांपा प्रमुख शरद पवार और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बादल गांव पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री के अंतिम दर्शन किये। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित और मुख्यमंत्री भगवंत मान भी इस दौरान उपस्थित थे। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा, भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख अश्विनी शर्मा, कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग और पंजाब के पूर्व मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी दिवंगत नेता को अंतिम श्रद्धांजलि दी।**

## सेना में कमांड साइबर ऑपरेशंस और सपोर्ट विंग्स जल्द शुरू होगा

**नयी दिल्ली।** सेना ने गुरुवार को कहा कि उसने अपने ऑनलाइन नेटवर्क को आधुनिक बनाने के साथ-साथ उसकी प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों के तहत कमांड साइबर ऑपरेशन और सपोर्ट विंग्स को चालू करने का फैसला किया है। यह निर्णय सेना के कमांडर के पिछले सप्ताह हुए सम्मेलन में लिया गया था। सेना ने गुरुवार को कहा कि आधुनिक संचार प्रणालियों पर बढ़ती निर्भरता पर जोर देने वाली ह्यनेट केंद्रीयताह्ल (जो आधुनिक संचार प्रणालियों पर बढ़ती निर्भरता से संबंधित है) की ओर तेजी से होते झुकाव के बीच, इस मंच ने नेटवर्क की सुरक्षा जरूरत की समीक्षा की और निकट भविष्य में कमांड साइबर ऑपरेशंस एंड सपोर्ट विंग्स (सीसीओएसडब्ल्यू) को संचालित करने का निर्णय लिया। सेना में बड़ी संख्या में प्रौद्योगिकी-सक्षम उपकरण शामिल किए जा रहे हैं, जिनमें स्वार्म ड्रोन, हथियार प्रणाली और ड्रोन रोधी उपकरण हैं।

# नक्सली कर रहे हैं महिलाओं का यौन शोषण

### ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़, कंडोम और गर्भ निरोधक गोलियां बरामद

**शिविर से पर्चे, बैनर, डेटोनेटर और खाने का सामान भी मिला**

एजेंसी

**नबरंगपुर (ओडिशा)।** ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ के बाद पुलिस ने माओवादियों के एक ठिकाने से कंडोम, गर्भ निरोधक गोलियां और गर्भावस्था जांच किट बरामद किये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ के बारे में नबरंगपुर की पुलिस अधीक्षक एस सुश्री ने बताया कि ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे नबरंगपुर जिले के रायघर इलाके में माओवादी विरोधी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुबह लगभग साढ़े नौ बजे उदंती अभ्यारण्य में सैबिन कछार गांव के पूर्व में पुलिस दलों की 20 से 25 माओवादियों के एक समूह से मुठभेड़ हो गई। उन्होंने कहा कि पुलिस दलों को देखते ही माओवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी लगभग आधा घंटे चली। इलाके और घने जंगल का फायदा उठाकर माओवादी शिविर से फरार हो गये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि माओवादियों के ठिकाने से भारी मात्रा में सामान बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि ठिकाने से कंडोम, गर्भ निरोधक गोलियां और



गर्भावस्था जांच किट बरामद की गई। उन्होंने बताया कि दो बंदूक भी बरामद की गईं। उन्होंने बताया कि माओवादियों के शिविर से माओवादी पर्चे के अलावा बैनर, डेटोनेटर और खाने का सामान भी मिला है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि माओवादी शिविरों में महिलाओं का यौन शोषण हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। इस बीच ओडिशा पुलिस ने छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे मल्कानगिरि, कोरापुट और नबरंगपुर जिलों में सतर्कता बढ़ा दी है।

# भागवत हमारी प्रेरणा और ऊर्जा के स्रोत : शिंदे

**महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ सिंध ने नागपुर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का किया उद्घाटन**

नागपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत की गुरुवार को प्रशंसा करते हुए उन्हें अपने और कई अन्य लोगों के लिए प्रेरणा और ऊर्जा का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि भागवत समाज में अच्छा काम करने वाले लोगों का समर्थन करते रहते हैं। शिंदे नागपुर में डॉ. आबाजी थत्ते सेवा और अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर आरएसएस प्रमुख भागवत, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उद्योगपति गौतम अडाणी और अन्य लोग उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि मोहन भागवत जी हमारे और अन्य सभी के लिए प्रेरणा और ऊर्जा के स्रोत हैं। वह हमेशा अच्छे काम करने वाले लोगों का समर्थन करते हैं। इसलिए, देवेंद्र जी (फडणवीस) ने भी कहा कि एनसीआई के निर्माण में संघ एक प्रेरणा के रूप में खड़ा था। जब



आरएसएस और उसके प्रमुख समर्थन देते हैं, तो बड़ी परियोजनाओं का निर्माण संभव हो जाता है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आरएसएस के दिवंगत विचारक डॉ. आबाजी थत्ते की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली और कैंसर सभी के लिए चुनौती हैड्ड उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र में कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। प्रतिवर्ष 1.25 लाख लोगों में कैंसर का निदान किया जाता है, जिनमें से 30 से 40 प्रतिशत लोगों की इस बीमारी के कारण मौत हो जाती है।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कैंसर उपचार प्रदान करना सभी के सामने एक चुनौती है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में काम कर रही है। ठाणे जिले में कोपरी-पचपखड़ी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले शिंदे ने कहा कि ठाणे में जल्द ही एक कैंसर अस्पताल बनेगा। इस मौके पर भागवत ने अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ एनसीआई के निर्माण में प्रयास करने के लिए आरएसएस के स्वयंसेवकों की प्रशंसा की। भागवत ने कहा कि एनसीआई के कर्मचारी मरीजों को स्नेहपूर्ण तरीके से सेवा प्रदान करते हैं। उन्होंने लोगों से समाज की सेवा के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा बुनियादी जरूरतें हैं, और समाज अब जागरूक हो गया है।

## नेपोटिज्म से इंडस्ट्री में आगे नहीं जा सकते : आलिया

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट का कहना है कि नेपोटिज्म (भाईभतीजावाद) के कारण आपको इंडस्ट्री में शुरूआत मिल सकती है लेकिन आप आगे नहीं जा सकते हैं। आलिया भट्ट ने नेपोटिज्म पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। आलिया ने स्वीकार किया कि नेपोटिज्म के कारण उन्हें आसान शुरूआत मिल गई थी। आलिया ने यह कहा केवल नेपोटिज्म के दम पर ही आप इतनी दूर तक नहीं आ सकते है क्योंकि आखिर में दर्शक की पसंद ही मायने रखती है।आलिया भट्ट ने कहा, केवल एक काम जो मैं कर सकती थी कि वो था कि मैं अपने काम को बेहतर करूं, जिससे यह साबित हो जाए कि मैं इस इंडस्ट्री के लिए ही बनीं हूं।हां, इससे मुझे आसान शुरूआत तो मिल गई लेकिन फिर यह आपके हाथ में है कि आप कैसे काम करते हैं। वास्तव में ऑडियंस ही टैलेंट की सबसे अच्छी जज होती है।



### आज रिलीज होगी फिल्म कौन अपना कौन पराया

भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू की फिल्म कौन अपना कौन पराया शुक्रवार को रिलीज होगी। श्री पद्मावती पिक्चर्स के बैनर तले बनीं भोजपुरी पारिवारिक फिल्म कौन अपना कौन पराया 28 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म के निमार्ता जगदीश के अजानी का कहना है कि फिल्म समाज का एक आईना होता है,समाज में जो घटना होती है उसे हम पर्दे पर रूबरू दिखलाने का कोशिश करते आ रहे हैं। निर्देशक अरविंद चौबे ने कहा कि मेरे लिए कल्लू हमेशा से लक्की साबित हुये है। हम दोनो की ट्यूनिंग बड़ी ही गजब है।इस फिल्म में वह डबल किरदार में नजर आने वाले है।फिल्म को हमने पूरी शिद्दत के साथ बनायी है। फिल्म के मुख्य किरदार में अरविंद अकेला कल्लू,रक्षा गुप्ता,मणि भट्टाचार्य, माया यादव एवं अन्य है, लेखक सलिल सुधाकर हैं।

### बंगाल में रामनवमी पर हुई हिंसा की जांच करेगा एनआइए

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के हावड़ा और हुगली जिले के कुछ हिस्सों में रामनवमी के जुलूस के दौरान हुई झड़पों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को सौंप दी है। कलकत्ता हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने राज्य पुलिस को अगले दो सप्ताह के भीतर मामले से संबंधित सभी दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया। झड़पों के बाद, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट की उसी खंडपीठ से संपर्क किया था, जिसमें केंद्रीय एजेंसी की जांच की मांग की गई थी।






# आनंद मोहन रिहा, निकली 'आभार बिहार सरकार' रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**पटना, सहरसा।** बाहुबली नेत आनंद मोहन की रिहाई की खुशी में सहरसा के पंचगछिया में पुत्र चेतन आनंद की अगुआई में आभार बिहार सरकार रैली निकाली गयी। रिहाई की खुशी में सहरसा के पंचगछिया में बिना आनंद मोहन के ही भव्य रोड शो निकाला गया। इस रैली की अगुवाई आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद कर रहे थे। रैली में कई गाड़ियां और स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ा हुआ था। गाड़ियों पर पोस्टर लगा हुआ था 'आभार बिहार सरकार'। चेतन आनंद का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए अपने पिता की रिहाई की बात साझा की और कहा कि मांगलिक कार्यों में सब कुछ शुभ ही शुभ हो रहा है। इसलिए हमलोग नेगेटिव बातों पर कोई चर्चा नहीं करेंगे। उन्होंने ये जरूर कहा कि अन्य मुद्दों पर 3 मई के बाद चर्चा करेंगे कि पिता आनंद मोहन क्या फैसला लेते हैं।

उनके पुत्र राजद विधायक चेतन आनंद ने कहा कि पिता जी की रिहाई हो चुकी है। ये खुशी का पल है। घर में मांगलिक कार्य है इसलिए हम सभी नेगेटिव बातों पर चर्चा नहीं करेंगे। गौरतलब है कि बाहुबली आनंद मोहन की आज सुबह ही सहरसा जेल से रिहाई हुई। जेल से रिहा होते ही उन्होंने अपने समर्थकों को संदेश दिया। इसी क्रम में चेतन आनंद ने सहरसा के पंचगछिया में मां भगवती के मंदिर प्रांगण में पहुंचकर लोगों का आशीर्वाद लिया। आनंद मोहन चुपचाप बिना रोड शो किए ही अपने गांव पहुंचे जहां से सीधे पटना की ओर रवाना हो गए। उनके जाने के बाद जानकारी देते हुए चेतन आनंद ने लोगों को बताया कि उनके पिता आनंद मोहन यहां नहीं पहुंचे वो पटना की ओर रवाना हो गए हैं।आनंद मोहन की रिहाई से समर्थक खुशः आनंद मोहन को गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी कृष्णैया हत्याकांड में दोषी पाया गया था। उन्हें 20 साल की आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। उनकी सजा से परिहार किया गया। 14 साल की सजा काटने के बाद सरकार ने उनकी रिहाई सुनिश्चित कर दी। उनकी रिहाई को लेकर बीजेपी समेत दूसरी पार्टियों ने सवाल भी उठाए। जी कृष्णैया के परिवार ने भी आपत्ति जताई है। वो इस फैसले के खिलाफ कोर्ट का रुख करने की भी बात कर रही हैं। "राज्य सरकार की ओर से मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने भी आनंद मोहन के परिहार को कानून सम्मत करार दिया। उन्होंने कहा कि आनंद मोहन की रिहाई कानून के मुताबिक हुई है। उन्होंने 15 साल से ज्यादा की सजा काटी है। रिहाई के लिए परिहार परिषद की 6 साल में 22 बैठकें आयोजित की गईं थी इनमें 698 कैदियों को छोड़े जाने की सहमति बनी थी। सरकार ने नियमों में संशोधन करके कुछ भी गलत नहीं किया है।

सहरसा के पंचगछिया में सजाया मंच



## कार से जा रहे युवक को किया छलनी
# ताबड़तोड़ मारी 6 गोलियां



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में अपराधी पूरी तरह से बेखौफ होते दिख रहे हैं। ताजा मामला दानापुर का ही जहां के रूपसपुर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े गुरुवार को हत्या की दूसरी घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया। घटना हरदासपुर के पास घटित हुई है जहां फोर व्हीलर से जा रहे राजा बाजार के एक युवक को अपराधियों ने गाड़ी में ही घेर कर एक के बाद एक 6 गोलियां दाग दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक राजा बाजार का रहने वाला है और अशोक कुमार का पुत्र नवनीत कुमार बताया जाता है। अपराधियों ने जिस पिस्टल से हत्या की घटना को अंजाम दिया उस पिस्टल को भी वहीं छोड़कर चले गए एक पिस्टल उस व्यक्ति के पास से भी पुलिस ने बरामद किया है जिसकी हत्या हुई है।

## पहले महिला ग्रामसभा का हो गठन : लाहंती

**दुमका।** एलआईसी क्लोनी स्थित जोहार सभागार में लाहंती संस्थान द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रेस वातार्वार्ता का आयोजन गुरूवार को हुआ। प्रेसवार्ता कर संस्था सचिव बिटिया मुर्मू ने कहा कि आज महिलाओं को आरक्षण मिलने से कई महिलाओं ने चुनाव जीत कर विकास के कार्य में भागीदारी ले रही है। लेकिन जो अधिकार व हक महिलाओं को मिलना चाहिए। वह अब तक नहीं मिल पा रहा है। आज हमारे गांव का स्थानीय निकाय ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए। सीधे तौर पर ग्राम सभा होने पर महिला अपनी समस्याओं को नहीं रख पाती है।

# छात्रों ने ओलचिकी लिपि के समर्थकों का फूंका पुतला
## ओलचिकी अवैज्ञानिक और कॉपी पेस्ट लिपि है, इसे झारखंड में लागू नहीं होने देंगे : स्टूडेंट यूनियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** संताली भाषा के ओलचिकी लिपि समर्थकों का एसपी कॉलेज के सामने रविवार को पुतला दहन किया गया। पुतला दहन संताल परगना स्टूडेंट यूनियन विश्वविद्यालय इकाई के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने किया। इस अवसर पर बाबुधन मुर्मू एवं दिलीप टुडू संयुक्त रूप से कहा कि ओलचिकी अवैज्ञानिक लिपि झारखंड में जबरन थोपा जा रहा है। यह लिपि संताली भाषा के लिए कहीं से भी उचित और सही नहीं प्रतीत होता है। ऐसे लिपि का छात्र संघ जोरदार विरोध करते हैं। अगर राज्य सरकार ओलचिकी लिपि समर्थक के दबाव में आकर ऐसा लिपि थोपना चाहती है। जिसे बैकफूट पर धकेलने का काम छात्र करेंगे। संजय हेंब्रम ने कहा कि ओलचिकी के अंधभक्त लिपि और भाषा में भी अंतर नहीं समझते। भला वो भाषा विज्ञान और ध्वनि विज्ञान से क्या समझ रखेंगे। उन्हें लगता है ओलचिकी का विरोध केवल ईसाई धर्म से संबंधित लोग ही कर सकते हैं। लेकिन ऐसा कहना उन लोगों का मुर्खता का परिचायक है।



पुतला दहन करते स्टूडेंट यूनियन के सदस्य।

बाबुधन मुर्मू ने कहा कि ओलचिकी लिपि के इस्तेमाल से आदिवासी समाज सौ साल पीछे चला जायेगा और कुछ लोग साजिश के तहत ऐसे लिपि थोपने का असफल प्रयास कर रहे हैं। अंथोनी मुर्मू ने कहा कि संताली का इतिहास पुराना है। संताली भाषा को लिपिबद्ध करने का काम शुरू किया है। संताली में पढ़ाई-लिखाई करने का काम शुरू किया है। इसलिए संताली के नाम पर हम किसी से समझौता नहीं करेंगे। केवल और केवल देवनागरी लिपि ही बेहतर है। सचिन कुमार सोरेन ने कहा कि देवनागरी लिपि में सभी प्रकार के पुस्तक उपलब्ध है। व्याकरण से लेकर के समृद्ध साहित्य की पुस्तक भी देवनागरी लिपि में उपलब्ध है। ऐसे में उपर से अवैज्ञानिक लिपि थोपना न्यायसंगत नहीं है। राजेश पौरिया ने कहा कि देवनागरी लिपि संताली के लिए सबसे बेहतर और उपयुक्त लिपि है। इसको संताली के महान साहित्यकार और भाषाविद बाबूलाल मुर्मू आदिवासी ने भी प्रमाणित किया है। ऐसे में हम उनका अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते। संताल परगना स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष एल्बिनस हेम्ब्रम ने कहा कि देवनागरी लिपि के विरोध में ओलचिकी लिपि के समर्थक का कोई लॉजिक और तर्क नहीं है। इसलिए इससे बचने के लिए धर्म की आड़ में खुद को छुपाने का कोशिश कर रहे हैं। लेकिन यहां के पढ़े-लिखे लोग इस चीज को समझ रहे हैं और उनको मुंहतोड़ जवाब देने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि संताली साहित्य का पहचान देवनागरी लिपि से है ना कि ओलचिकी लिपि से। यहां के साहित्यकारों ने अपने खून और पसीना के बल पर देवनागरी लिपि से यहां का संताली साहित्य को खड़ा किया है। इसको एक झटका में गिरते हुए हम नहीं देख सकते। कुछ लोग ओलचिकी लिपि का प्रचार प्रसार अपने राजनीतिक लाभ लेने के लिए कर रहे हैं। इस अवसर पर छात्रा सुरूजमुनी मुर्मू ने कहा कि राज्य सरकार ने एनईपी- 2020 के तहत कक्षा एक से पांचवीं तक का पढ़ाई मातृभाषा से कराने जा रही है। इसके लिए संताली की पुस्तक देवनागरी लिपि में अनुवाद करने का आदेश भी जारी किया था। लेकिन ओलचिकी समर्थक इसे जबरन ओलचिकी लिपि में अनुवाद करने की धमकी और दवाब बना रहे हैं।

एक नजर में

## सिनी संस्था की ओर से साझाकरण को लेकर हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत ढोढली पंचायत भवन में गुरुवार को सिनी संस्था की ओर से कर्मी विमलेंदु पाल की अध्यक्षता में साझाकरण बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रतिरोध समुदाय परियोजना के समुदाय सहायता समूह सम्मिलित योजना और साझाकरण बैठक आयोजित हुई। इस दौरान पंचायत स्तरीय कम्युनिटी सहायता समूह के सदस्यों के द्वारा अपने अपने विचार साझा करते हुए संस्था की ओर से की जाने वाली कार्यों को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत फैसिलिटेटर विमलेंदु पाल ने कहा इस तरह का आयोजन होने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान ढोढली पंचायत के मुखिया गोखुल सोरेन, अंशु सोरेन, तहसील अंसारी, राजेंद्र प्रसाद महतो को शॉल, बैग, रजिस्टर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्मी कौशल कुमार मंडल, संदीप कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## विकास योजनाओं का सदर बीडीओ ने किया निरीक्षण



योजनाओं का निरीक्षण करते बीडीओ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सदर प्रखंड के हरिपुर पंचायत के मजडीहा गांव में मनरेगा की योजनाओं का निरीक्षण बीडीओ राजेश सिन्हा ने किया गया। निरीक्षण के दौरान बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी के लिए ग्रामीण मुनी सोरेन के भूमि का चयन किया गया। चयन के दौरान ही लाभुक मुनी सोरेन को बिरसा सिंचाई कूप योजना का लाभ देने का भी निर्णय लिया गया। लाभुक बाहा मरांडी का जारी डोभा योजना का निरीक्षण किया गया। जहां 15 मनरेगा मजदूर काम कर रहे थे। बगल में ही लाभुक जेटकु सोरेन का जारी सिंचाई कूप योजना का निरीक्षण कर लाभुक जेटकु सोरेन का आम बागवानी योजना का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाभुक जेटकु सोरेन ने बताया गया कि सिंचाई कूप मिल जाने के कारण खेती करना अब आसान हो गया है। काफी जमीन होने के बावजूद भी सिंचाई के अभाव में खेती अच्छे तरीके से नहीं कर पा रहे थे। थोड़ा बहुत फुलकोबी, आलू और सरसो लगाये थे।

लेकिन अब सिंचाई की सुविधा के रूप में सिंचाई कूप मिल जाने से खेती करना अब आसान हो गया है। मनरेगा के तहत एक एकड़ में आम बागवानी लगाये है। जिसमें फल आना शुरू हो गया है और भी जमीन में बागवानी योजना लेंगे। इसके अतिरिक्त हरिपुर पंचायत के भारूडीह गांव में चापाकल मरम्मति कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत की मुखिया प्रेमलता मुर्मू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, दुमका, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत स्वंयसेवक एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जामा में विकास योजनाओं का किया गया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत तपसी पंचायत एवं सिमरा पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं का कार्यों को लेकर गुरुवार को बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड बीडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना पेयजल चापाकल मरम्मती एवं मनरेगा, अंबेडकर आवास, बिरसा आवास एवं अमृत सरोवर योजना से बन रहे कूप सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने आधे अधूरे एवं अपूर्ण योजना को शीघ्र ही पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक अस्तिना सोरेन एवं प्रखंड समन्वयक विकास मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# हर हाल में सरना धर्म कोड लेकर रहेंगे : सालखन मुर्मू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** झारखंड और आदिवासी समाज की बबार्दी के लिए आदिवासी नेता और जनता सर्वाधिक दोषी हैं। क्योंकि आदिवासी अब तक सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गुलामी के शिकार है और उसकी आजादी के लिए आदिवासी नेता, जनता का योगदान नगण्य है। उक्त बातें आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कही। गुरूवार को सालखन मुर्मू चक्रधरपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक गुलामी से आजादी के लिए आदिवासी सेंगेल अभियान ने देश के 7 प्रदेशों झारखंड, बंगाल, बिहार, उड़ीसा, असम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश आदि के लगभग 400 संताल बहुल प्रखंडों में सघन जन जागरण का अभियान चला रहा है। संताल क्रांति दिवस 30 जून 2023 को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में लाखों लोगों की उपस्थिति में विश्व सरना धर्म कोड जनसभा का आयोजन कर सेंगेल, आदिवासी जनक्रांति की घोषणा करेगा।

कहा कि हर हाल में 2023 में सरना धर्म कोड लेकर रहेंगे। मरांग बुरु की रक्षा करेंगे और आबो आग दिशोम, आबोआग राज के सपने को पूरा करेंगे। प्रेस वार्ता में सुमित्रा मुर्मू, सुबेदार बिरूवा, कविराज मुर्मू, तिलका मुर्मू, लक्ष्मी नारायण बोदरा, भागमत मुर्मू, धनश्याम टुडू आदि उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने संस्था के कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**जामा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विकास भवन में गुरुवार को सिनी संस्था के पर्यवेक्षक चेतन्य चांद के नेतृत्व में सिनी संस्था के द्वारा प्रतिरोध समुदाय परियोजना के अंतर्गत समुदाय सहायता समूह के साथ एक बैठक का आयोजन आयोजित हुई।

## पूर्व सांसद फुरकान अंसारी हुए बरी

**दुमका।** आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गोड्डा के पूर्व कांग्रेस सांसद फुरकान अंसारी को न्यायायल ने साक्ष्य के अभाव में बरी का आदेश सुनाया। बरी का आदेश एमपी-एमएलए विशेष अदालत एसडीजेएम जितेंद्र राम के न्यायालय ने सुनाया। मामला लोकसभा चुनाव 2014 का है। जिसमें 25 मार्च 2014 को तत्कालीन बीडीओ, देवघर सुलेमान मुण्डरी ने नगर थाना, देवघर से की थी। सहायक निवार्ची पदाधिकारी के आदेशों का अवहेलना करते हुए पूर्व सांसद पर 24 मार्च 2014 को अनुमति प्राप्त रूट लाईन से अलग धार्मिक स्थल बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर का उपयोग पदयात्रा के लिए करते हुए लोक-लुभावने वादे करने का आरोप लगा।

# आनंदपुर में सड़क निर्माण में लगी जेसीबी मशीन को अज्ञात ने फूंका



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल के आनंदपुर थाना क्षेत्र के तिलिंदरी व रानाबुरु ग्रामसीमा पर खड़ी जेसीबी को बीते रात अज्ञात अपराधियों ने फूंक डाला। जेसीबी तिलिंदरी से रानाबुरु तक 2 l2 किमी सड़क निर्माण कार्य मे लगा था। उक्त सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोसित परियोजना के तहत जमशेदपुर के मेसर्स आरएस कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। उक्त सड़क निर्माण में लगे जेसीबी को बीति बुधवार देर रात करीब 11 बजे अज्ञात 5 -6 लोगों ने मिल कर जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया। जेसीबी जलाए जाने की घटना को लेकर सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेका कंपनी के मुंशी राजकुमार राय ने बताया कि जेसीबी जलाने की घटना की जानकारी उन्हें स्थानीय ग्रामीणों से मिली है। इस घटना को अंजाम देने बीते रात लगभग 11 बजे पांच -छह की संख्या में अज्ञात लोग वहां पहुंचें और जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर निकल गए। मुंशी से किसी प्रकार की लेवी की मांग की बात पूछे जाने पर उन्होंने साफ-साफ इंकार किया। अंजाम देने में किसी नक्सली संगठनों का हाँथ होने का कयास लगाया जा रहा है। जोड़ देखा जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस गुरुवार को दोपहर लगभग एक बजे घटना स्थल पहुची। सड़क निर्माण कार्य मे लगे मुंशी अन्य मजदूर व घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ किया। पुलिस सभी पहलुओं पर गौर कर छानबीन शुरू कर दी है।

## 7 जिलों में शिक्षा भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत 175 लाख रुपये भी विमुक्त

**पटना।** शिक्षा विभाग ने सात जिलों में शिक्षा भवन के निर्माण के लिए 3259 l61 लाख की राशि को स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही इन सभी जिलों में विभाग ने तत्काल 25-25 लाखों रुपए की विमुक्ति किए जाने की स्वीकृति भी दे दी है। विभागीय जानकारी के अनुसार विभाग में अररिया जिले में शिक्षा भवन के निर्माण के लिए 493 l41 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। वही खगड़िया जिले में शिक्षा भवन के निर्माण के लिए 446 l49 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। शिक्षा भवन के निर्माण के लिए राशि निर्गतः इसी प्रकार विभाग ने पूर्णिया जिले में शिक्षा भवन के निर्माण के लिए 435 l22 लाख रुपए, पूर्वी चंपारण जिले के लिए 461 l65 लाख रुपए, शिवहर जिले में निर्माण के लिए 491 l20 लाख रुपए, नवादा जिले के लिए 417 l57 लाख रुपए तथा मधेपुरा जिले में शिक्षा भवन के निर्माण के लिए 514 l7 लाख रुपए की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रदान किया है lराज्य के सात जिलों में शिक्षा भवन का होगा निमार्णः शिक्षा विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला स्तर पर शिक्षा भवन के विभिन्न कार्यालय अलग-अलग भवन या किराए के भवन में संचालित किए जा रहे हैं।

## बगैर परिवहन चलान के चिप्स लदे 5 ओवर लोड वाहन जब्त



जब्त वाहन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** खनिज संपदा गिट्टी, बालू और कोयला के अवैध खनन और परिवहन लगातार जारी है। इसके लिए समय-समय पर जिला प्रशासन जांच अभियान चला कार्रवाई कर वाहनों को जप्त कर कार्रवाई की है। बुधवार को देर शाम एसडीओ कौशल कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम मुफस्सिल थाना के गुहियाजोरी चौक के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान में ओवरलोड़ कुल 5 ट्रक और हाइवा को जप्त किया गया। जो बगैर परिवहन चालान के ओवर लोड स्टोन चिप्स का परिवहन कर रहा था। जप्त सभी वाहनों को मुफस्सिल थाना के हवाले कर दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामले को लेकर एसडीओ कौशल कुमार ने कहा कि अनुसंधान के क्रम में क्रशर संचालक का नाम आने पर उसके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि हर हाल में खनिज संपदा के अवैध खनन और परिवहन को रोका जाएगा। यहां बता दें कि पिछले सप्ताह ही प्रशासन ने फर्जी चालान गिरोह का उद्भेदन करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल हुई थी। जो अपने एजेंट के माध्यम से वाहन चालक को कम कीमत और फर्जी चालान देकर खनिज संपदा को बाहर भेजने के धंधे में संलिप्त था।

# मंत्री मिथिलेश बंशीधर महोत्सव के नाम पर कर रहे हैं गंदी एवं तुष्टिकरण की राजनीति : भानू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा है कि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने राजकीय बंशीधर महोत्सव के नाम पर गंदी एवं तुष्टिकरण की राजनीति कर भगवान श्री कृष्ण को अपमानित करने का काम किया है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। विधायक गुरुवार को शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विधायक श्री शाही ने कहा कि बंशीधर मंदिर आस्था का केंद्र है। भगवान श्री कृष्ण की सोने की विश्व प्रसिद्ध प्रतिमा हमारे क्षेत्र में होना भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र एवं गढ़वा जिले के लिये सौभाग्य की बात है। किंतु मंत्री ने अपने पद एवं पावर का दुरुपयोग करते हुए राजनीतिक तुष्टिकरण के लिये रमजान के कारण बंशीधर महोत्सव को स्थगित कर राजकीय शोक का बहाना बनाकर कुतर्क दे रहे हैं। जबकि राजकीय शोक 6 और 7 अप्रैल को था और महोत्सव 8 और 9 अप्रैल को आयोजित था। विधायक ने कहा कि महोत्सव तो किया जा सकता था। महोत्सव में तो भक्ति का कार्यक्रम होना था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि छल-कपट और तुष्टिकरण के लिये महोत्सव स्थगित कर दिया जाता है। लेकिन मंत्री चीयर गर्ल के साथ भवनाथपुर में मैच का उद्घाटन करते हैं। इसमें उन्हें राजकीय शोक नहीं है। वे भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में आकर गंदी राजनीति करते हैं और विधायक को नीचा दिखाने का काम कर रहे हैं। लेकिन उनका मंसूबा सफल नहीं होगा।



प्रेस कांफ्रेंस करते विधायक।

बल्कि अगले चुनाव में गढ़वा विधानसभा से उनका किला ध्वस्त होगा। भगवान श्रीकृष्ण वहां वंशी बजा देंगे। विधायक ने कहा कि महोत्सव को लेकर मंत्री द्वारा आयोजित बैठक में मंत्री और विधायक को इसकी जानकारी तक नहीं दी गयी। सांसद को महोत्सव के दौरान मंदिर में होने वाले पूजा से भी अलग कर दिया गया। मंत्री ने विधायक और सांसद को अपमानित करने का काम किया है। इसलिये वे भगवान के हो रहे अपमान को देखकर भगवान श्री कृष्ण से क्षमा मांगते हुये इस महोत्सव से खुद को अलग करते हैं। विधायक ने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर के विकास के लिये पहले किसी ने कोई राजनीतिक प्रयास नहीं किया। किंतु 2005 में जब वे विधायक बने तो बंशीधर मंदिर के उत्थान के लिये पहला प्रयास किया। मंत्री बनने के बाद बंशीधर मंदिर एवं सूर्य मंदिर के जीर्णोद्धार एवं बजबजाती सड़क को दुरुस्त कराने का काम किया था। किंतु उसके बाद से किसी ने कोई काम नहीं किया। फिर सांसद बीडी राम ने मंदिर के विकास के लिये काम किया सड़क भी बनवाये। विधायक ने कहा कि इससे पूर्व हुए सभी महोत्सव में पक्ष विपक्ष सभी लोगों को साथ लेकर भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता था। मानो भगवान श्रीकृष्ण हमलोगों के बीच बांसुरी बजा रहे हैं। लेकिन इस बार के राजकीय बंशीधर महोत्सव को लेकर मंत्री ने लोगों में जहर घोलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि सांसद के अनुरोध पर तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मंच से बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की बात कही थी। किंतु इस सरकार ने इसमें भी काफी देर से निर्णय लिया। प्रेस वार्ता में अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चैयरमैन शिवधारी राम, अजामो के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, लवली आनंद, रामदत्त चौबे, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विकास पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, मथुरा राम, राकेश चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, गणेश देव सहित कई लोग मौजूद थे।